हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



एस-400 ने इस तरह से नाकाम किए पाक के मिसाइल हमले

पाक के कराची पोर्ट में नौसेना ने तबाही मचाई

पाक हमास के हथियारों से उसी की शैली में कर रहा हमले...

बुधवार रात व गुरुवार शाम को पाक ने किए सिलसिलेवार ड्रोन व मिसाइल अटैक, जम्मू-अखनूर-सांबा-पठानकोट-जालंधर-उधमपुर व जैसलमेर रहे निशाने पर

भारत के एस 400 व एल 70 एयर डिफेंस सिस्टम ने करीब 100 ड्रोन व मिसाइल मार गिराए, अमेरिका से मिले 2 एफ-16 व 2 जेएफ 17 भी ढेर किए, अखनूर व जैसलमेर में एफ-16 के 2 पायलटों को जिंदा पकड़ लिया गया, अमेरिका भी तमतमाया, उसने एफ-16 इसी शर्त पर दिए थे कि इनका युद्ध में नहीं होगा इस्तेमाल

लाहौर, सियालकोट, कराची, इस्लामाबाद और पेशावर पर भारत का बड़ा हमला, गरजी मिसाइलें, अब इंडियन नेवी भी एक्शन में

पाकिस्तान का 'मिटना' अब तय

- इससे पहले जब इंडियन नेवी युद्ध में उतरी थी तो बांग्लादेश बना था इस बार फिर पाक टूटेगा
- पाक पीएम शहबाज शरीफ के इस्लामाबाद स्थित बंगले के 20 किलोमीटर दूर जोरदार विस्फोट
- कराची बंदरगाह पर आईएनएस विक्रांत ने मचाई जोरदार तबाही पाक के सारे समुद्री इलाकों में धमाके
- पाकिस्तान एयरफोर्स का एडब्ल्यूएसीएस विमान उनके ही पंजाब प्रांत में ध्वस्त कर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह दुनिया का पहला ऐसा उदाहरण है कि जब आतंकियों को बचाने के लिए एक देश दूसरे देश पर हमले कर रहा हो। पाकिस्तान आतंकवाद को जीवित रखने के लिए खुद की बलि देने चढ़ाए दे रहा है। वह दरअसल किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नहीं सांस ले रहा है। वह आईएसआई व हमास के हाथों में खेल रहा है। अमेरिका ने उसे हथियार देने बंद कर दिए तो उसने हमास से हाथ मिला लिया। इजराइल ने हमास का मार-मार कर बुरा हाल कर दिया तो वह दूसरे समर्थक देश में घुस गया। पिछले दिनों आईएसआई व हमास के बीच पीओके में बैठक हुई थी। बुधवार रात व गुरुवार शाम को भारत पर किए गए हमले हमास की शैली में ही हुए। हमास के ही ड्रोन व मिसाइल पाक ने दागे। लेकिन, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने करीब 100 ड्रोन व मिसाइल घंटे भर में ही ढेर कर दिए। पर, इन हमलों के बाद पाकिस्तान का मिटना तय हो गया है। रात 10 बजे भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लाहौर व इस्लामाबाद में बड़ा हमला कर दिया। दोनों जगह पाक के कई सैन्य ठिकाने तबाह कर दिए गए हैं। इंडियन नेवी भी पाक के सबक सिखाने मैदान में आ गई है। यानी, पाक ने आतंकियों के खिलाफ एक्शन को पूरे युद्ध में बदल दिया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा व एलओसी पर जबरदस्त तनाव है।

अरब सागर में भारतीय युद्धपोत से उड़ान भरते लड़ाकू विमान

पाकिस्तान में पूरी तरह से ब्लैक आउट, कई आतंकी सरगना व उच्च सैन्य अधिकारी जान बचाकर विदेश भागे

भारत ने यह उठाए ऐहतियाती कदम

- देश के 27 एयरपोर्ट पूरी तरह से किए बंद
- निशाने पर रहे शहरों के स्कूल-कॉलेज किए गए बंद
- निशाने पर रहे शहरों में पूरी तरह ब्लैकआउट किया
- इन शहरों में सीमित तरह का मोबाइल नेटवर्क दिया गया
- एयर इंडिया व इंडिगो ने एडवाइजरी जारी की, अब 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना होगा, सेकंडरी सिक्योरिटी चेक बढ़ाया गया, एयर मार्शलों की संख्या बढ़ाई गई
- भारत सरकार ने भ्रामक सूचनाएं फैलाने वाले आठ हजार से ज्यादा ट्विटर अकाउंट्स को बंद करने का आदेश दिया

यहां रहा ब्लैकआउट

उधमपुर, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, जैसलमेर, भुज (गुजरात)
पंजाब के अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, पंचकूला, अमृतसर, खन्ना
माता वैष्णो देवी
श्रीनगर का लाल चौक
राजस्थान के सभी सीमावर्ती जिले
गुजरात के सीमावर्ती इलाके

भारतीय सेना का जवाब

फिरोजपुर से पाक की घुसपैठ नाकाम
पंजाब के तीन शहरों में मिसाइल अटैक नाकाम
जैसलमेर में 30 से अधिक हमले नाकाम
जम्मू एयरपोर्ट पर 16 ड्रोन मार गिराए
आर्मी कैंट, पठानकोट एयरबेस के पास दो ड्रोन हमले नाकाम
जम्मू यूनिवर्सिटी के पास 3 हमले नाकाम किए
जालंधर में कई ड्रोन हमले नाकाम

पाक की करतूत

जैसलमेर की तीन सीमा चौकियों पर गोलाबारी
पुंछ, राजौरी, अखनूर में मोर्टार से हमला
राजौरी, कुपवाड़ा, पुंछ में गोलाबारी
जम्मू के आरएसपुरा सेक्टर में गोलाबारी
श्रीनगर हाइवे के पास 3 से 4 ब्लास्ट

बड़े देशों को पाक के हमलों की दी जानकारी

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, इजराइल, इटली के विदेश मंत्रियों से बात कर पाक की करतूत के बारे में बताया। सभी देशों ने कहा कि वे भारत के साथ। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबिया ने कहा कि वे भारत की कार्रवाई के पक्ष में
- जयशंकर ने यूरोपियन यूनियन से भी बात की
- यूएनएससी को भी ब्रीफ किया गया और भारत के एक्शन के बारे में बताया गया
- एनएसए डोभाल ने करीब 12 देशों के एनएसए से बात की और भारत का रुख बताया

गृहमंत्री शाह ने बीएसएस व सीआईएसएफ के डीजी से बात की

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य ने कहा कि यही वक्त है जब भारत को पाकिस्तान के चार टुकड़े कर देने चाहिए

रात में डोभाल पीएम से मिले रक्षा मंत्री से मिले सीडीएस

पाक के इन हमलों का करारा जवाब देने के बीच एनएसए अजित डोभाल पीएम नरेंद्र मोदी से मिले। वहीं, सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इसके बाद सीडीएस ने तीनों सेना प्रमुखों से मुलाकात की। इसके बाद पाक पर भरपूर हमले का सिग्नल दिया गया।

जयशंकर बोले- हम हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री और एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) मार्को रुबियो से बातचीत की। इसे लेकर एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा- शाम को मार्को रुबियो से बात हुई। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत ने पाकिस्तानी सेना के अवाक्स सिस्टम को तबाह किया

भारत ने अपनी जवाबी कार्रवाई में लाहौर में स्थित पाकिस्तान के अवाक्स (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) को तबाह कर दिया है। अवाक्स सिस्टम तबाह होने से अब पाकिस्तानी वायुसेना को नौसेना और पाकिस्तान आर्मी के साथ समन्वय बनाने में परेशानी होगी। भारत की इस कार्रवाई के बाद अब पाकिस्तान एयरफोर्स की क्षमता आधी से भी कम बचेगी। अवाक्स एक एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम है, जो कि एक खास प्रकार का विमान है जिसे लंबी दूरी पर निगरानी करने और दुश्मन की गतिविधि का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पूरा सिस्टम एक विमान में स्थापित किया जाता है और रडार व अन्य सेंसरों के साथ लैस होता है। विशेषज्ञों के अनुसार अवाक्स विमान पर लगा रडार सिस्टम भारतीय हवाई क्षेत्र को स्कैन कर सकता है।

दिल्ली में इंडिया गेट को खाली कराया गया

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसको लेकर इंडिया गेट और इसके आसपास के इलाकों को खाली कराया गया। दिल्ली पुलिस के जवान लोगों को वहां से हटाते नजर आए। यहां अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाई गई है। समर स्मारक में बैग लेकर जाना प्रतिबंधित कर दिया गया। बैग होने की स्थिति में उन्हें लौटा दिया गया। पुलिस ने उन्हें समझाया कि संवेदनशील हालात के चलते यह कदम उठाया गया।

हिरासत में पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर शमशाद मिर्जा हो सकते हैं नए पाकिस्तानी जनरल!

भारत के ताबड़तोड़ हमलों से घबराई पाकिस्तान सेना ने मैदान छोड़ दिया है। कई सेना के अफसर देश छोड़ने की फिराक में एयरपोर्ट पर देखे गए। इससे पाकिस्तान में मचे हड़कंप के साथ खबर आई सेना प्रमुख आसिम मुनीर को हिरासत में ले लिया गया है और उनकी जगह शमशाद मिर्जा को अर्मी चीफ बनाया जाएगा। हालांकि, पाकिस्तान की तरफ से इस तरह की पुष्टि नहीं की गई लेकिन तमाम मीडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बने हालातों के लिए मुनीर को ही जिम्मेदार माना जा रहा है।

बंद होगा आईपीएल...पाक के हमले के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच रद्द

खिलाड़ियों को स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली लाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच धर्मशाला में गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। बारिश के कारण देर से शुरू हुए मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पंजाब किंग्स की पारी में 11वें ओवर की पहली गेंद पर प्रियांश आर्या के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर मैदान पर आए, लेकिन लाइट बंद होने के कारण मैच रुका। इसके बाद खिलाड़ी और मैच ऑफिशियल मैदान से बाहर चले गए। पहले जानकारी सामने आई की फ्लडलाइट्स बंद होने के कारण मैच रोका गया है। थोड़ी देर बाद जानकारी सामने आई कि मैच को सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। जब सुरक्षा कारणों से धर्मशाला का हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम खाली कराया गया तो यह लगभग 80 प्रतिशत तक भरा हुआ था। दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को पठानकोट से विशेष ट्रेन में दिल्ली ले जाया गया।

धर्मशाला के स्टेडियम की फ्लड लाइटें बुझा दी गईं

विदेशी खिलाड़ियों ने जताई चिंता

एचपीसीए के अधिकारी ने बताया कि दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी। उन्हें (दर्शकों और खिलाड़ियों को) बहुत सावधानी से और सुरक्षित तरीके से स्टेडियम से बाहर निकाला गया। मैच रद्द होने के बाद सवाल है कि आईपीएल जारी रहेगा या नहीं। पता चला है कि भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं के बीच बीसीसीआई की बैठक चल रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर अटैक किया था। इसके बाद ही धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच पर संशय के बादल थे क्योंकि धर्मशाला और चंडीगढ़ में एयरपोर्ट बंद कर दिए गए थे। 11 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच को पहले ही अहमदाबाद शिफ्ट किया जा चुका है।

भारत पर हमले की बात मानी

पाक का रक्षा मंत्री है झूठा 2 घंटे बाद स्वीकारा 'सच'

पाकिस्तान ने भारत पर हमले को लेकर 2 घंटे तक झूठ बोलता रहा। अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत पर हमले की बात को स्वीकार कर लिया है। बता दें कि पाकिस्तान ने बुधवार की रात से ही भारत पर हमला करने शुरू कर दिया था।

पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया, लेकिन पहले से सतर्क भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मिसाइल हमलों को नाकाम कर दिया। भारत की सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है।



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

भोपाल, शुक्रवार 9 मई 2025 | वैशाख मास शुक्ल पक्ष-12 | वर्ष : 12, अंक : 38 | पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** | मौसम अधि. 29 न्यू. 22 | haribhoomi.com

OPERATION SINDOOR

जय हिंद - जय भारत

ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से पाकिस्तानी कंटेंट हटाने का आदेश

पाक फिल्में, वेब सीरीज और गानों पर बैन लगाया

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने गुरुवार को सभी ओटीटी (ओवर-द-टॉप) और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स को पाकिस्तान से जुड़ा कंटेंट तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एडवाइजरी में राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी कंटेंट पर बैन लगाया है। ये कार्रवाई आईटी एक्ट 2021 के तहत की गई है। आदेश के बाद पाकिस्तान में बनी सभी वेब सीरीज और फिल्में चाहे सब्सक्रिप्शन-बेस्ड हो या फ्री सभी तरह के कंटेंट हटाए जाएंगे। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद पाकिस्तानी गाने, एल्बम और जिनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान जैसे आर्टिस्ट्स के ट्रैक्स को भी हटाया जाएगा है। पाकिस्तानी मूल के पॉडकास्ट, ऑडियो शो, या कोई भी वॉइस-बेस्ड कंटेंट जो भारतीय प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। उन्हें भी हटाया जाएगा। पाकिस्तानी चैनलों के टीवी शो, डॉक्यूमेंट्री, प्रोग्राम को भी बैन किया गया है जो ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा हो।

एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, ड्राइवरों की छुट्टियां भी निरस्त

सेना की मदद के लिए मप्र ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन देगा साढ़े 7 लाख ट्रक

कारगिल युद्ध के समय भी एक हजार ट्रक तत्कालीन परिस्थितियों में सेना को सौंपे गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की सुरक्षा के प्रति समर्पण भाव दिखाते हुए मध्यप्रदेश ट्रक एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने एक बार फिर राष्ट्रहित में बड़ा कदम उठाया है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि यदि आवश्यकता पड़ी तो उनके पास मौजूद साढ़े 7 लाख ट्रक सेना के परिवहन कार्य के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कारगिल युद्ध के समय भी एक हजार ट्रक तत्कालीन परिस्थितियों में सेना को सौंपे गए थे, और आज स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने अपने ट्रकों को फिर से सेवा के लिए तैयार कर दिया है। उन्होंने अपने ड्राइवरों की छुट्टियां निरस्त करते हुए 24 घंटे के लिए सभी वाहनों को अलर्ट पर रख दिया है। एसोसिएशन के अनुसार, मौजूदा समय में सीमा क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के मद्देनज़र यह जरूरी है कि सेना को रसद, हथियार और जवानों के आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यही सोचकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। पूरे देश के ट्रांसपोर्टर संगठनों से जुड़ी इस पहल को लेकर सेना के अधिकारियों ने भी सराहना की है।

क्या लिखा पत्र में?

हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े

मध्यप्रदेश ट्रक एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि बेटी के सिंदूर की लाज रखने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। साथ ही हमारी भारतीय सेनाओं को सलाम जिन्होंने कंधार से पहलगाम तक के जख्मो का एवं उजड़ी मांगों के सिंदूर का बदला लिया और आतंकवादियों, पाकिस्तान सेनाओं को घर में जाकर मारा यह हमारे लिए गर्व का पल है। एसेसिएशन ने आगे लिखा है कि हमारे ट्रक देश सेवा में ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं के सामान को परिवहन करने के लिए तत्पर हैं एवं उपलब्ध कराना चाहते हैं। हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्यक्ष रूप से ट्रक लेकर खड़े हैं, आप का आदेश सर आंखों पर रखकर हम आपके साथ खड़े हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

रॉबर्ट प्रीवोस्ट रोमन कैथोलिक पोप चुने गए

वेटिकन सिटी। रॉबर्ट प्रीवोस्ट के रूप में दुनिया को नया पोप मिल गया है। रोमन कैथोलिक के इतिहास में पहली बार किसी अमेरिकी कार्डिनल को पोप चुना गया है। रॉबर्ट प्रीवोस्ट को अब पोप लियो 14 के नाम से जाना जाएगा। पोप चुने जाने के बाद पोप लियो 14 ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए शांति की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति आपके साथ हो।

कैश कांडः जस्टिस वर्मा का इस्तीफे से इनकार

नई दिल्ली। सीजेआई संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से कैश मिलने के मामले में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। आरोपों की जांच कर रही समिति की रिपोर्ट संलग्न किया गया है। इस्तीफा देने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का सुझाव दिया था। जिसे खारिज कर दिया।

लैंड फॉर जॉब केस में लालू पर केस चलेगा

नई दिल्ली। लैंड फॉर जॉब मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईडी की ओर से जांचे जा रहे कथित लैंड फॉर जॉब घोटाले में आरजेडी प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ईडी ने पिछले साल आरोप पत्र दाखिल किया था।

मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए वर्चुअली शामिल

कहा: सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता के प्रतीक, ये सकारात्मक बदलाव प्रशंसनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- आयोजक नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की
- नवविवाहित जोड़ों को सफल वैवाहिक जीवन का दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में संपन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब सामूहिक विवाह समाज द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सहजता से अपनाए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि हमारे समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक सागर शैलेंद्र जैन, विधायक बीना श्रीमती निर्मला सप्रे, विधायक बंडा वीरेंद्र लंबरदार, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, वर-वधू और बड़ी संख्या में उनके परिजन भी उपस्थित थे। सम्मेलन के आयोजक नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सबके सहयोग से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में इस सामूहिक सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया है।

सीएम ने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है

इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीय अपील की कि हम सब इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं और समाज में सद्भाव, सहयोग एवं सादगी को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से अब तक लाखों जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है। उन्होंने वर-वधू से कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ें। हमारी सरकार सबके रोजगार और सबके हितों की चिंता कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए हितानंद शर्मा भी उपस्थित थे।

खजुराहो सांसद वीडी शर्मा बोले

बेटियों के हित में पूरी सरकार साथ

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह का जिम्मा अब सरकार ने ले लिया है। बेटियों के हित में पूरी सरकार साथ हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने देश में एक मिसाल पेश की है। यहां धन के अभाव के कारण किसी गरीब परिवार को अपनी बेटी के विवाह के लिए क़र्ज़ नहीं लेना पड़ता। यहां सरकार कन्यादान योजना में अपने खर्च पर बेटियों का विवाह कराती है।

उत्तरकाशी में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

पायलट समेत छह यात्रियों की मौत एक घायल को ऋषिकेश रेफर किया

चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के थे

एजेंसी ▶▶ उत्तराकाशी

जिले में गुरुवार सुबह एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत छह लोगों के मौत हो गई है। एक घायल को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गुरुवार सुबह करीब पौने नौ बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, फायर, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हेलिकॉप्टर एयरोट्रांस कंपनी का था, जिसने सुबह सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट ▶▶शेष पेज 2 पर

प्रदेश में मौसम को लेकर चेतावनी

बता दें, कि उत्तराखंड में इन दिनों चारधाम यात्रा चल रही है। केदारनाथ, बदरीनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। कुछ पैदल यात्रा पर निकले हैं तो कई लोग हेली सेवा से पहुंच रहे हैं। मौसम को लेकर भी मौसम विभाग की ओर चेतावनी जारी की गई है। देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बताए गए हैं। कई इलाकों में बिजली गरजने के साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

प्रदेश के कर्मचारियों को तोहफा

डीए देने का आदेश जारी जून में मिलेगा एरियर

भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। वित्त विभाग ने इस बारे में आदेश भी जारी कर दिया है। अब कर्मचारियों को 55% डीए मिलेगा। इससे कर्मचारियों को आर्थिक रूप से काफी मदद मिलेगी। वे लंबे समय से डीए बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसका फायदा प्रदेश के करीब साढ़े सात लाख सरकारी कर्मियों को मिलेगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कुछ दिन पहले भोपाल में एक कार्यक्रम में डीए बढ़ाने की ▶▶शेष पेज 2 पर

वृंदावन में टल गया बड़ा हादसा

पदयात्रा के दौरान बाल बाल बचे प्रेमानंद महाराज

मथुरा। वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज एक हादसे में बाल-बाल बच गए। प्रेमानंद महाराज जिस रास्ते से गुजर रहे थे, वहां टेंट वालों ने लाइटिंग और सजावट करने के लिए के लिए लोहे का ट्रस लगाया हुआ था। प्रेमानंद महाराज जब उस लोहे के ट्रस के नीचे से गुजर रहे थे, वह ट्रस हिलकर गिरने लगा। इस घटना की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि, प्रेमानंद महाराज को तेजी के साथ सुरक्षित वहां से निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए पहुंची ▶▶शेष पेज 2 पर

शादी से लौटते से समय सड़क हादसा

पूर्व मंत्री दंडोतिया सड़क हादसे का शिकार, दिल्ली किया रेफर

मुरैना। मुरैना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी देर रात को शादी समारोह से लौट रहे पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया की स्कॉर्पियो को सामने से आ रही बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो में सवार पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया सहित उनके पीएसओ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कैलारस थाना पुलिस मंत्री को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जिला पहुंची। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल से दिल्ली के लिए रेफर कर दिया है। ▶▶शेष पेज 2 पर

कल के बाद फिर बढ़ेगी बारिश की रफ्तार, 12 से 15 मई के बीच कई दौर चलेंगे

बादल- बारिश का दौर, प्रदेश में पारा सामान्य से औसतन 8 डिग्री नीचे, इस सप्ताह लू नहीं

आज दो दर्जन जिलों में बादल, बौछारों के बीच तेज हवाओं का रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम में बदलाव जारी है। गुरुवार को भोपाल सहित कुछ जिलों के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा, शेष जिलों में पारा लगातार फिर गिरा। प्रदेशभर ▶▶शेष पेज 2 पर

आज यहां बादल व बारिश

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा जिलों में शुक्रवार तक बारिश और गरज चमक का अनुमान है।

ट्रेन के टॉयलेट में फंदे पर झूलता मिला युवक

सागर में उतारा गया शव, घंटे भर रुकी रही अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस (19413) ट्रेन के टॉयलेट में यात्री का शव मिला है। शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही ट्रेन को दोपहर 2.10 बजे सागर स्टेशन पर रोका गया। जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पहुंची। शव को ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस दौरान करीब 1 घंटे तक ट्रेन रेलवे ▶▶शेष पेज 2 पर

- शर्ट से बनाया था फंदा

मृतक की पहचान करने की कोशिश

ट्रेन में जिस युवक का शव मिला है उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई पहचान पत्र या रेल टिकट भी नहीं मिला है। आसपास के स्टेशनों को मृतक के संबंध में सूचना दी जा रही है, ताकि उसकी पहचान कराई जा सके।

हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी, सरकार को 'सुप्रीम' निर्देश

कॉलेजियम की सिफारिशों को दी जाए तत्काल मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं।

- *सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित*
- *शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई*

इतने अनुमोदन, इतनों को मंजूरी

सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि कॉलेजियम ने 9 नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 330 नामों का अनुमोदन किया था। इसमें से केंद्र ने 170 नामों को मंजूरी दी है। 17 नाम अभी भी सरकार के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसके बाद 11 नवंबर 2024 से पांच मई 2025 के बीच हाईकोर्ट जज के लिए 103 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की गई। इनमें से केवल 51 नामों को मंजूरी दी गई। इनमें से भी 12 नाम केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित हैं। वहीं 9 नवंबर 2022 से पांच मई 2025 तक उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पद के लिए कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया। इसमें से 29 उम्मीदवारों के नाम केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित हैं।

हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

भारतीय सेना ने दिखाया अपना 'पराक्रम'

करांची के आर्मी कैंप में बर्बादी

OPERATION SINDOOR

जय हिंद - जय भारत

करांची से लेकर लाहौर तक धुआं-धुआं

- 54 स्वदेशी ड्रोन ने पाक के 7 शहरों के सैन्य ठिकाने किए बर्बाद, कई शस्त्रागारों को मिट्टी में मिलाया
- लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम किया ढेर, रावलपिंडी के सैन्य मुख्यालय और स्टेडियम को भी उड़ाया

बुधवार आधी रात को पाक ने भारत के 4 राज्यों के 15 शहरों पर किया हमला
भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब, भारत ने पहली बार किया रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल, इसे कहा जाता है 'सुदर्शन चक्र'

'पापी पाक' पर भारत ने छोड़ा 'सुदर्शन चक्र'

भारतीय सेना ने दुनिया में साबित किया कि वह पाक में जहां चाहे वहां घुसकर दुश्मन को मार सकती है

पाक ने इन शहरों को बनाया निशाना

जम्मू-कश्मीर
1.अवंतीपोरा 2. जम्मू 3. श्रीनगर

पंजाब
4. पठानकोट 5. अमृतसर 6. कपूरथला 7. जालंधर 8. लुधियाना 9. आदमपुर 10. बठिंड़ा 11. चंडीगढ़

राजस्थान
12. उत्तरलाई 13. फालौदी 14. नाल

गुजरात
15. भुज

भारत ने पाक के इन शहरों में तबाही बरसाई

1. लाहौर 2. कराची 3. रावलपिंडी 4. गुजरावाला 5. चकवाल 6. मियानो 7. चोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है।

भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। पीआईबी की तरफ से दोपहर 2:34 बजे एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि माहौल को और तनावपूर्ण बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान की हरकतों का माकूल जवाब दिया है।

लगातार दूसरे दिन विदेश मंत्रालय और सेना की ज्वॉइंट प्रेस ब्रीफिंग

मिसरी बोले- पुंछ में गुरुद्वारे को निशाना बनाया आतंकियों के जनाजे में 'पाक' सेना भी शामिल

भारत ने गुरुवार को पाकिस्तान के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस कार्रवाई को लेकर विदेश मंत्रालय ने जानकारी साझा की। विदेश मंत्रालय की लगातार दूसरे दिन विदेश मंत्रालय और सेना की एक ज्वॉइंट प्रेस ब्रीफिंग हुई। इसमें कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि अजीब है कि पाकिस्तान में नागरिकों के अंतिम संस्कार उनके राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे ताबूतों के साथ किए जा रहे हैं और राजकीय सम्मान दिया जा रहा है, जबकि मारे गए लोग आतंकी थे। आतंकियों को राजकीय अंतिम संस्कार देना पाकिस्तान में एक प्रथा हो सकती है, लेकिन यह हमारे लिए बहुत मायने नहीं रखती। कर्नल सोफिया ने बताया कि बुधवार रात को भारत के सीमावर्ती राज्यों के कई ठिकानों को निशाना बनाया। जिसे नाकाम कर दिया।

यह है पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण

अमृतसर में पाक ने मिसाइल दागे

सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। जबकि पाकिस्तान ने सात-आठ मई को उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई ठिकानों पर ड्रोन हमले करने प्रयास किया गया। इसे वायु रक्षा प्रणालियों ने निष्क्रिय किया। यह पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है। इसके जवाब में भारत ने लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय किया। पाकिस्तान ने एलओसी पर गोलीबारी बढ़ा दी है। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान के रडार सिस्टम को हमने निशाना बनाया। लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया गया। पहलगाम हमले का भारतीय सेना ने जवाब दिया है।

पाकिस्तान ने हमेशा आतंकियों का बचाव किया

विक्रम मिस्री ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री ने माना है कि उनका आतंकी संगठनों के साथ कैसा रिश्ता है। उनकी छवि आतंक समर्थक की है। पाकिस्तान पहलगाम हमले की जांच की मांग कर रहा है, हम सभी को पाकिस्तान का इतिहास पता है। हम पहले भी आतंकी हमलों की जांच के सारे सबूत दे चुके हैं। मुंबई, पुलवामा, पठानकोट के हमलों को लेकर भी हमने सबूत दिए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। पाकिस्तान ने हमेशा आतंकियों का बचाव किया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि सात मई को केवल आतंकी शिविरों को ही निशाना बनाया गया। हमने किसी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है। पाकिस्तान ने भारत के पुंछ में सिख गुरुद्वारे पर हमला किया। सिख समुदाय को निशाना बनाया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। हम इसकी निंदा करते हैं। विदेश सचिव ने कहा कि वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में पाकिस्तान की प्रतिष्ठा कई उदाहरणों में निहित है। मुझे यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि ओसामा बिन लादेन कहां पाया गया था और किसने उसे शहीद कहा था। पाकिस्तान बड़ी संख्या में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और कई देशों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों का भी घर है। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

भारत पर हमला करके पाक दुनिया के सामने बेनकाब

- पाक ने भारत पर हमला करके बड़ी गलती कर दी। भारत ने पाक पर हमला नहीं किया। भारत ने आतंकी ठिकाने तबाह किए
- पाक ने भारत पर हमला करके दुनिया को बता दिया कि वह आतंकियों की तरफ से लड़ाई लड़ रहा है और वह आतंकियों का पनाहगार है

सिख समुदाय को भी पाक ने अपना दुश्मन बनाया

इस हमले में पाक की एक मिसाइल का मुंह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तरफ था, जिसे भारतीय सेना ने नष्ट किया। यह पहली बार है कि पाक सेना ने सिख समुदाय को धर्मस्थल की तरफ मिसाइल छोड़ी। भारत ही नहीं, दुनिया का सारा सिख समुदाय पाक की इस करतूत से आहत व नाराज है।

चीन ने पाक को बेचा अपना कबाड़, माल कमाया

- एचक्यू एयर डिफेंस सिस्टम चीन ने पाक को बेचा था। ऐसे कई हथियार व डिफेंस सिस्टम चीन ने उसे बेचे। पर वे चल ही नहीं रहे। पाक ने इधर, जो बाइडेन से पैसा लिया और चीन को दे दिया। पाक के पैसे से बटोरने में शी जिनपिंग किंग साबित हुए।
- पाकिस्तानी सेना को ये डिफेंस सिस्टम बता ही नहीं पा रहे कि भारत की तरफ से मिसाइल या ड्रोन कहां से आ रहे हैं और कहां जा रहे हैं?

भारतीय सेना ने मारे 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकी: राजनाथ

सर्वदलीय बैठक में रिजिजू ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर जारी

दोपहर 12 बजे सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा कि आतंकी ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे। सभी दलों ने सरकार के साथ एकजुटता दिखाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। संसद में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे। इस दौरान विपक्ष के नेताओं को जवाबी कार्रवाई और भविष्य की तैयारियों की जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। सरकार विवरण जमा कर रही है। अगर पाकिस्तान हमला करता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। कांग्रेस पार्टी शनिवार को देशभर में 'जय हिंद यात्रा' निकालेगी।

पाकिस्तान के जन्म लेते ही झूठ शुरू हो गया था

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने तनाव नहीं बढ़ाया है, जवाब दिया है। हर धर्म के लोगों ने पाकिस्तान की निंदा की है। सिंधु जल संधि का भारत ने छह दशकों तक सम्मान किया है। इतने तनाव के बीच हमने धैर्य और सहनशीलता से संधि को बरकरार रखा है। जबकि पाकिस्तान हर समझौते की राह में रोड़ा बनता रहा है। सिंधु जल संधि में पाकिस्तान का कभी सहयोग नहीं रहा। हर हिमाकत का पाकिस्तान खुद जिम्मेदार होगा। पाकिस्तान प्रोपेगेंडा फैला रहा है। पाकिस्तान के जन्म लेते ही झूठ शुरू हो गया था। संयुक्त राष्ट्र से भी पाकिस्तान ने झूठ बोला। बाद में उनको मुंह की खानी पड़ी।

दोपहर में पीएम मोदी को एनएसए डोभाल ने करीब 2 घंटे ब्रीफिंग दी

एनएसए अजित डोभाल गुरुवार दोपहर को पीएम मोदी से मिले। करीब 2 घंटे तक उन्होंने पीएम को ब्रीफिंग दी। इसके बाद गृह सचिव गोविंद मोहन भी पीएम से मिले। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह व विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे।

भारत के पास यह है बड़ा अवसर

अब एलओसी को पीछे धकेल सकता है....

भारत के पास यह स्वर्ण अवसर बन रहा है कि वह अब अब अपनी खोई जमीन हासिल कर सकता है। क्योंकि, उसे समूची विश्व बिरादरी का समर्थन हासिल है। वह एलओसी को पीछे धकेल कर अपनी खोई जमीन वापस ले सकता है।

गुस्सा ऐसा भी...

हैदराबाद की करांची बेकरी के सामने प्रदर्शन

पाक से जुड़े नामों पर भारत में बेहद गुस्सा है। हैदराबाद की करांची बेकरी के सामने लोग जमा हो रहे हैं। वे कह रहे हैं कि नाम बदलो। बेकरी पर हर आदमी तिरंगा झंडा लगाकर जा रहा है। बेकरी के सिंधी मालिक ने तेलंगाना के सीएम से ब्रांड नेम बचाने की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि उसके दादा करांची से आए थे और उन्होंने यह बेकरी शुरु की थी।

क्या है एस-400 मिसाइल सिस्टम?

भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम से निशाना बनाया। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस 400 की रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की उम्मीद है। एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एक रेजीमेंट में आठ लॉन्चर होते हैं। मतलब आठ लॉन्चिंग ट्रक और हर एक ट्रक में चार लॉन्चर होते हैं। हर लॉन्चर से चार मिसाइलें निकलती हैं। मतलब एक रेजीमेंट कभी भी 32 मिसाइलें दाग सकता है। किसी भी क्षेत्र से आने वाले न्यूक्लियर मिसाइल को भी ये हवा में ही नष्ट करने की क्षमता रखता है। इसके जरिए दुश्मनों की सीमा के अंदर भी नजर रखी जा सकती है।

क्या है हार्पी ड्रोन्स ?

भारत ने हार्पी ड्रोन्स की मदद से पाकिस्तानी रडार सिस्टम को निशाना बनाया। हार्पी ड्रोन्स को इजराइल की कंपनी इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित किया गया है। यह उन्नत श्रेणी का लोइटरिंग म्युनिशन सिस्टम है, जो हवा में मंडराते हुए दुश्मन पर नजर रखता है और इशारा मिलते ही उसे तबाह कर देता है। यह ड्रोन 9 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है और एक हजार किलोमीटर तक की रेंज में हमला कर सकता है। इस खासियत की वजह से यह ड्रोन दुश्मन देश में काफी भीतर तक हमला करने में सक्षम है। यह ड्रोन इलेक्ट्रो ऑप्टिकल, इंफ्रारेड और फारवर्ड लुकिंग इंफ्रारेड सेंसर्स से लैस है। इस ड्रोन में निगरानी के लिए सीसीडी कैमरा भी लगा है और यह रडार को चकमा देने में सक्षम है।

पाक पर 'जल प्रहार' भी

भारत ने सलाल और बगलिहार डैम के गेट खोले

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर प्रहार करने की शुरुआत उसका पानी रोककर किया था। इसके तहत चिनाब नदी पर बने सलाल और बगलिहार डैम के सभी गेट बंद कर दिए गए थे। लेकिन, अब भारत ने पाकिस्तान पर दोहरी मार की है। भारत ने दोनों डैम के सभी गेट एक साथ खोल दिए हैं। इससे एक साथ नदी में अधिक पानी जाने से पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन सकते हैं। भारत ने जम्मू-कश्मीर में दो जलविद्युत बांधों - सलार बांध और बगलिहार बांध के कुछ स्लुइस गेट खोल दिए हैं।

हमें भारत से बचा लो... संसद में फूट फूटकर रोया पाकिस्तानी सांसद



पाकिस्तान की संसद में वहां के सांसद फूट-फूटकर रो रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें भारत के प्रकोप से बचा लो। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली का है। वीडियो में दिख रहे शख्स का नाम ताहिर इकबाल है। ताहिर इकबाल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन के सांसद हैं। वह पाकिस्तानी आर्मी में मेजर भी रह चुके हैं।

अमेरिकी दूतावास ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा

लाहौर और उसके आस-पास ड्रोन विस्फोटों, संभावित हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों के कारण लाहौर में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने सभी कर्मचारियों और पाक में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का निर्देश दिया है।

पीएम मोदी ने कई विभागों के सचिवों के साथ की हाई लेवल बैठक

नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता जाहिर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान के बढ़ते तनाव को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय तैयारियों के मद्देनजर कई मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक हाई लेवल की बैठक की। ▶▶ शेष पेज 2 पर

पीएम मोदी ने सचिवों को दिए दिशा निर्देश

प्रधानमंत्री ने विभागों के सचिवों को अपने-अपने मंत्रालय के संचालन की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक प्रणालियों के पूर्ण-सुरक्षित कामकाज को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जिसमें तत्परता, आपातकालीन प्रतिक्रिया और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सभी मंत्रालयों ने संघर्ष के संबंध में अपनी कार्रवाई और प्रक्रियाओं को मजबूत करने को लेकर जानकारी दी। बताया कि मंत्रालय सभी प्रकार की उभरती स्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई. इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों से निपटने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।

संस्थाओं के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाने की सलाह

मंत्रालयों को राज्य प्राधिकरणों और जमीनी स्तर की संस्थाओं के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण, बिजली, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल हुए।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 मई 2025

मॉकड्रिल में कई जगहों पर नहीं पहुंची थी सायरन की आवाज, मॉकड्रिल के बाद रखी रिव्यू बैठक, कमियां होंगी दूर

पूरे शहर को सुनाई दे आवाज, इसलिए सायरन की बढ़ेगी तादाद, एक साथ चार सौ जगहों पर लगाए जाएंगे सायरन

मुकम्मल इंतजामों के साथ तैयार हैं हम...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

हवाई हमलों में आम लोगों की सुरक्षा के लिए बुधवार को पांच जगहों पर मॉकड्रिल कर आम लोगों को जागरुक किया गया है। जिसमें वॉलेंटियर्स की मदद से हवाई हमले में लोगों की सुरक्षा और इलाज मुहैया कराने की प्रेक्टिस की गई। इसके साथ रात में ब्लैक आउट भी किया गया, जिसके लिए स्मार्ट सिटी के निगरानी वाले चौराहों पर सायरन बजाए गए, लेकिन कई कॉलोनियों में सायरन की आवाज नहीं आई। जिसको देखते हुए नई जगहों पर भी सायरन लगाए जाएंगे। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिला प्रशासन, पुलिस सहित अन्य विभागों के अफसरों ने मॉकड्रिल का रिव्यू किया।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि गुरुवार को मॉकड्रिल के तहत रात साढ़े सात बजे ब्लैक आउट किया गया था। जिसके तहत आम लोगों ने खुद ही अपनी लाइटों को बंद कर मॉकड्रिल में सहयोग किया। जिन जगहों पर सायरन की आवाज नहीं पहुंची, वहां भी लोगों ने टाइम देखकर लाइटों को बंद कर दिया था। ऐसे में नई जगहों पर सायरन लगाने की जरूरत सामने आई है, जिसको देखते हुए नई जगहों पर सायरन लगाए जाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट रहीं ऑन

बुधवार को मॉकड्रिल के दौरान शहर के कई इलाकों में स्ट्रीट लाइट बंद नहीं की गई थी। जिसको लेकर नगर निगम के अफसरों को हिदायत दी गई है कि इसको लेकर सतर्कता बरती जाए। इन जगहों को भी चिन्हित किया जा रहा है। इसके साथ जिन इलाकों में लोगों ने लाइटें बंद नहीं की थीं, उन्हें भी समझाइश दी जा रही है।

चार सौ जगहों पर सायरन की जरूरत

बैठक में बताया गया कि शहर में चार सौ नई जगहों पर सायरन लगाने की जरूरत है, जिससे लोग आवाज सुनकर सतर्क हो सकें। सायरन की आवाज ऊंची-नीची होने पर सुरक्षा मोड में आना चाहिए। ऐसे में लोगों को पहले से जानकारी होना चाहिए। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित अन्य विभागों को जागरुकता फैलाने की हिदायत दी गई।

आपदा की टीम से जुड़ेंगे वॉलेंटियर्स

युद्ध के दौरान होने वाले हवाई हमलों में आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए आपदा प्रबंधन टीम को वॉलेंटियर्स की भी जरूरत पड़ेगी। ऐसे में वॉलेंटियर्स को भी टीम में शामिल किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी की जा रही है। वॉलेंटियर्स को किस तरह आपदा के दौरान शामिल किया जाएगा। इसको लेकर प्रपोजल तैयार किया जा रहा है।

बीयू से मरीज लेकर एयर एंबुलेंस ने भरी उड़ान

ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्स से तीन से चार मिनट में बीयू हेलीपैड पहुंच जाएगा मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

इमरजेंसी में मरीज के लिए हर सेकेंड कीमती होता है और अगर सही समय पर इलाज मिल जाए तो मरीज की जिंदगी बचाई जा सकती है। गुरुवार को इसी सोच के साथ राजधानी में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा को और अधिक कुशल बनाने के लिए विशेष मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

एम्स भोपाल से मरीजों को रेफर कर या दूसरे जिलों से लाकर इलाज के लिए यहां लाया जाता है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का हेलीपैड एम्स से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसे ग्रीन कॉरिडोर के जरिए तीन से चार मिनट में पार किया जा सकता है। ऐसे में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर एम्स या अन्य उच्चस्तरीय केंद्रों तक पहुंचाना अब और भी आसान हो जाएगा।

इस मॉकड्रिल में डमी मरीज को बीयू परिसर में बने हेलीपैड से एयर लिफ्ट किया गया। इससे पहले एयर एंबुलेंस राजाभोज विमानतल से उड़कर बीयूपहुंची और वहां सुरक्षित लैंडिंग की गई। इसका उद्देश्य यह था कि आपात स्थिति में एम्स जैसे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल से नजदीकी हेलीपैड से मरीज को उड़ान के लिए कैसे तैयार किया जाए और समय की बर्बादी के बिना उसे उन्नत उपचार केंद्र तक कैसे पहुंचाया जाए।

दुर्घटनाओं में जीवनरक्षक बनी पीएम श्री एयर एंबुलेंस

पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। यह सेवा राज्य के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में भी तत्काल पहुंचकर गंभीर मरीजों को प्राथमिक स्थिरता प्रदान कर उन्हें इलाज के लिए एयर लिफ्ट करने का काम करती है। सड़क दुर्घटनाओं, औद्योगिक हादसों और प्राकृतिक आपदाओं में यह सेवा अब तक कई जानें बचा चुकी है।

यह था उद्देश्य...

इस मॉकड्रिल का उद्देश्य यह रिहर्सल करना था कि वास्तविक परिस्थितियों में समय कैसे बचाया जा सकता है। मरीज को सुरक्षित, तेज और व्यवस्थित ढंग से इलाज के लिए कैसे भेजा जा सकता है। भविष्य में इसी तरह की और मॉकड्रिल की योजना है, जिससे पूरे सिस्टम को और मजबूत बनाया जा सके। पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का मूल उद्देश्य ही कठिन परिस्थितियों में भी तेजी से पहुंचकर जीवन बचाना है।

डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ

रोजाना यहां से आना-जाना करते हैं करीब 30 से 40 हजार यात्री

भोपाल रेलवे स्टेशन पर आग लगी तो तुरंत बुझा दी जाएगी

भोपाल रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग है आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम से लैस | आगजनी से बचने यहां समय-समय पर की जाती है मॉकड्रिल

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच भोपाल रेलवे स्टेशन पर आग से बचाव को लेकर अच्छे इंतजाम हैं। भोपाल रेलवे स्टेशन देश के ए-1 श्रेणी में शामिल हैं। यहां रोजाना करीब 30 से 40 हजार यात्री आना-जाना करते हैं। यहां आगजनी की घटनाओं को लेकर रेलवे की ओर से पुख्ता व्यवस्था है। भोपाल स्टेशन की नई बिल्डिंग में रेलवे ने आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम लगाए हुए हैं। वहीं पुरानी बिल्डिंग में फायर फाइटर यंत्र हुए हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम हैं। भोपाल स्टेशन पर जहां वाटर हाइड्रेंट सिस्टम है तो वहीं ट्रेनों में पानी भरने को लेकर लाइन डाली है। इसके अलावा आगजनी की घटना पर काबू पाने के लिए समय समय पर रेलवे मॉक ड्रिल की जाती है।

आरकेएमपी पर लगे स्प्रिंकलर जो धुआं उठने पर हो जाते हैं सक्रिय

इधर, रानी कमलापति स्टेशन पर आग बुझाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं,। इसमें जहां यहां पर स्प्रिंकलर सिस्टम, जो नो-स्मोकिंग जोन में धुआं उठने पर तुरंत सक्रिय हो जाते हैं। इसके बाद पानी से आग पर काबू पाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, स्टेशन पर स्पेस अधिक है। इससे आसानी से करीब 5-10 मिनट में भीड़ को बाहर निकाला जा सकता है। इसके अलावा, अग्निशामक यंत्र, पाइप और अन्य आवश्यक उपकरण भी मौजूद हैं। कुल मिलाकर, रानी कमलापति स्टेशन पर आग से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

नादरा, आईएसबीटी, हलालपुरा व पुतलीघर बस स्टैंड पर भी मुस्तैद

राजधानी भोपाल के नादरा बस स्टैंड, आईएसबीटी, हलालपुरा व पुतलीघर बस स्टैंड पर आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम हैं। हालांकि यहां पर पर्याप्त स्पेस भी नहीं है। इसके चलते आग लगाने पर कभी कोई हादसा हो सकता है। नादरा बस स्टैंड से रोजाना करीब 5 हजार से अधिक यात्री सागर, बीना, विदिशा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, आदि शहरों के लिए जाते हैं। वहीं, आईएसबीटी से रोजाना करीब 6 हजार यात्री होशंगाबाद, इटारसी, बैतूल आदि जैसे शहरों के लिए निकलते हैं, इसके अलावा अन्य राज्यों जैसे राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश आदि के लिए भी बसें यहां से रवाना होती हैं। इसी तरह हलालपुरा बस स्टैंड से रोजना करीब 3 हजार यात्री रोजाना इंदौर, राजगढ़ व महाराष्ट्र आदि जगहों के लिए सफर करते हैं।

आग बुझाने के उपकरणों की उपलब्धता

बस स्टैंड पर आग बुझाने के लिए दमकल को आने-जाने का रास्ता तय किया जाना चाहिए, वहीं आग बुझाने वाले यंत्र, पानी पाइप और अन्य सुरक्षा किए जाने की जरूरत है।

स्कूल-कॉलेजों में बढ़ी व्यवस्थाएं, बच्चों-शिक्षकों को किया जा रहा जागरूक

संस्कार भारती विद्यापीठ, कटारा हिल्स

राजधानी के कटारा हिल्स क्षेत्र में स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ में करीब 1400 विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहां हर मंजिल पर फायर सेफ्टी सिस्टम की व्यवस्था की गई है। इन्हे ऐसी जगहों पर लगाया गया है, जहां बच्चे, शिक्षक आसानी से किसी स्थिति के दौरान इनका उपयोग कर सकें। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, बच्चों और शिक्षकों को समय-समय पर इसके उपयोग और बचाव के तरीकों को लेकर भी जागरूक किया जाता है।

सभी इंतजाम किए गए हैं

हमारे स्कूल में लगभग 1400 छात्र-छात्राएं हैं, ऐसे में बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिहाज से अग्नि सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही बच्चों और शिक्षकों को समय-समय पर इनके बारे में बताया भी जाता है, ताकि वह इनका उपयोग कर सकें।

शांतनु शर्मा, सचिव
संस्कार भारती विद्यापीठ, कटारा हिल्स

सांदीपनि विद्यालय, बरखेड़ी

राजधानी भोपाल के बरखेड़ी इलाके में सीएम राइज (सांदीपनि) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करीब 1200 बच्चें पढ़ते हैं। इसके अलावा यहां लगभग 60 लोगों का स्टाफ है। स्कूल में 9 स्थानों पर फायर सेफ्टी सिस्टम लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य व्यवस्थाएं भी की गई हैं। विद्यार्थियों को मॉकड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षित भी किया गया है।

सभी व्यवस्थाएं मौजूद

समय-समय पर प्रशिक्षित भी किया जाता है सीएम राइज (सांदीपनि) स्कूल में शासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। हमारे स्कूल में 9 स्थानों पर फायर सेफ्टी सिस्टम लगाए गए हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों और शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षित भी किया जाता है।

केडी श्रीवास्तव, प्राचार्य
सीएम राइज स्कूल शासकीय उमा विद्यालय, बरखेड़ी

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट, उमा विद्यालय, शिवाजी नगर

राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट, उमा विद्यालय में करीब 1800 विद्यार्थी पढ़ते हैं और यहां शिक्षक एवं अन्य स्टाफ करीब 50 लोगों का हैं। यहां करीब 8 से 10 स्थानों पर फायर सेफ्टी सिस्टम लगाए गए हैं। इसके अलावा छात्रावासों में भी अग्नि सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। कुछ शिक्षकों व बच्चों को इसकी बकायदा प्रशिक्षण भी दिलाया गया है।

व्यवस्थाओं में और भी इजाफा होगा

हमारे स्कूल में अग्नि सुरक्षा से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं विद्यार्थियों के हित में बेहतर की गई हैं। समय-समय पर आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल भी कराई जाती है। आगामी समय में इन व्यवस्थाओं में और भी इजाफा होगा।

सुधाकर पाराशर, प्राचार्य शासकीय सुभाष उत्कृष्ट, उमा विद्यालय, शिवाजी नगर

कलेक्टोरेट, रिकॉर्ड रूम में आग से बचाव के इंतजाम ठीक-ठाक

भोपाल। जिला कलेक्टोरेट और पास स्थित रिकार्ड रूम में गर्मी के दिनों में आगजनी की घटना होने पर उसके बचाव को लेकर ठीक-ठाक इंतजाम हैं। सरकारी विभागों में जाकर आग से सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया तो पाया कि इनमें आग से बचाव के लिए और सुधार की जरूरत है। कई अहम विभागों में आग बुझाने के कोई उपकरण पर्याप्त नहीं हैं यदि वहां आग लगी तो किसी न किसी तरह बुझा ही ली जाएगी।

कलेक्टर के मुख्य शटर के अंदर दो फायर एक्सटिंगुशर लगे हैं। इसके साथ ऊपरी हिस्से में भी फायर एक्सटिंगुशर लगाए गए हैं। जबकि सभाकक्ष में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजामों की जरूरत है। दरअसल, यहां मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान खचाखच भरा रहता है, जबकि बैठकों के दौरान भी यहां अधिकारी और कर्मचारियों की तादाद अधिक रहती है।

सभाकक्ष में अभी इंतजामों की जरूरत

हर जगह रिकॉर्ड का ढेर

कलेक्टोरेट की बिल्डिंग के पास ही रिकार्ड रूम है, जहां जमीनों के खसरों का मूल रिकार्ड रहता है। इसके साथ तहसील, एडीएम और कलेक्टर कोर्ट में होने वाले आदेश और उनके मूल दस्तावेज भी रिकार्ड में जमा रहते हैं। ऐसे में यहां आग से बचाव के ज्यादा इंतजाम होना चाहिए। लेकिन यहां भी आग से बचाव के इंतजाम नहीं किए गए हैं।

रोजाना आ रहे हजारों लोग

कलेक्टोरेट में रोजाना हजारों लोगों की भीड़ आती है, जहां पूरी बिल्डिंग में 8 फायर एक्सटिंग्युशर लगाए गए हैं। यहां बाहर पानी की टंकी भी रखी है।

पीएचक्यू में 9 फायरमैन 24 घंटे रहते हैं तैनात

पीएचक्यू में फायर सेफ्टी का फुलप्रूफ सिस्टम

पूरे परिसर में 19 फायर अलार्म अलग-अलग जगह लगे

- *6 मंजिला मुख्यालय के हर फ्लोर पर लगे हैं हाइड्रेंट फायर सिस्टम, फायर अलार्म और फायर एक्सटिंग्विशर*
- *चंद मिनटों में आग लगने की स्थिति में पाया जा सकता है काबू*
- *पीएचक्यू में कुल 24 हाइड्रेंट सिस्टम और 100 से अधिक फायर एक्सटिंग्विशर लगाए गए हैं*

मध्यप्रदेश के पुलिस हैडक्वार्टर (पीएचक्यू) में फायर सेफ्टी के जो पुख्ता इंतजाम है वह प्रदेश में शायद ही किसी सरकारी इमारत में हों। यहां पर किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना पर तत्काल काबू पाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि 9 फायर मेन 24 घंटे परिसर के अंदर और बाहर तैनात रहते हैं जो किसी भी प्रकार की आगजनी को नियंत्रित करने के लिए सक्षम हैं। समय-समय पर उनको भी ट्रेनिंग दी जा रही है। पुलिस मुख्यालय में ग्राउंड फ्लोर सहित टॉप तक कुल 6 फ्लोर हैं। हर फ्लोर में हाइड्रेंट फायर सिस्टम, फायर अलार्म और फायर एक्सटिंग्विशर लगाए गए हैं। अंदर और बाहर फायरमेन की तैनाती रहती है। किसी प्रकार की आपात स्थिति में लोगों को निकालने के लिए इमरजेंसी विंडो भी है। देखा जाय तो पीएचक्यू में कुल 24 हाइड्रेंट सिस्टम और 100 से अधिक फायर एक्सटिंग्विशर लगाए गए हैं। इसके अलावा पूरे परिसर में 19 फायर अलार्म अलग-अलग जगह स्थित हैं। आगजनी से संबंधित किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए फुलप्रूफ सिस्टम लगाया गया है। परिसर में भी चारों तरफ फायर हाइड्रेंट सिस्टम लगाए गए है जो पाइप नेटवर्क के जरिए कनेक्ट है। फायर सेफ्टी से जुड़े अमले का कहना है कि समय समय पर इन फायर सिस्टम से जुड़े सभी अग्निशामक उपकरणों की टेस्टिंग भी की जा रही है।





ALLEN

ALLEN NEET (UG) 2024 Results validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

एक साल, एक लक्ष्य, NEET में जीत

PRE-MEDICAL
13 AIR 1 In last 15 years in pre-medical entrance

AIIMS (MBBS)
660
ALLENites out of 2207 in AIIMS (2024)

GMCs (MBBS)
10450+
ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)

NEET (UG) 2024: ALLEN के साथ, पूरा हुआ Govt. Medical College का सपना

Harsh Dhakad
2-year classroom
2 month crash course
AIIMS, Bhopal
Raisen, M.P.

Sujeet Gour
3-year classroom
AIIMS, Rishikesh
Bhopal, M.P.

Shubh Rai
1-year classroom
AIIMS, Deoghar
Panna, M.P.

Tanishq Singhai
3-year classroom
GMC, Bhopal
Bhopal, M.P.

Chaitanya Soni
2-year classroom
GMC, Bhopal
Bhopal, M.P.

Sneha Shrivastava
3-year classroom
GMC, Bhopal
Vidisha, M.P.

Kritika Mathur
3-year classroom
GMC, Gwalior
Salaiya, M.P.

Satwik Sinha
2-year classroom
GMC, Jabalpur
Bhopal, M.P.

Tanishk Kumar
2-year classroom
AIIMS, Raebareli
Chhatarpur, M.P.

Aryan Chugh
3-year classroom
GMC, Vidisha
Bhopal, M.P.

Zayan Ahmed
1-year classroom
GMC, Vidisha
Bhopal, M.P.

Akshay Tomar
3-year classroom
GMC, Vidisha
Bhopal, M.P.

Shrenika Mandlik
2-year classroom
GMC, Ratlam
Bhopal, M.P.

Ramji Rajput
2-year classroom
GMC, Datia
Narsinghpur, M.P.

Gopal Gupta
2-year classroom
GMC, Ratlam
Bhopal, M.P.

Dhwani Vijayvargiya
3-year classroom
GMC, Datia
Bhopal, M.P.

Rudransh Barmase
3-year classroom
GMC, Shahdol
Bhopal, M.P.

Manjari Gupta
2-year classroom
GMC, Satna
Raisen, M.P.

Devansh Gupta
3-year classroom
GMC, Satna
Bhopal, M.P.

Niharika Rathore
2-year classroom
GMC, Seoni
Betul, M.P.

Aarush Singh
3-year classroom
GMC, Bhopal
Bhopal, M.P.

Vedant Chaurasia
1-year classroom
GAC, Indore
Bhopal, M.P.

and many more...

कल के विद्यार्थी, आज के डॉक्टर - NEET (UG) 2024 के सितारों को शत्-शत् बधाई!

ADMISSIONS OPEN AT BHOPAL

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | JEE (Main) | Olympiads | Class 6th to 12th & 12th Pass

NEW BATCHES FROM 21 MAY ONWARDS

For test dates & course start dates visit website or nearest center.

Sunday Open

SIGN-UP FOR **ASAT** (Scholarship Test)

TEST DATES: 11 & 18 MAY 2025

GET UP TO 90 % SCHOLARSHIP*

For direct admission — visit your nearest ALLEN center.

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN Bhopal Center
89513-95480 allen.ac.in/bhopal

ALLEN Kota Center
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

एयर स्ट्राइक की खुशी को दोगुना करने के लिए देख सकते हैं ये फिल्में

इन फिल्मों में भारत ने पाक को चटाई धूल; गर्व से चौड़ा हो जाएगा सीना

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पाक) में 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस ऑपरेशन में आतंकियों के कई बंकर और ठिकाने ध्वस्त किए गए. इस स्ट्राइक ने एक बार फिर भारतीयों को दिल खुश कर दिया है। अपनी इसी खुशी को दोगुना करने के लिए आप बॉलीवुड की वो 10 फिल्में देख सकते हैं, जिनमें भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई, जिनको देखने के बाद आपका भी सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।

बॉर्डर

'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाक युद्ध की एक सच्ची घटना पर आधारित है। ये 120 भारतीय सैनिकों की कहानी है जो राजस्थान के लोंगेवाला पोस्ट पर रात भर डटे रहते हैं। दुश्मन की भारी फौज से लड़ते हुए वे सुबह तक का इंतजार करते हैं जब वायुसेना उनकी मदद के लिए आती है। ये फिल्म दिखाती है कि कम संख्या में होने के बावजूद हमारे जवानों का हौसला और जज्बा कितना मजबूत होता है।

भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया

'भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया' की कहानी 1971 के भारत-पाक युद्ध की शुरुआत से जुड़ी है। जब दुश्मन के जहाजों ने भुज एयरबेस को तबाह कर दिया था, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन लीडर विजय कर्णिक ने हार नहीं मानी।

लक्ष्य

'लक्ष्य' एक यंग लड़के की कहानी है जो बिना किसी लक्ष्य के जिंदगी जीता है। करण शेरगिल एक रईस परिवार से है और उसे नहीं पता कि वो जिंदगी में क्या करना चाहता है।

उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक

'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 में उरी हमले के जवाब में की गई भारतीय सेना की कार्रवाई पर आधारित है। मेजर विहान सिंह शेरगिल इस मिशन का नेतृत्व करते हैं, जिसमें आतंकियों के खिलाफ गुप्त ऑपरेशन को अंजाम दिया जाता है।

राजी

'राजी' एक महिला जासूस की कहानी है जो अपने देश के लिए हर खतरा उठाती है। सहमत खान नाम की ये लड़की एक पाकिस्तानी सेना अधिकारी से शादी करती है ताकि पाकिस्तान की खुफिया जानकारी भारत तक पहुंचा सके. ये सब उसके पिता की प्लानिंग के तहत होता है।

शेरशाह

'शेरशाह' परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक साधारण सा नौजवान, जो बचपन से ही फौजी बनने का सपना देखता है, कैसे युद्ध के मैदान में जाकर असली हीरो बन जाता है।

एलओसी: कारगिल

'एलओसी: कारगिल' फिल्म 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित है। इसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी और संघर्ष को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में कई अलग-अलग यूनिट्स और जवानों की कहानियां दिखाई गई हैं जो कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मन से लड़ रहे होते हैं।

द गाजी अटैक

'द गाजी अटैक' एक पानी के नीचे होने वाली जंग की कहानी है। इसमें दिखाया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होने ही वाला होता है, तभी पाकिस्तान की पनडुब्बी 'गाजी' गुपचुप तरीके से भारत के विशाखापत्तनम बंदरगाह पर हमला करने की योजना बनाती है।

पिप्पा

'पिप्पा' कैप्टन बलराम सिंह मेहता की सच्ची कहानी पर आधारित है। ये फिल्म 1971 के युद्ध में भारत के पूर्वी मोर्चे की कहानी बताती है, जहां बलराम अपने भाइयों के साथ युद्ध में शामिल होते हैं। वे 45 कैवेलरी रेजिमेंट का हिस्सा होते हैं और एक खास टैंक जिसका नाम 'पिप्पा' होता है, उसमें बैठकर दुश्मन का सामना करते हैं।

स्काय फोर्स

'स्काय फोर्स' फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान एयर वॉर पर आधारित है। ये भारत के पहले एयरस्ट्राइक की कहानी दिखाती है जो पाकिस्तान के सर्गोधा एयरबेस पर की गई थी. जैसे-जैसे दोनों देशों के बीच हवाई लड़ाई तेज होती है।

निभाना चाहते हैं भगवान कृष्ण की भूमिका

मुंबई। आमिर खान लंबे समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बहुत करीब है। उन्होंने बताया, 'महाभारत बनाना मेरा सपना है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है।' इस महीने की शुरुआत में आमिर ने पुष्टि की कि महाभारत एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें अलग-अलग निर्देशक अलग-अलग हिस्सों पर काम करेंगे।

नील भट्ट से दरार के बीच ऐश्वर्या ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली। टीवी शो 'गुम है किसी के प्यार में'से चर्चा में आए नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा की जोड़ी पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। चर्चा है कि इस रियल लाइफ कपल के रिश्ते में दरार आ गई है। साल 2021 में शादी करने वाले इस जोड़े ने रियलिटी शो बिग बॉस में भी साथ एंट्री ली थी, जहां दोनों की नोकझोंक ने खूब ध्यान खींचा। हाल ही में ये अफवाहें तेज हुईं कि नील और ऐश्वर्या अलग-अलग रह रहे हैं। इस पर अब ऐश्वर्या शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में खुलकर जवाब दिया है। एक्ट्रेस ने कहा, 'हम सोशल मीडिया पर साथ में तस्वीरें शेयर नहीं कर

रहे, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे रिश्ते में कोई समस्या है। हां, हमारे झगड़े होते हैं हम दोनों ही एक्टर्स हैं और हमारे कॅरियर की दिशा अलग-अलग है, लेकिन हमने हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है।' रिश्ते में दरार की खबरों पर ऐश्वर्या ने साफ किया कि दूसरे कपल्स की तरह हमारे बीच भी कभी-कभी बहस होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमारे बीच सब कुछ खत्म हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मलाड में एक घर किराए पर लिया है, जिससे अफवाहों को और हवा मिली।

ऐश्वर्या शर्मा ने साफ-साफ शब्दों में कहा, 'मैं बता दूं कि काम करने के लिए अलग-अलग जगह पर होना जरूरी है, क्योंकि घर में परिवार के बीच ये सब मुश्किल होता है।'

सोनम ने आनंद संग शेयर कीं एनिवर्सरी पर तस्वीरें

मुंबई। सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने 8 मई 2018 को सात फेरे लिए थे। सात साल बाद सोनम ने उस शुरू हुए हसीन सफर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी हल्दी सेरेमनी से लेकर अपने बेबी वायु के होने तक के शानदार सफर को तस्वीरों के जरिए शेयर किया है। सोनम की इन खास तस्वीरों पर सेलेब्स लगातार कमेंट्स कर रहे हैं और उन्हें वेडिंग एनीवर्सरी की बधाई दे रहे हैं। सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी और आनंद आहूजा के अलावा बेटे वायु की भी खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सोनम ने अपनी हल्दी सेरेमनी, मेंहदी, संगीत और शादी की शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके अलावा सोनम ने अपने बेटे वायु के साथ भी कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए सोनम ने शादी की सालगिरह पर अब तक का अपना पूरा सफर दिखाया है। सोनम ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ पति आनंद को शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा, 'बिल्कुल कोई भी आपकी बराबरी नहीं कर सकता। मेरे जीवन का प्यार। हमेशा मुझे ढूंढ़ो।

जैकेट का शेष

जयशंकर बोले- हम...

काम करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता की गहराई से सराहना करता हूं। सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। आतंकवाद को बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

इटली के विदेश मंत्री ने आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने के लिए भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया पर चर्चा की. किसी भी उकसावे की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी। यूरोपीय यूनियन की उपाध्यक्ष काजा काल्लास से भी बात हुई है। यूरोपीय संघ की उपाध्यक्ष के साथ मौजूदा घटनाक्रम पर चर्चा की। भारत अपनी कार्रवाइयों को लेकर संयम बरता है। हालांकि, किसी भी तरह के हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

पेज 2 का शेष

पायलट समेत...

सहित सात लोग सवार थे, जिनमें छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक यात्री घायल हैं। सवार चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के बताए जा रहे हैं। हेलिकॉप्टर हादसे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने एवं हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। कहा कि इस संबंध में लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं और हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

डीए देने का आदेश...

बात कही थी। उन्होंने मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यक्रम में यह घोषणा की थी। कैबिनेट ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया। इस फैसले के बाद राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को भारत सरकार के कर्मचारियों के बराबर 55% डीए मिलेगा। यानी, अब राज्य के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों जितना ही डीए मिलेगा।

पांच बराबर किस्तों में मिलेगी राशि: बढ़े हुए डीए की राशि एरियर के तौर पर मिलेगी। यह राशि पांच बराबर किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त जून 2025 में मिलेगी। और आखिरी किस्त अक्टूबर 2025 में दी जाएगी। इससे कर्मचारियों को एक साथ बड़ी रकम मिलने से राहत मिलेगी।

पदयात्रा के दौरान...

भक्तों की अधिक भीड़ की वजह से यह हादसा हुआ। वीडियो में आप साफ देख सकते हैं कि जिस समय वह ट्रस गिर रहा था, उस समय प्रेमानंद महाराज उसके ठीक नीचे थे। वीडियो में देख सकते हैं कि महाराज भी उससे बचने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटना से वहां मौजूद भक्त घबरा गए लेकिन गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

पूर्व मंत्री दंडोतिया...

घटना कैलारस थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-552 स्थित तोरिका गांव के पास का है। जहां भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया को कैलारस कस्बे में शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। शादी समारोह से पूर्व मंत्री अपने निवास मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान मंत्री तोरिका के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही चंबल प्राइवेट कंपनी की बस ने रॉन्ग साइड में आकर मंत्री की स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। दंडोतिया अपनी स्कॉर्पियो में ही फंस गए। घटना के बाद बस चालक और कंडक्टर दोनों मौके से फरार हो गए, उसके बाद आसपास के लोगों ने मंत्री और उसके पीएसओ को बाहर निकाला। उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर कैलारस पुलिस पहुंची। मंत्री को पुलिस उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मंत्री के एक पैर में दो जगह फैक्चर बताया है।

बादल- बारिश का दौर...

में दिन का पारा सामान्य से औसतन 8 डिग्री कम रहा है। भोपाल में दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 31.7 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 9.1 डिग्री कम है। इससे प्रदेशभर में गर्मी से राहत रही। इस सप्ताह प्रदेश में लू के हालात नहीं बनेंगे। प्रदेश में उज्जैन पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। यहां पारा 30.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 10 डिग्री कम है। पचमढ़ी का पारा 30 डिग्री रहा। पश्चिमी प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 33 और पूर्वी मप्र में यह 37 डिग्री रहा। यह सामान्य से औसतन क्रमशः 8 और 4 डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन जिलों में शुक्रवार तक बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में बादल, गरज-चमक की स्थिति रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में दो सिस्टम सक्रिय हैं, जिससे एक सप्ताह बारिश, बादल का दौर रहेगा।

अभी दो सिस्टम सक्रिय: विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिणी पश्चिमी और उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश में एक-एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बने हुए हैं। इसके साथ ही एक ट्रफ प्रदेश के पूर्व पश्चिमी और उत्तर पश्चिमी हिस्से और आसपास सक्रिय है। यह पूर्वी मप्र से होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़ तक बनी है। वहीं, एक ट्रफ पूर्वी मध्य अरब सागर से कोंकण तथा उत्तरी मध्य महाराष्ट्र से होते हुए दक्षिणी पश्चिमी मप्र के ऊपर एक सकुर्लेशन तक सक्रिय है। इससे प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम में ऐसे ही बदलाव जारी रहेंगे। 15 मई तक लू की स्थिति नहीं बनेगी।

सागर में उतारा...

स्टेशन पर रुकी रही। युवक की उम्र 30-35 साल के आसपास लग रही है। वह पीछे की तरफ लगे जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। ट्रेन बीना जंक्शन से रवाना हुई। जब यात्री वॉशरूम यूज करने गए तो वहां युवक का शव फंदे पर लटके देखा। युवक ने अपनी ही शर्ट से फांसी का फंदा बनाया था। ट्रेन के टीटीई ने स्टेशन मैनेजर और जीआरपी को मामले की जानकारी दी। सागर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के बाद जीआरपी ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने ट्रेन के टॉयलेट में जाकर घटनाक्रम से जुड़े साक्ष्य जुटाए।

पेज 3 का शेष

नागरिक सुरक्षा के प्रति...

इसमें अंतर-मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा की गई। पीएम मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम मोदी ने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजनाओं और तैयारियों की समीक्षा की।

OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI, ASHTA
Distt: SEHORE
No./Nirman/25-26/273 Dated : 08.05.2025

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for work **(01) Construction of Drying Space (C.C. work 5700 sqm) at New Mandi Yard Ashta STN: 2025 MPSAM 421845 1 (PAC amount Rs. 139.71 Lac)**, work **(02) Construction of Farmer's Information and Help Centre at New Mandi Yard Ashta. STN: 2025_MPSAM_421852_1 (PAC amount Rs. 125.73 Lac)**, work **(03) Construction of RCC Drain (600 X 600 sqm, Length 335.00 m) at New Mandi Yard Ashta STN: 2025_MPSAM_421853_1 (PAC amount Rs. 46.95 Lac)**. The following works Tender to be received Online up to 5:30 PM on **Dated 30.05.2025** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
Note : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**
M.P. Madhyam/119991/2025 SECRETARY

राशिफल

मेष दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

नाम परिवर्तन

मैं परसराम श्रीवास आत्मज श्री मुन्नालाल श्रीवास आयु वयस्क निवासी-एफ-99, राजवेद कालोनी, नयापुरा, कोलार रोड, हुजूर, भोपाल, म.प्र.। मेरे शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो आधार कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड में मेरा नाम व सरनेम परसुवा श्रीवास (PARSUMA SHREEWAS) पुत्र श्री मुन्नालाल श्रीवास (MUNNALAL SHRIVAS) त्रुटिवश अंकित हो गया हैं। मेरा सही नाम व सरनेम परसराम श्रीवास (PARSRAM SHRIVAS) पुत्र मुन्नालाल श्रीवास (MUNNALAL SHRIVAS) हैं। मैं इसी नाम व सरनेम से ही जाना पहचाना जाता हूँ अतः भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाऊंगा। शपथ पत्र क्रमांक BF 601358

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्सड) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि भोपाल बाजार
समाचार ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

शब्द पहेली - 5861

बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -5860 का हल

आ	ला	क	मा	न			क	मी	ज
रा	ल		न		श	प	थ		मा	मा
म			थ	नि	क		न			लि
दे	ह	दा	न			अ		ल	ल	क
ह		खि		बे	शु	मा	र		ह	
	सा	ल		ल		न		सु	र	
	हि		ब	गा	ब	त		र		हा
ज	ल	न		प			अ	धि	मा	नि
ग			चु		रा	ज	न			का
त	र		ना	ह	क		ब		चा	र
	ब	हा	व			म	न	मौ	ह	क

सूडोकु नवताल - 5871

सरल

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5870 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

ऐसा नियम बने कि हर दुकानदार फायर उपकरणों को रखे ताकि वह आपात हालात से निपटने में सक्षम हो

व्यापारियों ने कहा- बाजारों में 'फायर सेफ्टी' के पुख्ता इंतजाम हों

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हरिभूमि अलर्ट

राजधानी भोपाल में बीते दिन सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास हुआ। इस दरमियान आपदा प्रबंधन से निपटने शहर के अलग-अलग पांच जगहों पर व्यापक पूर्वाभ्यास भी हुए। इस दरमियान प्रशासन द्वारा नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करते हुए मॉक ड्रिल में यह प्रदर्शित किया गया कि नगर प्रशासन के पास आगजनी की स्थिति से निपटने के पुख्ता इंतजाम है। मगर शहर के बाजारों में अब तक घटित हुई आगजनी की घटनाएं और मौजूदा परिदृश्य में मौजूद उपकरण एवं प्रबंध को शहर के विभिन्न बाजारों के व्यापारी और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि नाकाफी करार दे रहे हैं।

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि भोपाल में आगजनी से निपटने के लिए जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, उनकी क्षमता और प्रभावशीलता को और ज्यादा बेहतर बनाने की आवश्यकता है। भोपाल के बाजारों में आगजनी से निपटने के लिए शहर में फायर ब्रिगेड, अग्निशमन स्टेशन और पानी की उपलब्धता जैसी व्यवस्थाएं मौजूद हैं, उनकी क्षमताओं को और अधिक प्रभावशीलता बनाने पर जोर दिया गया है। वजह कुछ बाजारों में दमकल के पहुंचने के लिए रास्ते नहीं हैं या अग्निशमन विभाग के पास उच्च ऊंचाई वाली इमारतों में आग बुझाने के लिए पर्याप्त उपकरण नहीं हैं। इतना ही नहीं पुराने शहर के चौक बाजार में अग्निसुरक्षा के लिए पानी के हाइड्रेंट और पाइपलाइन बिछाई गई थीं, लेकिन वे खराब हैं या अब काम नहीं कर रही हैं। ऐसे में सघन व्यापारिक क्षेत्र में आग लगने की स्थिति में आग बुझाने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।

इन बाजारों में इंतजाम नहीं

न्यू मार्केट- सामान्य दिनों में यहां एक समय में 20 से 25 हजार की भीड़ रहती है। यहां निगम के सब स्टेशन हैं। फायर ब्रिगेड का मुख्य दफ्तर भी है, लेकिन भीड़ मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

चौक बाजार- हाइड्रेंट सिस्टम सिर्फ सराफा चौक में है और वो भी चालू नहीं हो सका। इसके अलावा पुराने शहर की व्यस्त गलियों में दोपहिया फायर ब्रिगेड गाडियां खड़ी रहती हैं। बड़ी आग बुझाने में ये कारगर नहीं हैं।

लखेरापुरा-कपड़ों और प्लास्टिक के इस प्रमुख बाजार में फायर ब्रिगेड का कोई वाहन नहीं है। संकरी गलियों में इनका जाना मुश्किल है।

जुमेराती बाजार- किराना, तेल और खानपान के साथ इलेक्ट्रॉनिक इस बड़े बाजार में पहले जनकपुरी के पास नगर निगम की गाड़ी खड़ी रहती थी। आजकल नहीं दिखती है।

शहर के प्रत्येक दुकान में फायर उपकरणों को अनिवार्य किया जाए

राजधानी भोपाल में ऐसी गालियां है और बड़े-बड़े जो मार्केट हैं जो सघन इलाके वाले है। जिसमें जुमेराती, लोहा बाजार, हनुमानगंज, लखेरापुरा, चौक बाजार, आजाद मार्केट आदि शामिल है। कपड़ों की दुकान में बीच ऐसी गलियों में जहां की फायर ब्रिगेड नहीं जा सकती। दुकानदारों से पूछों तो हर दुकानदार यही कहता है कि हमारे पुख्ता इंतजाम है, जबकि स्थित इसके विपरीत है। बहुमंजिला बिल्डिंग और सकरी गलियों बीच फायर बिग्रेड की गाड़ियां घटना स्थल तक नही पहुंच पाती। जिससे आगजनी की घटना में भारी नुकसान होता है। शहर के विभिन्न बाजारों में अभी तक घटित हुई घटनाओं में ऐसा ही परिदृश्य सामने आया है। अत: प्रशासन को चाहिए कि सघन व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर बाजार में अग्निशमन यंत्र के पुख्ता इंतजाम करें। ताकि गलियों में जो दुकानें और रिहायसी इलाके है उन पर भविष्य होने वाली ऐसी घटनाओं को कंट्रोल किया जा सके। प्रशासन से अनुरोध है कि सघन बाजारों और सकरी गलियों में बड़ी पानी की टंकी की व्यवस्था की जाए। ताकि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग हो सके। इसके साथ ही शहर के प्रत्येक दुकानों में फायर उपकरणों को अनिवार्य किया जाए।

ठाकुरलाल राजपूत
अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन

बीमे का सुरक्षा कवच जन हानि से नही बचाता



आग से बचाव के मामले में व्यापारिक संस्थाओं में सबसे अधिक अच्छी स्थिति पेट्रोल पंपों की है क्योंकि आग से बचाव के सभी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता रहती है। जिससे किसी भी हादसे में बचाव होते है। सभी व्यापारिक संस्थाओं को सुरक्षा को प्रमुखता देनी चाहिए। क्योंकि अगर आपके पास भले ही बीमे का सुरक्षा कवच हो, किंतु जन हानि बेहद कीमती होती है।

अजय सिंह
अध्यक्ष, पेट्रोप पंप ऑनर्स एसोसिएशन

अग्निशमन की व्यवस्थाएं तीन चौराहे पर हुई थी लेकिन देखरेख के अभाव में बंद

पुराने शहर के चौक बाजार के रहवासियों के लिए नगर-निगम भोपाल के द्वारा अग्निशमन की व्यवस्थाएं तीन चौराहे पर की थी, परंतु देखरेख के अभाव में वह बंद है। अभी हुए मॉक ड्रिल के दौरान व्यापारियों ने कुछ सुरक्षा इंतजाम जरूर सीखे हैं कि मोटे कपड़े, कंबल से आग लगने वाले स्थान को गिला करके ढक देना। पर अग्निशमन यंत्र हर व्यापारिक संगठन के द्वारा विशेष रूप से कपड़े व्यापारियों को अपने बाजार में इसकी व्यवस्था करना चाहिए कि आपातकालीन स्थिति में किसी दुर्घटना से बचा जा सके।

नवनीत अग्रवाल
प्रांतीय महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

न्यूमार्केट में 6 स्थानों पर सीज फायर उपकरण की व्यवस्था

राजधानी के न्यू मार्केट स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दुकानों ने अग्निशाम के उपकरण नहीं रखे है। हां यहां के व्यापारी महासंघ द्वारा 6 स्थानों पर सीज फायर उपकरणों को जरूर रखवाया गया है।

मुकेश गोयल, कारोबारी, न्यूमार्केट

दुकानदार बाल्टी में रेत और सीज फायर दुकान में रखें

पुराने शहर के थोक बाजार हनुमानगंज में न ही व्यापारी संगठन द्वारा और न ही नगर प्रशासन द्वारा कोई ऐसी व्यवस्था की गई है कि आगजनी की घटना त्वरित रूप से निपटा जा सकें। यहां के बाजार अंडरग्राउंड फायर सेफ्टी परमानेंट लगना चाहिए। ताकि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उसका उपयोग किया जा सकें। सभी दुकानदारों को बाल्टी में रेत भरकर रखना चाहिए और सीज फायर भी दुकान में लगाना चाहिए।

दीपक पसारी, थोक आटा-मैदा कारोबारी, हनुमानगंज

जागरूकता अभियान चलाना चाहिए

प्रशासन को बाजार में काम करने वाले लोगों को अग्निशामक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। प्रशासन बाजार में आपातकालीन निकासी मार्गों की व्यवस्था करनी चाहिए।

सुमित गर्ग
उपाध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ

आपदा प्रबंधन के जागरूकता शिविरों का निरंतर आयोजन हो

हमारे पूर्व कार्यकाल से न्यू मार्केट समिति के अनुरोध पर स्टैंडिंग फायर ब्रिगेड का प्रबंधन मल्टीलेवल पार्किंग न्यू मार्केट पर किया गया है, तब हमने अग्निशमन यंत्र भी मार्केट के प्रमुख स्थानों पर रखवाए थे। शहर के प्रमुख बाजारों में वाटर हाइड्रेंट सिस्टम की व्यवस्था होनी चाहिए । मार्केट प्लेसेस में टू व्हीलर फायर फाइटर भी स्टैंडिंग होने चाहिए । जिला प्रशासन को व्यापारी संगठनों के साथ आपदा प्रबंधन के जागरूकता शिविरों का भी निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए।

अजय देवनानी
न्यू मार्केट व्यापार संवर्धन समिति

फायर फाइटर को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है

राजधानी के प्रमुख बाजार चौक, लखेरापुरा, नदीम रोड, इब्राहिमपूरा, मारवाड़ी रोड़ , आजाद मार्केट, लोहा बाजार,जुमेराती, घोड़ निक्कास एवं आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण और ट्रैफिक होने के कारण सड़के छोटी हो गई है। जिस वजह से बड़ी फायर फाइटर को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। विगत माह बिजली के ट्रांसफर्मर में आग लग जाने के कारण भारी नुकसान हुआ। विगत वर्ष लखेरापुरा की एक कपड़े की दुकान पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई । आग की सूचना देने के उपरांत भी बिजली विभाग एवं फायर बिग्रेड बहुत ही बिलंब से पहुंचे। यहां के व्यापारियों ने अपने साधन से आग बुझने का प्रयास किया था जो नाकाफी था। आजगनी जैसी आकस्मिक घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन यंत्र सभी दुकानदारों के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए ।

अनुपम अग्रवाल, व्यापारी, जनकपुरी जुमेराती

आग की घटनाओं से निपटने विस्तृत योजना तैयार हो

बाजार में आग की घटनाओं से निपटने के लिए एक नगर प्रशासन के विस्तृत योजना तैयार करनी चाहिए। आगजनी की घटना से बचाव के उपकरण जैसे- अग्निशामक यंत्र, धुआं संसूचक, अग्नि अलार्म , अग्निशमन उपकरण आदि दुकानदारों रखना अनिवार्य होना चाहिए। ताकि सही समय पर उपयोग हो और नुकसान से बचाया जा सकें।

श्यामबाबू अग्रवाल
अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ

बिजनेस न्यूज

बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया 19,581 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ दर्ज

भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। घोषणा के बाद 7 मई, 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा का शेयर मूल्य 223.91 रुपए पर खुला, जो इसके पिछले बंद मूल्य 223.91 रुपए के बराबर था। बैंक ऑफ बड़ौदा का शेयर मूल्य 0.27 फीसदी की गिरावट के साथ 223.30 पर कारोबार कर रहा था। बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 19,581 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2024 के 17,789 करोड़ से 10.1 फीसदी अधिक है। इस वृद्धि को शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में मामूली वृद्धि से समर्थन मिला, जो कि साल-दर-साल 2.1 फीसदी बढ़कर 45,659 करोड़ हो गई, और गैर-ब्याज आय में 14.8त्न की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि हुई, जो कि 16,647 करोड़ रुपए थी। वर्ष के लिए वैश्विक शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 3.02 फीसदी रहा, जबकि घरेलू एनआईएम थोड़ा अधिक 3.18 फीसदी रहा। वर्ष के लिए परिचालन लाभ भी 4.7 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 32,435 करोड़ हो गया, जबकि लागत-से-आय अनुपात 47.94 फीसदी पर बना रहा, जो कुशल व्यय प्रबंधन को दर्शाता है। समेकित इकाई का शुद्ध लाभ ?20,000 करोड़ के मील के पत्थर को पार कर गया, जो वित्त वर्ष 25 के लिए 20,716 करोड़ तक पहुंच गया।

एसबीआई लाइफ ने किया 'हैक-एआई-थॉन' लांच

मुंबई । एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 'हैक-एआई-थॉन' के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार

प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों जैसे ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुंच बढ़ाना और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में सहयोग कर सकते हैं। एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण किया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, पुणे, दिल्ली और चेन्नई में आयोजित रीजनल राउंड के लिए 50 से अधिक टीमों का चयन किया गया।

आईआईटी के प्रो.महेश ने लांच किया अनोखा 'पॉडकास्ट'

चेन्नई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी मद्रास) के प्रो. महेश पंचाग्नुला विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर के विकल्पों पर एक अभूतपूर्व पॉडकास्ट सीरीज शुरू कर रहे हैं। इसमें हर सप्ताह एक नए एपिसोड का प्रसारण होगा। इसका टाइटल है 'प्रो. महेश पॉडकास्ट, फ्यूचर, सिम्प्लीफाइड'। इसमें छात्रों और अभिभावकों को विभिन्न विषयों में उपलब्ध आकर्षक अवसरों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसका मकसद विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में करियर के विकल्पों को सुलभ बनाना है। यह पॉडकास्ट स्पॉटिफाई, यूट्यूब, ऐपल पॉडकास्ट और अन्य सभी प्रमुख प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। आईआईटी मद्रास का एक मिशन कक्षा से परे शिक्षा का प्रभावी उपकरण बनाना भी है। यह पॉडकास्ट इसकी एक मिसाल है। 'प्रो. महेश पॉडकास्ट, फ्यूचर, सिम्प्लीफाइड' में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनने की संभावना है क्योंकि यह सभी को विश्वसनीय और अप-टू-डेट मार्गदर्शन देगा। इस तरह एसटीईएम के आधुनिक परिदृश्य में सही निष्कर्ष पर पहुंचने में काफी मदद मिलेगी। आईआईटी के निदेशक प्रो. वी. कामकोटी ने पॉडकास्ट लांच के अवसर पर कहाकि हम होनहार विद्यार्थियों के लिए उनकी मनपसंद विषय पढ़ने का मार्ग प्रशस्त करना चाहते हैं।

एमआईटी यूनिवर्सिटी में बी.कॉम फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम लांच

नई दिल्ली।

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने अपने नए बी.कॉम फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम की शुरुआत की, जिसमें चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट संस्थान के प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति रही। इस प्रोग्राम में उन्नत वित्तीय पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे में शामिल करने की संयुक्त योजनाएं प्रस्तुत की गईं, ताकि छात्रों को वैश्विक वित्त क्षेत्र में सफल करियर के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए जा सकें। इस अवसर पर एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड कॉमर्स की डीन, डॉ. अंजलि साने ने कहाकि बी.कॉम फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम के सफल लांच के साथ हमें निवेश उद्योग में उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श का अवसर मिला। हमारा ध्यान ऐसा पाठ्यक्रम विकसित करने पर है जो वैश्विक उद्योग मानकों के अनुरूप हो और छात्रों को वित्तीय क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करे।

एक्सिस मैक्स लाइफ ने जारी किए सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप सर्वे इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी कर दिए हैं। इस सर्वेक्षण को दुनिया की अग्रणी मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स कंपनी कांतार के साथ मिलकर अंजाम दिया गया है। 25 भारतीय शहरों में 6,360 परिवारों में किए गए इस सर्वेक्षण से वित्तीय सुरक्षा को लेकर शहरी भारत की नब्ज को समझने में मदद मिली है। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा भरोसा टॉक्स के तहत इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट भारत में वित्तीय तैयारियों का शक्तिशाली मानक बनकर सामने आया है।

सत्व सुकुन के लाभ में 74.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज

मुंबई। घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 74.5 फीसदी बढ़कर 84.22 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 48.19 लाख था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में परिचालन से आय 6 फीसदी बढ़कर 105.16 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 99.23 लाख रुपए थी। 31 मार्च 2025 को समाप्त बारह महीनों के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 108.9फीसदी बढ़कर 248.94 लाख रुपए हो गया।

बजाज आलियांज ने की 1,833 करोड़ के बोनस की घोषणा

पुणे। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बड़ा 1,833 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड बोनस घोषित किया है। यह वित्तवर्ष 2024 में घोषित 1,383 करोड़ रुपए के बोनस की तुलना में 32 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इस बोनस से कंपनी के भाग लेने वाले उत्पादों में निवेश करने वाले 11.71 लाख से अधिक पॉलिसीधारकों को लाभ होगा। इस घोषणा के साथ, बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार 24 वर्षों तक वार्षिक बोनस घोषित करके ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने की अपनी मजबूत परंपरा को जारी रखा है।

ऑपरेशन 'सिंदूर' को ट्रेड मार्क बनाने का हमारा कोई इरादा नहीं: रिलायंस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज का ऑपरेशन सिंदूर को ट्रेडमार्क करने का कोई इरादा नहीं है, यह एक ऐसा शब्द है जो अब भारतीय वीरता के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक इकाई जियो स्टूडियोज ने अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है, जिसे अनजाने में एक जूनियर व्यक्ति ने बिना अनुमति के दायर कर दिया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और इसके सभी हितधारकों को ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत गर्व है, जो पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद की बुराई के खिलाफ भारत की अडिग लड़ाई में हमारे बहादुर सशस्त्र बलों की गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में रिलायंस हमारी सरकार और सशस्त्र बलों के साथ पूरी तरह से खड़ा है।

दो दिवसीय 10वां वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कॉन्फ्रेंस 'वैसोकॉन' 10 से

देशभर के चिकित्सा विशेषज्ञ भोपाल में होंगे एकत्र करेंगे, वेस्कुलर ईवेंट और ब्लीडिंग पर विशेष चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी इस सप्ताहांत एक प्रतिष्ठित चिकित्सा आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। 10 और 11 मई को होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित होने जा रही वैसोकॉन 2025 नामक दो दिवसीय वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कॉन्फ्रेंस में देशभर से वरिष्ठ डॉक्टर, शोधकर्ता और विशेषज्ञ जुटेंगे। यह आयोजन भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा किया जा रहा है और इसमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं लिवर से जुड़ी जटिल वेसकुलर स्थितियों पर चर्चा की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस में इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एमपी चैप्टर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ग्रेटर भोपाल ब्रांच, इंडियन सोसाइटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी (एमपी चैप्टर), एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन एमपी चैप्टर, भोपाल हेमेटोलॉजी सोसाइटी और भोपाल सर्जन क्लब का सहयोग प्राप्त है। आयोजन गैस्ट्रोकेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है, जो मध्यप्रदेश में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल

और संबद्ध रोगों की जानकारी एवं शोध को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रमुख संगठन है। कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में संक्रमण और कैंसर के साथ-साथ ब्लीडिंग (रक्तस्राव) और थ्रोम्बोसिस मानव जीवन के लिए अत्यंत गंभीर और घातक परिस्थितियाँ बन चुकी हैं। चाहे शरीर का कोई भी अंग प्रभावित हो, इन दोनों स्थितियों के मूलभूत सिद्धांत समान रहते हैं।

चिकित्सा विज्ञान में इन विषयों पर निरंतर समीक्षा और अद्यतन जानकारी आवश्यक है। बीते वर्षों में रक्त प्रबंधन, डायग्नोस्टिक तकनीकों और संवहनी रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इस वर्ष के कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय रखा गया है वैसोकॉन-जीआई ट्रैक और लिवर में वेसकुलर ईवेंटः सही समय पर पहचानें और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करें।

वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे यह आमंत्रित विशिष्ट अतिथि

डॉ. संजय कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का एक विशेष सत्र कार्सिनोमा विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें चर्चा की जाएगी कि भारत में पेट के कैंसर की निगरानी कितनी आवश्यक है, किन पॉलिप्स को हटाया जाना चाहिए और बायोप्सी के लिए कौन-सी रणनीति अपनाई जानी चाहिए। इसके साथ ही वीडियो वर्कशॉप के माध्यम से ब्लीडिंग और थ्रोम्बोसिस के एंडोस्कोपिक, सर्जिकल और रेडियोलॉजिकल प्रबंधन की तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. एस.के. सरीन (दिल्ली), डॉ एस के आचार्य (भुवनेश्वर), डॉ. ए.सी. आनंद (भुवनेश्वर), डॉ. एसपी मिश्रा (प्रयागराज), डॉ. राजेश पुरी (दिल्ली), डॉ. मोहन राम चंदानी (हैदराबाद), डॉ. उमेश जलिहाल (बेंगलुरु), डॉ. सोनल अस्थाना (बेंगलुरु), डॉ. नीरज सर्राफ (दिल्ली), डॉ. कौशल मदान (दिल्ली), डॉ. बीएस रवींद्र (बेंगलुरु), डॉ. अमर मुकुंद (दिल्ली), डॉ. जहीर नबी (हैदराबाद), डॉ. जयंत सामंता (चंडीगढ़), डॉ. राहुल मार्गव (दिल्ली), डॉ. प्रवीण शर्मा (दिल्ली), डॉ. नितिन शेट्टी (मुंबई), डॉ. वेंकट अय्यर (भावनगर), डॉ. जगदीश आर. सिंह (हैदराबाद), डॉ. पवन के. अदला (हैदराबाद), और डॉ. प्रीतम नाथ (भुवनेश्वर) आदि मौजूद रहेंगे।

चेंबर अध्यक्ष ने की सभी उद्योगपति और व्यापारियों से अपील

युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपने व्यापार के लिए उचित सुरक्षा के उपाय करें

व्यापारी अपने ग्राहकों के साथ संवाद बनाएं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आपरेशन सिंदूर के बाद युद्ध की स्थिति को देखते हुए

व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए सुरक्षा के उपाय महत्वपूर्ण हैं। इन उपायों में मुख्य रुप से आर्थिक आपदा प्रबंधन योजना बनाना, प्रतिष्ठानों को सुरक्षित रखना अग्नि सुरक्षा उपकरणों को उपयोग एवं आपातकाल के समस्त उपायों पर खुद को तैयार करें। जबलपुर चेंबर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने सभी उद्योगपति एवं व्यापारियों से युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपील की है की सभी को आपदा प्रबंधन के उपायों पर ध्यान देना चाहिए। व्यवसाय को चालू रखने के लिए आपातकालीन आपूर्ति का भंडारण, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना एवं साइबर हमलों के समय डेटा बैकअप एवं नगद रुपए की आवश्यकता होने पर उसका प्रबंधन रखना अति आवश्यक है। आवश्यकता अनुसार दवाईयों को रखने की आवश्यकता है। पर्याप्त बीमा कवरेज का ध्यान रखना आवश्यक है। सभी को अपने कंप्यूटर डेटा का बैकअप लेने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण उपायों पर ध्यान देना आवश्यक है। युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपने व्यापार के लिए उचित सुरक्षा के उपाय करें।

ध्यान रखने योग्य बातें

आपूर्ति श्रृंखला युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित हो सकती है, इसलिए व्यापारियों को अपने व्यापार के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। युद्ध के कारण आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लग सकते हैं, इसलिए व्यापारियों को सरकार की व्यापार नीतियों और प्रतिबंधों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए और उनके अनुसार अपने व्यापारिक कार्यों को समायोजित करना चाहिए। युद्ध के समय ग्राहक अपने व्यापार के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए व्यापारियों को अपने ग्राहकों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी जरुरतों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। युद्ध के कारण वित्तीय जोखिम बढ़ सकता है, इसलिए व्यापारियों को अपने जोखिमों का आंकलन करना चाहिए और उन्हें कम करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। युद्ध के समय व्यापारियों को नैतिक जोखिमों का भी सामना करना पड़ सकता है, इसलिए व्यापारियों को अपने व्यापारिक कार्यों में नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए। युद्ध के समय व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है, इसलिए व्यापारियों को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

ट्रॉपिकल एग्रो ने किया टैग स्टेमली का अनावरण

एजेंसी.चेन्नई

ट्रॉपिकल एग्रो ने एक क्रांतिकारी खोज का अनावरण किया है। टैग स्टेमली, जो पेटेंटेड और अपनी तरह का पहला ग्रैन्युलर कीटनाशक है, जिसमें तीन सक्रिय घटक शामिल हैं। यह अत्याधुनिक समाधान धान की खेती में दो सबसे विनाशकारी कीटों–तना छेदक (स्टेम बोरर) और पत्ता लपेटक कीट से मुकाबला करने के लिए तैयार किया गया है, जो पूरे भारत में चावल की उत्पादकता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। भारत में चावल की फसल में स्टेम बोरर का प्रकोप भारी आर्थिक नुकसान का कारण बनता है, जिससे पैदावार में 10 फीसदी से 40 फीसदी तक की गिरावट हो सकती है।

पीएनबी का मुनाफा 51.7 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मार्च 2025 में समाप्त चौथी तिमाही में 4567 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3010 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 51.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शेयर बाजार दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 10757 करोड़ रुपए रही है ।

कार्यालय : पारस हर्मिटेज ग्रुप हाउसिंग वेलफेयर एण्ड मेंनटेनेंस को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल

क्रमांक.वा.सा.आ./2025/क्यू–1 दिनांक 05.05.2025

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सुचित किया जाता है कि पारस हर्मिटेज ग्रुप हाउसिंग वेलफेयर एण्ड मेंनटेनेंस को–आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल की वार्षिक साधारण सभा (आमसभा) रविवार दिनांक 25.05.2025 को सुबह 10:30 बजे स्थान – पारस हर्मिटेज परिसर स्थित बैंक्वेट हाल, क्लब हाउस, नर्मदापुरम रोड, भोपाल पर आयोजित की गई है। संस्था के समस्त सदस्यों को स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से सूचना – पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

कृपया तदुपरांत जिस किसी सदस्य को स्पीड पोस्ट डाक द्वारा प्रेषित की गई सूचना प्राप्त नहीं हुई हो ऐसे सदस्य इसे ही सूचना मानकर वार्षिक साधारण सभा की बैठक में उक्त दिनांक को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग ले सकते हैं।

अध्यक्ष
पारस हर्मिटेज ग्रुप हाउसिंग वेलफेयर एण्ड मेंनटेनेंस को–आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल

चिंतन

भारत आतंकवाद के खिलाफ दुस्साहस बंद करे पाक फौज

ऑपरेशन सिंदूर से डर कर पाकिस्तान वो गलतियां कर रहा है, जिसका उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई दहशतगर्दी के खिलाफ थी, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत सरकार की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद और फिर अगले दिन दो-दो बार साफ किया गया है कि भारत का एक्शन आतंकवाद के खिलाफ नपा-तुला था, पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ सैन्य हमला करेगा, जैसा कि वह दो दिन से प्रयास कर रहा है, तो उसे अंजाम भुगतना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की फौज सीमा पार से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर नागरिकों को निशाना बना कर अकारण अंधाधुंध गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। इसमें तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। पाकिस्तानी फौज ने भारत के जम्मू-कश्मीर व पंजाब में 15 सैन्य ठिकानों को लक्षित करके मिसाइल हमले किए, जिसे भारतीय रक्षा प्रणाली ने नाकाम किया। भारतीय सेना ने पाक फौज को जवाब देते हुए लाहौर में पाक की वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। भारत की सख्त चेतावनी है कि पाकिस्तान की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकत से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ेगा और भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान दुस्साहस करेगा तो भारत दोगुनी प्रबलता से जवाब देगा। भारत व पाक के बीच बढ़ रहे सैन्य तनाव के बाद से भारत में उच्च स्तर पर बैठकें हो रही हैं। इस बीच अमेरिका, ईरान, सऊदी अरब की ओर से तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं। अमेरिका लगातार भारत व पाकिस्तान के संपर्क में है, ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान से भारत पहुंचे हैं और सऊदी अरब के विदेश मंत्री बिना किसी पूर्व निर्धारित शेड्यूल के नई दिल्ली पहुंचे हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले हैं। सब बातचीत के केंद्र में भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ रहा तनाव है। भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है कि पहलगाम टेरर अटैक के बाद भारत का एक्शन केवल और केवल आतंकवाद के खिलाफ है। चूंकि इस टेरर अटैक की जिम्मेदारी द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली और यह आतंकी गुट पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का मुखौटा तंजीम है, जो पाकिस्तान को भी पता है। तो भारत ने टीआरएफ, लश्कर और जैश से जुड़े आतंकी अड्डों पर कार्रवाई की। अपने यहां के आतंकी अड्डों पर ऐसी कार्रवाई पाकिस्तान को करनी चाहिए थी, लेकिन वह आतंकवाद को नीतिगत स्तर पर पालता-पोसता रहा है। भारत पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने व उसे सजा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही भारत शांति भी चाहता है। पाकिस्तान भारत की इस भावना का सम्मान करे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भूमिका निभाए। पाकिस्तान की फौज को स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने खिलाफ आतंकवाद के किसी भी हमले का कठोरता से जवाब देगा।

ऑपरेशन सिंदूर

अवधेश कुमार

भारत ने कर दिखाया अद्भुत पराक्रम

सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद का प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है।

> पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया।

22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद हैं क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगी तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया कि भारत ने आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए, तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओजेके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन- लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे।

चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारूदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला

नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर अब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था, यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे पर हमले की योजना यही बनी थी। तीसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभानअल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है, जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यारे हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमलों का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है। इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वाले केन्द्रों को भी तबाह कर दिया। वास्तव में एक-एक हमले पर कार्रवाई से भारत पर आतंकवादी हमले का खतरा टल ही नहीं सकता क्योंकि आप जितने मारेंगे उतने आतंकवादी ये केंद्र पैदा कर लेंगे। तो पहला रास्ता यही था कि उन सारे चिन्हित केन्द्रों को नष्ट कर दिया जाए। उनके लिए भविष्य में भी गतिविधियां आसान नहीं होंगी क्योंकि अब वहां भारत सहित विश्व भर की दृष्टि होगी। क्या आप सोच सकते हैं कि मुरीदके जैसा अड्डा लश्कर या तैय्यबा या हाफिज जल्दी निर्माण कर सकता है? क्या मसूद अजहर की अब हैसियत मार्केट सुभान के पुनर्निर्माण की है? निश्चय ही प्रधानमंत्री जब तीन-तीन बार तीनों सेना के प्रमुखों और दो बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलते हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह लगातार बैठकें कर रहे हैं तो उसकी परिणति इतनी ही बड़ी होनी थी जिनमें लंबे समय के लिए भारत सीमा पार के बड़े आतंकवादी खतरों से मुक्त हो जाए। मुनीर इस्लाम और कलमा के नाम पर पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर के गले की नस बताते हैं और उसके लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं तो आगे उनको इससे बड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब भारत का राजनीतिक नेतृत्व सीमा पार आतंकवाद को जड़मूल से नष्ट करने का संकल्प ले चुका हो तो सेंड बालवीर उसके अनुरूप उत्साह के साथ तैयारी करते हैं। आगे पाकिस्तान ने नहीं माना तो उसके गर्दन की नस दबने का भी समय आ जाएगा।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।)

विश्लेषण

डॉ. मोनिका राज

संयम से संकल्प तक का नाम है 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत की विदेश और रक्षा नीति में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिला है, किंतु 7 मई 2025 को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की रणनीतिक सोच को एक नया आयाम दिया। यह सैन्य कार्रवाई न केवल एक कूटनीतिक सन्देश थी, बल्कि यह उस ज्वलंत संकल्प का प्रतीक थी जो अब भारत को केवल सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही करने वाला राष्ट्र बनाता है। पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले ने भारत की संवेदनाओं को झकझोर दिया और इसका उत्तर एक ऐसे रूप में आया, जो संयम के साथ सटीकता और गंभीरता से भरा था। ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की बदलती नीति, आत्मनिर्भर सोच और आतंक के खिलाफ उसकी अडिग प्रतिबद्धता का परिचायक है। इसने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाया, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी यह संदेश दिया कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए किसी की अनुमति का मोहताज नहीं रहेगा। भारत ने 7 मई 2025 की सुबह जो सैन्य कार्रवाई की, वह सिर्फ एक और जवाबी हमला नहीं था। यह एक निर्णायक मोड़ था, एक नई रणनीतिक विचारधारा का उद्घोष जिसने यह स्थापित किया कि अब भारत सिर्फ पीड़ित नहीं रहेगा बल्कि एक सक्रिय, सशक्त और निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। "ऑपरेशन सिन्दूर" के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादी ठिकानों पर जो प्रहार किए, वे कई दृष्टियों से अभूतपूर्व थे, रणनीतिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक। यह कार्रवाई किसी आकस्मिक क्रोध का परिणाम नहीं थी, बल्कि एक सुविचारित, रणनीतिक प्रतिक्रिया थी, जिसकी नींव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने रखी थी। इसके जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर एक ऐसा सशक्त वक्तव्य बन गया, जिसने आतंकी गुटों और उनके संरक्षकों को स्पष्ट संकेत दिया कि अब भारत हर प्रहार का जवाब उसी भाषा में देगा। इस सैन्य कार्रवाई का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि भारत ने इसे बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहमति के एकतरफा अंजाम दिया। यह उस पारंपरिक सोच का पूर्ण निषेध था जिसके तहत भारत वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय की स्वीकृति या समर्थन की प्रतीक्षा करता रहा। नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, तो वह अब 'वैश्विक अपेक्षाओं' से बंधा नहीं रहेगा। भारत की यह आत्मनिर्भर और निर्णायक नीति एक नए भू-राजनीतिक युग की शुरुआत का संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने कई स्तरों पर संदेश दिए। सबसे पहले, यह भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में स्थायी परिवर्तन का प्रतीक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक्स और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक्स के बाद, 2025 की यह कार्रवाई दर्शाती है कि अब भारत आतंकवादी हमलों को केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं, बल्कि एक युद्ध जैसा कृत्य मानता है। और इस युद्ध का उत्तर अब सीमित शब्दों में नहीं, बल्कि सटीक प्रहारों में मिलेगा। दूसरे, भारत ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही 'परमाणु धमकी' की रणनीति को पूर्णतः निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान ने अतीत में बार-बार परमाणु हथियारों का डर दिखाकर भारत को किसी भी निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया से रोका था। लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर इस मिथक को तोड़ता है। भारत ने पाकिस्तान के भीतर नौ ठिकानों को नष्ट किया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के मुख्यालय और लॉन्च पैड शामिल थे और यह सब बिना किसी परमाणु प्रतिक्रिया की आशंका के। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत अब 'कूटनीतिक शालीनता' नहीं, बल्कि 'रणनीतिक जवाबदेही' की राह पर चलेगा। इस ऑपरेशन ने घरेलू स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण सन्देश भेजा है। भारत की जनता ने इस कार्रवाई को एक न्यायोचित कदम माना है। पहलगाम के शहीदों के लिए यह न्याय का प्रतीक बना है। इसने देश में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल किया है। साथ ही, यह सरकार के लिए एक राजनीतिक पूंजी भी बनी है, जिससे वह वैश्विक मंचों पर अधिक दृढ़ता से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी आवाज़ उठा सकती है। यह कार्रवाई भारत की उस चेतना का प्रतीक है जो अब न्याय, प्रतिरोध और निर्णायकता के मार्ग पर अग्रसर है। ऑपरेशन सिन्दूर न केवल एक सैन्य अभियान था, बल्कि यह भारत की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, कूटनीतिक स्वतंत्रता और वैश्विक दृष्टिकोण का संकल्प भी है। पाकिस्तान के लिए इस ऑपरेशन का सबसे बड़ा सन्देश यही है, अब संयम की परीक्षा नहीं ली जाएगी। अब भारत हर वार का जवाब देगा तथ्य, ताकत और रणनीति के साथ।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन प्रक्रिया की छानबीन

संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

जिन लोगों में है मतभेद वे कभी नहीं होते सफल



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है।

सटाका

आज की पाती

मां की भूमिका को सलाम

एक मां परिवार की रीढ़ होती है और उसे अपनी भूमिका बखूबी निभाने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत होती है। हर मां अपने बच्चों के लिए दिनभर भागदौड़ करती है, वह भी अपना ख्याल रखे बिना। अगर मां बीमार पड़ जाए तो ऐसा लगता है कि सारे काम रुक गए हैं, इसलिए अपनी हेल्थ के साथ-साथ अपनी मां की हेल्थ भी अच्छी होना जरूरी है। इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे।

- अमित पटवा, दुर्ग

ट्रेंड

क्वॉलिटी कार्रवाई

पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गौरव का विषय है। कोई हमारे संयम का फायदा उठाने की कोशिश करेगा तो उसे कल की तरह 'क्वॉलिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

शहादत पर गर्व

जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर सामना करते हुए हरियाणा के पलवल के बेटे, जवान दिनेश कुमार शर्मा ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। आपकी शहादत पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है।

- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

जवानों को सलाम

हम चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह आतंकवाद के खिलाफ हमारे जवानों ने हिम्मत दिखाई। हम हमारे जवानों को सलाम करते हैं और उनका अभिनंदन करते हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

सटीक प्रहार

युद्ध की बयानबाजी के बिना 'ऑपरेशन सिंदूर' उन क्षेत्रों और संगठनों पर एक सटीक प्रहार है, जिन्होंने निर्दोष नागरिकों को मारने वाले भयानक आतंकवादी का समर्थन किया था।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

करंट अफेयर

सिंगापुर में अर्धनारीश्वर शिव की प्रतिमा प्रदर्शित

सिंगापुर में स्थित इंडियन हैरिटेज सेंटर (आईएचसी) में भगवान शिव के 'अर्धनारीश्वर' स्वरूप की नृत्य मुद्रा वाली दुर्लभ कांस्य प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। यह प्रतिमा उन 60 अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जिन्हें सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने हैरिटेज सेंटर को दान किया है। 'अर्धनारीश्वर' भगवान शिव का एक रूप है, जिसमें आधा शरीर पुरुष (शिव) और आधा महिला (पार्वती) का होता है। आईएचसी ने बुधवार को अपनी 10वीं वर्षगांठ के मौके पर मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान बताया कि इन कलाकृतियों में खूबसूरती से गढ़ा गया, सोने का एक नक्काशीदार कड़ा भी शामिल है, जिस पर दो मोरों की आकृति बनाई गई है। इनमें से तीस कलाकृतियां पहले से ही लिटिल इंडिया परिसर में स्थित आईएचसी में प्रदर्शित हैं। यह प्रदर्शनी सिंगापुर के भारतीय और दक्षिण एशियाई समुदायों के इतिहास एवं विरासत को प्रदर्शित करती है। सलमा मोइज (84) ने कहा कि पिछली पीढ़ियों के अनुभवों को दर्ज करना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन धरोहरों को ऐसी जगह रखा जाए जहां उनकी देखभाल हो और उन्हें सम्मान के साथ सराहा जाए।



ऑफ बीट

सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आए हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। /"प्लैनेटोरियम/" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

जो काम कर रहे हैं, करते रहिए..., सर्वदलीय बैठक में एयरस्ट्राइक की जमकर हुई सराहना

भारतीय सेना के 'पराक्रम' की तारीफ करते हुए विपक्ष ने दिखाई एकजुटता कहा- नेतस्नाबूद करें 'आतंकियों के ठिकाने', हम सब हैं सरकार के साथ

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च कर पाकिस्तान में आतंकियों के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में सभी दलों के नेताओं ने एयरस्ट्राइक की सराहना की और सरकार के हर निर्णय, सेना की हर कार्रवाई में साथ देने की बात कही। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस बैठक में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बैठक में शामिल नहीं होने का मुद्दा उठाया। खरगे ने बैठक में यह भी कहा कि जो काम कर रहे हैं, करते रहिए। हम आपके साथ हैं। उन्होंने बैठक में राफेल मार गिराने के पाकिस्तानी दावे का भी जिक्र किया, लेकिन किसी ने भी इस विषय पर सरकार से जवाब देने को नहीं कहा। सर्वदलीय बैठक के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमें जो बताया गया, हमने वह सुन लिया। हमने सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है।

> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें जो बताया गया, हमने वह सुन लिया। हमने सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं। हमारी पहली प्राथमिकता हमारा अपना देश है।

खरगे ने कहा *एयरस्ट्राइक सराहनीय कदम*

ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए

सांसद सुप्रिया सुले ने बठिंडा में फाइटर जेट का मामला उठाया

ओवैसी ने कहा टीआरएफ के खिलाफ अभियान चले

सुप्रिया सुले ने पूछी वायरल वीडियो की सच्चाई

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने बठिंडा में फाइटर जेट मार गिराए जाने वाले दावे से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट का मुद्दा उठाया। बैठक की शुरुआत में सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में जानकारी दी। सभी पार्टियों के नेताओं ने सरकार के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि हम साथ हैं। बैठक के बाद बाहर आए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे अच्छा बताया।

तो फिर करेंगे कार्रवाई

दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे।

यह समय एकजुटता का राहुल गांधी बोले

मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि हमने कहा है कि देशहित में सरकार के साथ रहेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम एकजुट हैं और शुरुआत से ही सरकार के साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हां, कुछ चिंताएं हैं लेकिन ठीक है। यह समय एकजुटता का है। बैठक के बाद राहुल गांधी ने बाहर आकर कहा कि हम सभी ने सरकार को समर्थन दिया है। सभी दलों के नेताओं को बोलने के लिए 4 से 5 मिनट का समय दिया गया। कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी सर्वदलीय बैठक से प्रधानमंत्री की गैरमौजूदगी का मुद्दा उठाया।

पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का प्रयास करना चाहिएः ओवैसी

सर्वदलीय बैठक के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है। मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के खिलाफ एक वैश्विक अभियान चलाना चाहिए। मैंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को अमेरिका से इसे (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का अनुरोध करना चाहिए। हमें एफएटीएफ में पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का भी प्रयास करना चाहिए। ओवैसी ने कहा, सरकार के पास कश्मीर में पाकिस्तान से भिड़ने और कश्मीरियों को अपनाने का सुनहरा अवसर है। पुंछ में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उन्हें आतंकवाद पीड़ित घोषित किया जाना चाहिए। सरकार को उन्हें मुआवजा देना चाहिए और उनके लिए घर मुहैया कराने चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन के कारण उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि (ऑपरेशन सिंदूर से) यह है कि भवालपुर और मुरीदके, दो ज्ञात आतंकवादी स्थल नष्ट कर दिए गए।

एक पखवाड़े में दूसरी सर्वदलीय बैठक

इससे पहले 24 अप्रैल को पार्लियामेंट एनेक्सी में 2 घंटे तक सर्वदलीय बैठक हुई थी। इसमें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के बायसरन घाटी में आतंकी हमले की जानकारी दी गई थी। इस आतंकी घटना में 25 टूरिस्ट और एक स्थानीय घोड़ेवाले की मौत हो गई थी। 14 दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने माना था कि पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि अधिकारियों ने मीटिंग में विपक्षी नेताओं को सुरक्षा में हुई चूक के बारे में जानकारी दी।

स्टेडियम को उड़ाने की मिली धमकी, आईपीएल से पहले बढ़ाई सुरक्षा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट पर जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर एक बार फिर सुरक्षा के लिहाज से केंद्र में आ गई है। गुरुवार सुबह सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। यह धमकी सुबह 9:13 बजे राजस्थान क्रीड़ा परिषद को ईमेल के माध्यम से भेजी गई, जिसमें लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा।

स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैः मंत्री राठौड़

राज्य के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलने के बाद मैंने प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं और प्रदेश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन घबराएं नहीं, सब कुछ सुरक्षित और नियंत्रण में है।

कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

धमकी भरा ईमेल मिलते ही क्रीड़ा परिषद के अधिकारियों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम), बम निरोधक दस्ता, साइबर सेल और जयपुर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्टेडियम को खाली करवा कर पूरे परिसर को सील कर दिया गया और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई।

मैच से पहले बढ़ी सुरक्षा

एसएमएस स्टेडियम में आने वाले दिनों में एक महत्वपूर्ण आईपीएल मैच होना है, ऐसे में इस धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गई हैं। मुख्य प्रवेश द्वारों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं और प्रत्येक आगंतुक की गहन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

साइबर जांच शुरू, संदिग्ध की तलाश

पुलिस की साइबर टीम ईमेल भेजने वाले की पहचान में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल की भाषा और संदर्भ ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी हो सकती है, इसलिए जांच एजेंसियां इसे बड़ी साजिश के एंगल से भी देख रही हैं। पुलिस और प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह या डर में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

लोकप्रिय हुआ ऑपरेशन सिंदूर, बिहार में जन्मी बेटी का नाम सिंदूरी तो बेटे का नाम रखा सिंदूर, फौज में भेजने का सपना

मुजफ्फरपुर।पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की रात बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मे 12 नवजात का नाम उनके परिवारों ने सिंदूर रखा है। वहीं, कटिहार का परिवार अपनी बेटी को 'सिंदूरी' बुलाएगा। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक थी। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। कटिहार में जन्मी बच्ची सिंदूरी के परिजन का कहना है कि पाकिस्तान पर हमले और उसी दिन उसी दिन बेटी के जन्म से वे सभी बेहद खुश हैं। कटिहार में बच्ची की मां राखी कुमारी के कहा-दो खुशी एक साथ आई हैं। घर में बेटी का जन्म हुआ और उधर पाकिस्तान पर हमला। मैं अपनी बेटी को फौज में भेजूंगी, ताकि वह देश की सेवा करे। सिंदूरी के परिजन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के साथ आम भारतीय भी खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह लम्हा सिर्फ एक नामकरण नहीं, देशभक्ति और भावनात्मक जुड़ाव की एक मिसाल बन गया है।

जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनाएंगे

मुजफ्फरपुर के बोचहा प्रखंड के कन्हारा निवासी हिमांशु राज ने अपनी बहन की बेटी का नाम सिंदूर रखा है। वे हर साल अपनी बेटी के जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनाएंगे। हिंमाशु राज कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमले के दौरान उनकी भांजी का जन्म हुआ है। इसलिए उसका नाम इन्होंने सिंदूर रखा है। हम लोगों ने हमले का वीडियो देखा, तो बहुत अच्छा लगा है। वहीं, बच्ची के पिता कहते हैं, नाम से भी फर्क पड़ता है। इससे बच्चे पर अच्छा असर पड़ेगा।

बड़ा होकर देश की सेवा करेगा पोता

सीतामढ़ी के बेलसंड थाना क्षेत्र की रहने वाली वंदना देवी ने अपने पोते का नाम सिंदूर रखा है। वंदना देवी का कहना है कि उनका पोता बड़ा होकर सेना में जाकर देश की सेवा करेगा। वहीं, मोतिहारी के फेनहारा के रहने वाले दवा कारोबारी अनिकेत कुमार ने भी अपने नवजात बेटे का नाम सिंदूर रखा है। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को उचित जवाब दिया है। बच्ची की दादी मधु देवी कहती हैं कि पोता हुआ है। उसका नाम सिंदूर रखा है। क्योंकि ये नाम बहुत अच्छा लगा। मुजफ्फरपुर अस्पताल के नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ.सिद्धार्थ ने बताया, 'कल हमारे अस्पताल में 12 बच्चों का जन्म हुआ है। लड़का हो, या लड़की हो बच्चे का नाम सिंदूर रखा गया है। ये गर्व की बात है।

मुंबई से हवाई यात्रा करना हुआ महंगा, बढ़ाया गया यूडीएफ

अब घरेलू यात्रा के लिए चुकाने होंगे 175 रुपए

नई दिल्ली। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने 16 मई से नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। अभी यह 120 रुपये वसूल की जाती है। मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनोमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए 175 रुपए निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा। नियामक ने गुरुवार को कहा कि घरेलू यात्रियों से हर उड़ान पर 175 रुपए लिए जाएंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि सभी हितधारकों के बीच वैमानिकी शुल्क बराबर बांटा जाए। इसके साथ ही नया शुल्क चार साल तक लागू रहेगा। इससे पहले यूजर डेवलपमेंट फीस अगस्त 2024 तक हर उड़ान पर घरेलू यात्रियों से 120 रुपए ली जाती थी।

एईआरए ने 16 मई से नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया

लैंडिंग और पार्किंग शुल्क कम किए गए

एईआरए ने कहा इस शुल्क से हम यात्रियों की सुविधाओं में सुधार की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क को भी कम कर दिया गया है। समान हवाई अड्डों के शुल्कों को ध्यान में रखते हुए नई शुल्क लागू की जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय उड़ान में क्लास के अनुसार होगी यूडीएफ

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्लास के अनुसार से अलग- अलग यूडीएफ तय किया गया है। इकोनोमी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए यह अलग-अलग होगा। इकॉनमी क्लास में अंतरराष्ट्रीय उड़ान करने वाले यात्रियों को प्रति उड़ान 615 रुपए यूडीएफ होगा। वहीं, बिजनेस क्लास में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के लिए 695 रुपए देना होगा।

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ी

राफेल पर नींबू मिर्च लगाकर बयान देने वाले अजय राय पर प्रकरण दर्ज

खिलौने पर नींबू मिर्ची लटकाकर राफेल विमान को लेकर बयानबाजी करने के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी के चेतगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और बयान जारी कर अफवाह फैलाने की धारा में अभियोग दर्ज किया गया है। मुकदमा राष्ट्रवादी हिन्दू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व छावनी क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज कराने वाले प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वह बीते पांच मई को अपने संगठन के कार्यालय जगतगंज, लहुराबीर पर पदाधिकारियों संग बैठे थे कि उनको जानकारी हुई कि अजय राय ने एक खिलौना विमान को नींबू मिर्ची बांधकर मीडिया के सामने जारी किया है।

भारतीय सेना उपहास उड़ाया था

खिलौना विमान की तुलना भारत के राफेल विमान से करते हुए राफेल लड़ाकू विमान को बेकार बताते हुए भारतीय सेना का उपहास किया है। बताया कि अजय राय के इस कृत्य से दुश्मन देश पाकिस्तान में देश का उपहास किया गया है। अजय राय की इस प्रकार की गतिविधियां भारतीय सेना का मनोबल गिराने का न केवल कुप्रयास था बल्कि शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान का भी मनोबल बढ़ाने वाला तथा राष्ट्रविरोधी माहौल को बढ़ावा देने का कुत्सित प्रयास भी था।

मालेगांव ब्लास्ट का फैसला 31 जुलाई तक टला

भोपाल। महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसला टल गया है। गुरुवार को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से दोषियों को सजा सुनाने के लिए 31 जुलाई तक का समय मांगा है। माना जा रहा है कि अब एनआईए कोर्ट 31 जुलाई को फैसला सु ना ए गा । इससे पहले गुरुवार सुबह मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह समेत सभी आरोपी और पीड़ित कोर्ट पहुंचे। केस की मुख्य आरोपी भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर हैं। साध्वी के अलावा लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत कुल 12 आरोपी हैं, जिन पर आतंकी साजिश, हत्या, धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप हैं।

हाईकोर्ट के आदेश का दिया हवाला

कहीं भी नहीं लिखा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दें

पानी पर रारः सीएम मान बोले-बीबीएमबी चेयरमैन ने गैरकानूनी ढंग से गेट खोले

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

23 अप्रैल 2025 को बीबीएमबी की तकनीकी समिति ने हरियाणा को 8500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया था। इस पानी में राजस्थान और दिल्ली के हिस्से का जल भी शामिल था। इसका पंजाब ने विरोध किया था।

पंजाब सरकार और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के बीच टकराव ने नया मोड़ ले लिया है। पंजाब सरकार ने बीबीएमबी के डायरेक्टर (सुरक्षा) को पत्र भेजकर कहा है कि जब तक 2 मई को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के मिनट्स पंजाब जल संसाधन विभाग को नहीं सौंपे जाते, तब तक कोई भी कार्रवाई न की जाए।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी सुबह बिना किसी सूचना के नंगल डैम के गेट्स खोलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंजाब का एक गेट बंद कर हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के लिए 200 क्यूसेक पानी का गेट खोल दिया। सीएम मान ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में यह कहीं भी नहीं लिखा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दिया जाए। आदेश में केवल यह लिखा गया है कि बीते दिनों में केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जो कहा गया है, उसका पालन किया जाए। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी चेयरमैन के पास केंद्र गृह सचिव की बैठक के न मिनिट्स थे और न कोई आदेश, ऐसे में उन्होंने डैम पर पहुंचकर गैर कानूनी ढंग से गेट्स खोले। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने उन्हें शाम को मुलाकात करने के लिए कहा।

पंजाब पुलिस ने डैम परिसर में नहीं करने दिया था प्रवेश

बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी आज गुपचुप तरीके से नंगल डैम पहुंचे, लेकिन पंजाब पुलिस ने उन्हें डैम परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। जानकारी के अनुसार, डैम के बाहर पहले से तैनात पुलिस ने न केवल चेयरमैन बल्कि अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अंदर जाने से मना कर दिया। मनोज त्रिपाठी को बंधक बना लिया गया। मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने रोपड़ के डीआईजी को फोन कर पुलिस भेज कर बीबीएमबी चेयरमैन को हिरासत में लेने के लिए कहा।

आदेश का अनुपालन न होने पर मांगा जवाब

दिल्ली-यूपी-हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने राजधानी दिल्ली और इससे लगते राज्यों यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने उसके अगस्त 2024 के निर्देशों का पालन न करने की बात कही है। जिसमें अदालत ने इस साल 30 अप्रैल तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि अधिकारियों को उसके निर्देशों का पालन न करने के लिए दंडित क्यों न किया जाए।

पाकिस्तान की नापाक कोशिश का भारत ने दिया तगड़ा जवाब

रावलपिंडी सहित कई प्रमुख शहरों को भारतीय ड्रोन ने पहुंचाया भारी नुकसान, लाहौर में गूंजते रहे बड़े धमाके

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ बुधवार, 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' को अंजाम दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशान बनाकर हमले करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमले को नाकाम कर दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी, लाहौर और कराची जैसे प्रमुख शहरों के अलावा गुजरांवाला, चकवाल, अटक, बहावलपुर, मियानो और छोर में भारी नुकसान हुआ है।

कराची में ड्रोन अटैक से छत क्षतिग्रस्त हुई

कराची में रहने वाले एक शख्स ने बताया कि सुबह 10 बजे के करीब कोई ड्रोन आया और सीधे छत से टकराया। इसके बाद पूरी छत टूट गई और गड्ढा हो गया। स्थानीय के मुताबिक इसके बाद कराची में ब्लैकआउट कर दिया गया क्योंकि बिजली के तारों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरा मच गई। कराची से जो तस्वीरें सामने आईं हैं उनमें देखा जा सकता है कि एक घर की छत पूरी तरह से बर्बाद हो गई और घर के अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है।

लाहौर में बजा इमरजेंसी सायरन

इसी तरह की तस्वीरें लाहौर से भी आई हैं जहां एक के बाद एक कई एंबुलेंस सड़क पर जाती दिख रही हैं। इसके अलावा पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी देखा जा सकता है। लाहौर में इमरजेंसी सायरन की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। शहर की कई इमारतों को ड्रोन हमले से भारी नुकसान पहुंचा है। लाहौर में भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद हर तरफ भगदड़ जैसा माहौल देखा जा सकता है।

रावलपिंडी में होने वाला मैच कराची में शिफ्ट

भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को भी नुकसान पहुंचा है। यहां गुरुवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का मैच खेला जाना था, जिसमें पेशावर और कराची की टीमें आमने-सामने होने वाली हैं। इस मैच को कराची में शिफ्ट कर दिया गया है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एक इमरजेंसी बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया है।

गुजरांवाला में एक के बाद एक धमाके

पाकिस्तान के गुजरांवाला में तड़के एक के बाद एक धमाकों की आवाजें सुनाई दी हैं। इसके बाद सड़कों पर चलने वाले वाहन अचानक तेजी से दौड़ने नजर आए हैं। इन हमलों के बाद भी पाकिस्तान के होश ठिकाने नहीं आए हैं। पीएम शहबाज शरीफ ने ड्रोन अटैक के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। साथ ही पाकिस्तानी संसद में भी हमले से घबराकर सांसद रोते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पाक को मुंहतोड़ जवाब देंगे

ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। यह पूरी तरह नपी-तुली और सावधानी पूर्ण सैन्य कार्रवाई थी। लेकिन पाकिस्तान ने इसका बदला लेने के लिए 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान को प्रमुख शहरों को ड्रोन से निशाना बनाकर उनका पूरा एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया है। भारत ने बयान में कहा कि पाकिस्तान की ओर से उकसावे की इस कार्रवाई का पाकिस्तान को उसी स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दिया

ईरान को दो टूक- सैन्य कार्रवाई हुई, तो कड़ा जवाब देंगे

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच सऊदी अरब के विदेश राज्यमंत्री अदेल अलीजुबैर अचानक से दिल्ली पहुंचे हैं। सऊदी अरब के मंत्री के इस दौरे को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सऊदी अरब के मंत्री ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बुधवार की मध्य रात्रि नई दिल्ली पहुंचे। गुरुवार को उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को द्विपक्षीय बैठक की। अवसर था 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक का जिसमें भारत ने सह-अध्यक्षता की। जयशंकर ने अराघची को भारतीय सेना की तरफ से की गई एयर स्ट्राइक के बारे में जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि आपको स्थिति की अच्छी समझ हो। उन्होंने कहा कि इस साल हमारी कूटनीतिक साझेदारी की 75वीं वर्षगांठ है, जो हमारी गहरी दोस्ती और सहयोग को दर्शाती

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर

एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में समझना होगा

आप ऐसे समय में भारत आए हैं, जब हम 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए एक क्रूर आतंकी हमले का जवाब दे रहे हैं। इसके जवाब में हमने 7 मई को सीमा पार आतंकी ढांचे पर लक्षित और संयमित कार्रवाई की। हमारा इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है, लेकिन अगर हम पर सैन्य हमले होते हैं, तो उसका जवाब बहुत कड़ा होगा। एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में आपके लिए स्थिति को समझना महत्वपूर्ण है।

ब्रिटेन की संसद में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज

'ये वही देश जहां लादेन छिपा था', सांसद प्रीति पटेल ने दिया समर्थन

लंदन। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना अब दुनिया भर में हो रही है। ब्रिटेन की संसद में कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद प्रीति पटेल ने भारत को समर्थन दिया है। प्रीति पटेल ने भारत के ऑपरेशन

सिंदूर के फैसले को सही बताया है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी रक्षा के लिए उचित और सही कदम उठाने का अधिकार है, साथ ही उस घृणित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का अधिकार है, जो उसे लगातार खतरे में डाल रहा है। प्रीति पटेल ने आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है। प्रीति पटेल ने आगे कहा, पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा हैं। यह वह देश था जिसमें ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था और भारत पर आतंकवादियों द्वारा की जा रही हिंसा के लंबे इतिहास के कारण, ब्रिटेन ने भारत के साथ लंबे सुरक्षा सहयोग समझौते किए हैं। प्रीति पटेल ने सरकार से वैश्विक आतंकवाद के खतरों से निपटने में ब्रिटेन के सहयोगियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को देखते हुए, ब्रिटेन सरकार को हमारे मित्रों और सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने में सबसे आगे रहना चाहिए, ताकि हम सामूहिक रूप से जिन आतंकवादी खतरों का सामना कर रहे हैं, उनसे निपटा जा सके।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद 'चिकन नेक' पर बढ़ाई गई चौकसी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की मिसाइल स्ट्राइक के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' के इस जवाबी हमले के बाद एक बार फिर देश की सुरक्षा एजेंसियों की नजर उत्तर बंगाल के 'चिकन नेक' क्षेत्र पर है, जिसे सामरिक दृष्टि से भारत की सबसे संवेदनशील भौगोलिक कमजोरी माना जाता है।

'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर'

उत्तर बंगाल के सिलिगुड़ी में स्थित यह संकीर्ण गलियारा 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर' या 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है। यह भारत के मुख्य भूभाग को उत्तर-पूर्व के सात राज्यों से जोड़ता है। सबसे संकीर्ण हिस्से में इसकी चौड़ाई मात्र 20 किलोमीटर है। इस गलियारे की विशेषता यह है कि यह नेपाल, भूटान और बांग्लादेश—तीनों देशों की सीमाओं के बिल्कुल करीब है। विशेषज्ञों के अनुसार, यही वह क्षेत्र है जिसे निशाना बनाकर भारत को रणनीतिक रूप से अलग-थलग करने की साजिशें रची जाती हैं।

पाक-चीन मिलकर कर सकते हैं टारगेट

सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर इस क्षेत्र को टारगेट कर सकता है। यही वजह है कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद यहां चौकसी और बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, सीमा पर मादक पदार्थों, हथियारों और नकली नोटों की तस्करी रोकने के लिए पहले से ही विशेष नजर रखी जा रही है, लेकिन अब निगरानी को और कड़ा किया गया है। सीमा की कमजोरियों का फायदा उठाकर आतंकियों की घुसपैठ की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं।

सिंगापुर की सलाह जम्मू-कश्मीर और पाक की यात्रा नहीं करें

सिंगापुर ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अपने नागरिकों को भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की सभी गैर-जरूरी यात्राएं टालने की सलाह दी है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने बुधवार को यात्रियों से विशेष रूप से पाकिस्तान और भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा के प्रति सावधानी बरतने की अपील की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुरवासियों को सतर्क रहने और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। वे बड़ी सभाओं में जाने से बचें, स्थानीय समाचारों पर बारीकी से नजर रखें, स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें और विदेश मंत्रालय में ई-पंजीकरण करवाएं। परामर्श में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुरवासी भी राजनयिक सहायता ले सकते हैं।

भारत को जवाबी कार्रवाई करने और अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार: हेली

भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निकी हेली ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी कार्रवाई करने और अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को 'पीड़ित' की भूमिका निभाने का अधिकार नहीं है।

हेली ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवादियों ने एक हमला किया जिसमें दर्जनों भारतीय नागरिक मारे गए। भारत को जवाबी कार्रवाई करने और अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। पाकिस्तान को पीड़ित की भूमिका निभाने का अधिकार नहीं है। किसी भी देश को आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने की छूट नहीं है। हेली दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हैं और डोनाल्ड ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्यरत थीं। वह अमेरिकी प्रशासन में कैबिनेट स्तर के पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी थीं। बता दें, भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया है।

चीन ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

हम आतंकवाद के खिलाफ

चीन ने सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हुए भारत और पाकिस्तान से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में

कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दोनों मुल्कों से संयम बरतने और अमन को बढ़ावा देने की गुजारिश की। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे भारत-पाकिस्तान तनाव में चीनी जेट विमानों की किसी भी भूमिका की जानकारी नहीं है। यह बयान तब आया जब भारत ने एक दिन पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मिसाइलों से एयर स्ट्राइक किया। लिन जियान ने साफ कहा कि चीन इस मसले से वाकिफ नहीं है और इस मामले की कोई खास जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। चीन ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाने की कोशिश की है। लेकिन क्षेत्र में उसकी सैन्य मौजूदगी और सहयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

भारत-नेपाल बॉर्डर हाई अलर्ट पर

अवैध रूप से प्रवेश कर रहे 4 चीनी गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल से रक्सौल बॉर्डर के रास्ते भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करते चीन के संदिग्ध चार नागरिकों को एसएसबी ने नेपाल-भारत मैत्री ब्रिज से गिरफ्तार कर लिया। इममें एक महिला भी है। वह बार- बार अपना बयान बदल रही है। एसएसबी के अनुसार, चीन की महिला खुद को कभी नेपाल तो कभी चीन का नागरिक बता रही है। वह हिंदी , नेपाली , अंग्रेजी और चीनी भाषा फर्राटेदार बोल रही है। जांच अधिकारियों ने बताया कि इस महिला के पास मिले कागजों में पाकिस्तान के मोबाइल नंबर मिले हैं। इस महिला का संबंध पाकिस्तान भी हो सकता है। वह वहां के किसी व्यक्ति के संपर्क में है। एसएसबी के अनुसार, तीनों पुरुष चीनी नागरिक पिछले एक हफ्ते से काठमांडू में रह रहे थे और रक्सौल बॉर्डर से भारत में घुसपैठ करना चाहते थे। इस काम में उनकी मदद यह चीनी महिला कर रही थी। चारों से पूछताछ जारी है।

सभी लोगों की जा रही गहन जांच

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-नेपाल के रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यहां से गुजरने वाले सभी लोगों की गहन जांच की जा रही है। भारत में प्रवेश करने वाले लोगों का पहचान पत्र देख कर ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।

टेलिकॉम कंपनियों को सख्त आदेश

आपदा के स्तर की करें तैयारी, नेटवर्क को बनाएं और अधिक सुरक्षित

भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई स्ट्राइक के बाद दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सभी प्राइवेट और सरकारी टेलिकॉम कंपनियों को आपदा के स्तर की तैयारियां करने को कहा है। इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने कंपनियों को अपने नेटवर्क को ज्यादा सुरक्षित बनाने की बात भी कही है। दरअसल, भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से साइबर हमलों का खतरा बढ़ गया है। इसी वजह से ये सख्त आदेश डीओटी की ओर से टेलिकॉम कंपनियों को दिए गए हैं।

डीओटी ने अपने आदेश में एयरटेल, जियो, बीएसएनएल, और वीआई को कनेक्टिविटी सुधारने की बात कही है। इसके लिए कंपनियों को आपस में मिल कर काम करने को भी कहा गया है।

टेलिकॉम कंपनियों को बॉर्डर के इलाकों में नेटवर्क कनेक्टिविटी पर खासा ध्यान देने को कहा गया है। इसके अलावा इन कंपनियों को उन जगहों की सूची बनाने के लिए भी कहा गया है जिन्हें आपात स्थिति में हर हाल में चालू रखा जा सके।

पाक के शेयर बाजार में आया भूचाल

6000 से अधिक अंकों की गिरावट, कीमती धातुओं आयात-निर्यात प्रतिबंधित

भारत की ओर से आतंकियों पर की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। गुरुवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया। केएसई100 सूचकांक कारोबार रोके जाने से पहले 6,948.73 अंक यानी 6.32 प्रतिशत गिरकर 1,03,060.30 अंक पर आ गया। सूचकांक में गिरावट का मुख्य कारण सीमेंट, ऊर्जा, बैंक और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख शेयरों में नकारात्मक रुझान था, जिसने सामूहिक रूप से सूचकांक को नीचे खींच दिया। पाकिस्तान ने गुरुवार से कीमती धातुओं, आभूषणों और रत्नों के आयात और निर्यात पर 60 दिन का प्रतिबंध लगा दिया है। यह अस्थायी प्रतिबंध वाणिज्य मंत्रालय के आदेश द्वारा लगाया गया था, जिसमें 2013 के एसआरओ 760 को निलंबित कर दिया गया था, जो कीमती धातुओं के व्यापार को नियंत्रित करता है।

पाक के समर्थन में आया अलकायदा, कहा - भारत के खिलाफ अब जेहाद का वक्त

पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भारतीय बलों की सफलतापूर्वक सैन्य कार्रवाई के बाद अलकायदा ने बयान जारी किया है। अलकायदा की भारतीय उपमहाद्वीप (एक्यूआईएस) ने पाकिस्तान में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की निंदा की है और उपमहाद्वीप में जेहाद का आह्वान किया है। कहा कि इस्लाम के सभी मुजाहिदीनों और उपमहाद्वीप के मुसलमानों के लिए भारत के खिलाफ यह युद्ध एक जेहाद है। अल्लाह का नाम बुलंद करने, इस्लाम और मुसलमानों की रक्षा करने और उपमहाद्वीप के उत्पीड़ित लोगों का समर्थन करने के लिए इस संघर्ष में शामिल होना हमारा कर्तव्य है। अब उपमहाद्वीप के मुसलमानों के लिए इस उद्देश्य के समर्थन में खड़े होना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। निश्चित तौर पर हम अल्लाह के हैं और हमें वापस उसी के पास जाना है।

मुसलमानों का बताया युद्ध

बयान में कहा गया है कि इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ भारत का युद्ध नया नहीं है। भारत का युद्ध पहलगाम की घटना से नहीं शुरू हुआ, यह आक्रामकता दशकों से जारी है। भारत और कश्मीर के मुसलमानों ने इतिहास में लंबे समय तक सबसे बुरे प्रकार के उत्पीड़न और अत्याचार सहा है। मोदी सरकार इस्लाम और मुसलमानों को खत्म करने के लिए सैन्य,राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक युद्ध लड़ रही है।'

ऑपरेशन सिंदूर से नेपाल में भी जश्न

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई से खुश हैं लोग

एजेंसी ⏭ काठमांडू

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई से पड़ोसी देश नेपाल में भी जश्न का माहौल है। इस ऑपरेशन से उत्साहित नेपाल के लोग भारत के इस कदम का समर्थन कर रहे हैं। नेपाल के जनकपुर, महोत्तरी, जलेश्वर आदि सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों ने भारतीय सैन्य कार्रवाई पर खुशी जाहिर की है। कई जगहों पर लोगों ने एकजुट होकर

जश्न मनाया। नेपाल के राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री राजेंद्र महतो ने कहा है आंतकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उन्होंने भारतीय सेना के ऑपरेशन के पक्ष में कहा कि आंतकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सभी देशों को एक साथ आना चाहिए।

800 करोड़ का जीएसटी घोटाला

झारखंड व बंगाल के नौ ठिकानों पर ईडी की रेड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। यह छापेमारी 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में की गई है। झारखंड में रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। दोनों राज्यों के

कारोबारियों ने कुल 14,325 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस बनाकर 800 करोड़ से ज्यादा के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया था। जिन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अन्य शामिल हैं।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर हादसा

आईईडी ब्लास्ट में 5 जवान हुए शहीद, 10 नक्सली भी ढेर

एजेंसी ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों पर माओवादियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस अटैक में 5 जवान शहीद हो गए हैं। यह ब्लास्ट मुलुगू जिले के जंगल में नक्सलियों द्वारा किया गया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने 10 माओवादियों को मार गिराया गया, जिसमें कई बड़े कैडर के नक्सली शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक तेलंगाना ग्रेहाउंड्स बल के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, जिसमें से कुछ जवान विस्फोट में घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती किया है। विस्फोट के बाद माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई है।

अब सैटेलाइट से चलेगा इंटरनेट

मस्क की स्टारलिंक को मिली मंजूरी, डीओटी ने दिया है पत्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस को रोल आउट करने के लिए भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। स्टारलिंक को दूरसंचार विभाग यानी डीओटी द्वारा लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है। हालांकि कंपनी को अभी तक फाइनल लाइसेंस नहीं मिला है, जिसे 'ऑल लाइसेंस कंडीशंस' को पूरा करने पर जारी किया जाएगा।

23 हजार फेसबुक पेज बैन

मेटा ने मार्च 2025 में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 23,000 से अधिक फेसबुक पेज और अकाउंट्स को हटा दिया जो भारत और ब्राजील में लोगों को नकली निवेश योजनाओं और जुए के एप्स के जरिए ठग रहे थे।

क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, पूर्व में हो चुकी है तीन आरोपियों की इंदौर और नर्मदापुरम से गिरफ्तारी

एनजीओ में डोनेशन दिलाने का झांसा देकर बदमाशों ने की 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी, पुलिस ने मुंबई से किया सरगना सहित 3 गुर्गों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अनिल मौर्य

संदीप पांडेय

मनीष पाल

एनजीओ में डोनेशन (अनुदान) दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली गैंग के तीन अन्य सदस्यों को क्राइम ब्रांच ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। इनमें गैंग का सरगना भी शामिल है। आरोपियों ने मुंबई में फर्जी फर्म तैयार कर उसी फर्म के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाकर ठगी की रकम हासिल की थी।

क्राइम ब्रांच की टीम गैंग के तीन सदस्यों को पूर्व में इंदौर और नर्मदापुरम से गिरफ्तार कर चुकी है। जानकारी के अनुसार फरियादी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि एनजीओ में डोनेशन दिलाने के नाम पर अज्ञात लोगों ने 18 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की है। शिकायत की जांच के बाद आरोपियों के मोबाइल नंबर और फ्राड बैंक अकाउंट के वास्तविक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर शुरू की गई। जांच में तकनीकी जानकारी के आधार पर अपराध में इस्तेमाल हुए मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट की जानकारी प्राप्त की गई। हिरासत में लिए गए आरोपियों से भी पुलिस को अहम जानकारी प्राप्त हुई।

जानकारी के आधार पर घाटकोपर मुंबई महाराष्ट्र इलाके में दबिश देकर आरोपी अनिल मौर्य (27) निवासी साबे रोड दीबा थाना मुंब्रा जिला ठाणे महाराष्ट्र, मनीष पाल (34) निवासी साकी नाका कुर्ला मुंबई व संदीप पांडेय उर्फ यश (37) निवासी नेताजी नगर साकी नाका कुर्ला मुंबई को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। आरोपी अनिल मौर्य मूलरूप से सुल्तानपुर यूपी का रहने वाला है, जबकि संदीप पांडेय रानीगंज जिला प्रतापगढ़ यूपी का रहने वाला है।

20 करोड़ रुपए का डोनेशन दिलाने दिया था लालच

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ठगी के उद्देश्य से भोपाल व इंदौर में फरियादी के साथ मीटिंग की थी। मीटिंग के दौरान फरियादी को 20 करोड़ डोनेशन दिलाने का लालच दिया गया। इस प्रकार एनजीओ में डोनेशन के नाम पर गिरोह ने 18 लाख की ठगी की। ठगी की राशि हासिल करने के बाद आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए थे।

संदीप उर्फ यश है गिरोह का सरगना

आरोपी अनिल मौर्य गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ एनजीओ की मीटिंग में भाग लेकर गिरोह के सरगना संदीप पांडेय के कहने पर एनजीओ से 15 लाख रुपए की डीडी हासिल कर उसे देता था। बाद में उसे ठगी की रकम में से अपना हिस्सा मिल जाता था। आरोपी मनीष पाल पेशे से ऑटो चालक है। उसका काम गिरोह के सरगना संदीप पांडेय के साथ मिलकर फर्जी फर्म रजिस्टर कराकर फर्जी फर्म के नाम पर बैंक खाता ओपन कराना था। सरगना संदीप पांडेय गिरोह के सदस्यों में काम का बंटवारा करता था। ठगी की रकम मिलने के बाद अपना हिस्सा रखकर अन्य सदस्यों को उनका हिस्सा देता था।

खबर संक्षेप

दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोपी अब भी फरार

भोपाल। छात्राओं से हुए दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग सहित धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी साहिल और साद को पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। अब उक्त प्रकरण में सभी आरोपी जेल जा चुके हैं। पुलिस ने भी फिलहाल किसी की भी रिमांड नहीं मांगी है। इससे माना जा रहा है कि पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है। ऐशबाग थाने में साहिल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था। सनसनीखेज मामले में आरोपी अबरार की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अबरार की तलाश के पुलिस की टीम पश्चिम बंगाल भी गई थी, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली सकी, जिसके बाद अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस ने कुछ दिन पहले उस पर 10-10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस अबरार की लगातार तलाश कर रही है।

प्रदेश के स्कूलों में 15 हजार ईको क्लब का गठन

भोपाल। प्रदेश में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के लिए विद्यालयों में ईको क्लब का गठन लगातार किया जा रहा है। अब तक 15 हजार ईको क्लब का गठन किया जा चुका है। प्रदेश में वर्ष 2022-23 से यूथ एण्ड ईको क्लब के गठन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ईको क्लब की गतिविधियों के संबंध में कैलेंडर जारी किया जाता है। शैक्षणिक सत्र-2024-25 में 5 से 12 जून, 2024 तक राज्य में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत समर कैम्प का आयोजन किया गया।

पायल और अंश ने किया नगर का नाम रोशन

औबेदुल्लागंज। नगर में कुमारी पायल नागर ने कक्षा 12वीं गणित संकाय से 90% अंक एवं दसवीं के छात्र अंश नागर ने 94.6% अंक प्राप्त कर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों विद्यार्थियों को एनके यादव आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपा नेता चौहान के पिता का निधन

औबेदुल्लागंज। भाजपा नेता महेंद्र सिंह चौहान के पिता परशुराम

चौहान का निधन होने से वार्ड 5 में शोक की लहर है। चौहान ढाबे वाले कल्याण चौहान, राजेंद्र चौहान, जितेंद्र चौहान ने कहा पिता के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक है। विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, मनोज चौरसिया, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, आमिर ममनून, बब्बी अरोरा, विक्रम धाड़ी आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। परशुराम चौहान का औबेदुल्लागंज श्मशान घाट पर गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया।

शुभांक

कल्याणः	1736		
दिनः	123	62	138
रातः	116	81	489
ताराः			
दिनः	458	71	290
रातः	159	56	457

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित खेरखेड़ी पुलिया के पास हुआ हादसा

शादी समारोह से लौटते समय बाइक खंती में गिरी, दो दोस्तों की हुई मौत

नजीराबाद के गांव कढ़ैया कलां में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे दोनों युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक की मौके पर ही मौत, दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा



नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित खेरखेड़ी पुलिया के पास अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बनी खंती में जा गिरी। बुधवार देर रात हुए इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हादसा शादी से अपने गांव लौटते समय हुआ था।

थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि गोलू कुशवाह पिता काशीराम कुशवाह (24) सुठालिया, जिला राजगढ़ का था और मजदूरी करता था। बुधवार रात अपने दोस्त घनश्याम कुशवाह पिता गोपाल कुशवाह (25) मधुसूदनगढ़, जिला गुना के साथ नजीराबाद के गांव कढ़ैया कला में शादी में शामिल होने पहुंचे। बुधवार देर रात दोनों दोस्त बाइक से मधुसूदनगढ़ जाने के लिए निकले थे। दोनों नजीराबाद स्थित खेरखेड़ी गांव पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि पुलिया से पहले उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी खंती में जा गिरी। हादसे के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद गोलू को मृत घोषित कर दिया, जबकि हालत नाजुक देखते हुए घनश्याम को प्राइवेट अस्पताल रेफर किया गया था। गुरुवार सुबह करीब छह बजे उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजन को देर रात ही दे दी गई थी। गुरुवार सुबह परिजन को शव पीएम के बाद सौंप दिए गए है।

युवती ने फांसी लगाकर दी जान, नहीं मिला सुसाइड नोट

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ढोलक बस्ती जाटखेड़ी में बुधवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मां के अस्पताल में भर्ती होने के बाद से वह काफी तनाव में थी। पुलिस के अनुसार खुशबू पांडेय पिता शत्रुघन (23) ढोलक बस्ती, जाटखेड़ी मिसरोद में रहती थी और कॉलेज में पढ़ती थी। उसके पिता सिक्योरिटी गार्ड हैं। पिछले दिनों खुशबू की मां हादसे में घायल हो गई थी। उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट है, जिसके कारण उन्हें इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को पिता ड्यूटी पर गए थे, जबकि छोटा भाई मां के पास अस्पताल में था। खुशबू को टिफिन लेकर अस्पताल पहुंचना था, लेकिन वह अस्पताल नहीं पहुंची। उसे कॉल किया तो वह कॉल भी रीसिव नहीं कर रही थी। पड़ोसी को घर पहुंचाया गया तो दरवाजा अंदर से बंद था और आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसियों ने परिजन को बताया। परिजन घर पहुंचे और किसी तरह से दरवाजा खोला तो खुशबू की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति ने लगाई फांसी

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया में नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि मृतक की पत्नी कहासुनी के बाद मायके चली गई थी। वह मायके से नहीं लौट रही थी और थाने में शिकायत करने की धमकी दे रही थी। पुलिस के अनुसार अमर सिंह अहिरवार (32) ग्राम इमलिया में रहता था और नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी था। बुधवार शाम करीब 7 बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पड़ोसियों ने परिजन को घटना की जानकारी दी थी। जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेजा गया। पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण किया पर सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतक के बड़े भाई अनिल अहिरवार ने पुलिस को बताया कि अमर की पत्नी मायके चली गई थी। अमर उसे बार-बार लौटने की गुजारिश कर रहा था, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। वह अमर सिंह की थाने में शिकायत करने की धमकी दे रही थी। इससे अमर सिंह तनाव में रहने लगा था।

भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत पुलिस ने दर्ज किया मामला

लोकायुक्त पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से सरपंच और प्राचार्य को रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकायुक्त की जबलपुर यूनिट ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोर सरपंच और स्कूल प्राचार्य को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पहला मामला जबलपुर के डूडी मझौली गांव का है। यहां रहने वाली 36 साल की महिला धनिया बाई के पति की दो साल पहले मौत हो गई थी। उसके खाते में संबल योजना के 2 लाख रुपए आए थे। महिला इसके अलावा विधवा पेंशन और राशन कार्ड पर्ची बनवाने के लिए जब सरपंच गोपीचंद कोल के पास गई तो उन्होंने 35 हजार की रिश्वत मांगी। इसके बाद धनिया बाई की शिकायत लोकायुक्त पुलिस से की। पुलि ने ट्रैप का प्लान बनाया। गुरुवार को योजना के तहत धनिया बाई को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपए देने के लिए रिश्वतखोर सरपंच के पास भेजा गया। धनगवां गांव के सामने जैसे ही सरपंच ने रिश्वत की रकम लेकर गिनना शुरू किया, पास ही मौजूद टीम ने उसे रंगे हाथ धर दबोचा। गोपीचंद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7, 13(1)बी और 13(2) के तहत मामला कायम कर लिया गया है।

प्राचार्य ने क्रमोन्नति के लिए शिक्षक से मांगी 4 हजार की रिश्वत

इधर, गुरुवार को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने एक संकुल प्राचार्य को 4 हजार की घूस लेते हुए पकड़ा। मामला सगड़ा चौराहा शास्त्री नगर का है। यहां की प्राथमिक शाला चूल्हाघाटी बरगी में पदस्थ शिक्षक यहां पर मदन सिंह पंढो की 12 साल की सर्विस पूरी हो चुकी है। नियम के अनुसार उन्हें क्रमोन्नति की राशि मिलनी है। इसकी फाइल शासकीय हाई स्कूल मोहास बरगी में पदस्थ संकुल प्राचार्य जिनेश कुमार जैन के पास थी। जैन ने फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 4 हजार रुपए की डिमांड की थी। शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संकुल प्राचार्य को 4हजार की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जैन के खिलाफ भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7, 13(1)बी और 13(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

बुजुर्ग सास के जाली हस्ताक्षर कर वारदात को दिया अंजाम

सास के लॉकर से बहू ने निकाले 50 लाख रुपए के जेवरात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित एसबीआई ब्रांच से बुजुर्ग सास के लॉकर से बहू द्वारा पचास लाख रुपए के जेवर निकाले जाने का मामला सामने आया है। सास ने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी बहू की गिरफ्तारी की जाएगी।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से लखनऊ यूपी निवासी कुसुम अग्रवाल (67) यहां ए-सेक्टर बरखेड़ा में अपने बेटे के साथ रहती थीं। कुछ समय से वह लखनऊ में रह रही हैं। वहां उनका पुश्तैनी मकान है। पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। कुसुम अग्रवाल ने साल 2010 में पिपलानी की एसबीआई शाखा में अपना बैंक लॉकर खुलवाया था। वह अधिकतर समय लखनऊ में रहती थीं इसलिए लॉकर ऑपरेट करने का अधिकार उन्होंने अपने बेटे को दिया था। पुलिस ने बताया कि साल 2019 में कुसुम अग्रवाल ने अपना बैंक लॉकर चैक किया तो उसमें रखे 50 लाख के जेवरात गायब मिले। लॉकर में उनके बेटे के जरूरी दस्तावेज यथवात रखे थे। लिहाजा बैंक में पता करने पर पता चला कि उनकी बहू रितु अग्रवाल ने फर्जी हस्ताक्षर कर साल 2017 से साल 2019 के बीच बैंक लॉकर से 50 लाख रुपए के जेवरात निकाले हैं। हस्ताक्षर की जांच कराने पर फर्जी होने की पुष्टि हुई।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

बिजली कंपनी और नगर निगम के बकाएदारों को मिलेगी छूट

विधिक सवांददाता भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश की तहसील एवं जिला अदालतों के साथ ही राजधानी भोपाल की जिला अदालत में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक, चेक बाउंस, भरण पोषण, प्रीलिटिगेशन, मोटर दुर्घटना दावा क्लेम केस, बिजली विभाग से संबंधित केस, नगर निगम के वसूली योग्य मामले, राजस्व के मामले, यातायात के ई-चालान एवं बीएसएनएल सहित अन्य विभागों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में बिजली कंपनी और नगर निगम द्वारा बकायादारों पर नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में सभी अदालतों से प्रकरणों के निराकरण के लिए पक्षकारों को सूचना पत्र भी जारी किए जा चुके हैं। यदि फिर भी किसी पक्षकार को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है और वे लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण करना चाहता है तो दोनों पक्षकार सेबंधित अदालत में उपस्थित होकर अपने प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होने वाले प्रकरणों में पक्षकारों को उनके द्वारा प्रकरण में जमा किया गया न्याय शुल्क भी वापस दिलाया जाएगा। न्यायाधीश और अधिवक्तागणों की खंडपीठ लोक अदालत में दोनों पक्षकारों के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण स्थापित कर प्रकरणों का निराकरण करेंगी।

युवक ने जहर खाकर दी जान

भोपाल। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रायपुर में गुरुवार दोपहर एक युवक ने जहर खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मरने से पहले युवक के बयान नहीं हो सके है। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। शुक्रवार को पीएम के दौरान परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे।

पुलिस के अनुसार संजय साहू पिता भूरा सिंह साहू (30) गांव रायपुर, ईंटखेड़ी में रहता था। एएसआई सुरेंद्र वाजपेयी ने बताया कि संजय दूध बांटने का काम करता था। गुरुवार दोपहर उसने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। उल्टियां करने पर निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

हमीदिया में पंद्रह दिन से चल रहा था इलाज

स्कूल बस की टक्कर से घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबढ़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर चौराहा पर स्कूल बस ने 11वीं की छात्रा के स्कूटर को टक्कर मार दी। घटना गत 23 अप्रैल की शाम 4 करीब बजे के आसपास की है। उसके साथ घूमने गए दोस्तों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां करीब पंद्रह दिन चले इलाज के बाद छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार निशा शाक्य पिता करण सिंह (17) सेमरा सेमरा में रहती थी और कक्षा 11वीं में पढ़ती थी। उसके पिता मिस्त्री का काम करते हैं। 23 अप्रैल को वो अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए केरवा डैम आई थी। वह अपने दोस्त के साथ स्कूटर पर पीछे बैठी थी। सूरज नगर चौराहा पर पहुंचते ही उनकी स्कूटर को पीछे से आ रही स्कूल बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटर में पीछे बैठी निशा को गंभीर चोट आई थी, जबकि स्कूटर चला रहे उसके दोस्त को मामूली चोट थी। दोस्त निशा को लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां करीब पंद्रह दिन चले इलाज के बाद निशा की

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उत्साह

औबेदुल्लागंज। ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई से औबेदुल्लागंज एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। विधायक सुरेंद्र पटवा, कन्हैया नंदवंशी, डॉ. कैलाश विनय, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, पार्षद दीपू परमार, विक्रम धारी, नीरज चावला, अशोक मित्तल, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, राजेंद्र गुड्डू साहू, पार्षद मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, विवेक मित्तल, राकेश तिवारी, सुदामा तिवारी, श्याम मालवीय, जितेंद्र दुबे, दीपक दुबे, डॉ. नंदू नागर, सलीम, गुड्डू मियां, राजा सिद्दीकी, नंदू शर्मा, कैलाश डब्बू नागर, राजू भाई पटेल, आशीष दीक्षित, आमिर ममनून, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नमिता बागीश अग्रवाल, दिलीप मित्तल, जीतू नंदवंशी, आदि लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए संपन्नता व्यक्त की है। विधायक पटवा ने कहा सारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है।

जेल प्रहरी को चकमा देकर हथकड़ी खिसकाकर भागा

हमीदिया अस्पताल से सजायाफ्ता कैदी फरार आंखों की जांच कराने पहुंचा था, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेल प्रहरी ने किया पीछा, घनी आबादी वाले इलाके में घुसा



थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि जेल प्रहरियों ने शोर मचाया और उसे पकड़ने के लिए दौड़ भी लगाई, लेकिन वह पास के घनी आबादी वाले इलाके में घुस गया और उसका पता नहीं चल सका। कैदी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम ने हबीबगंज की झुग्गियों में छापेमारी की, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और भोपाल से बाहर निकलने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

हमीदिया अस्पताल से गुरुवार सुबह नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजायाफ्ता कैदी फरार हो गया। कैदी को आंखों की समस्या होने के कारण जेल से हमीदिया अस्पताल इलाज के लिए लाया गया था। इस दौरान आरोपी जेल प्रहरी को चमका देकर हाथ में लगी हथकड़ी से हाथ खिसकाकर निकल गया। अपने स्तर पर कैदी की तलाश करने पर जब कुछ पता नहीं चला तो जेल प्रहरी ने जेल प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद कोहेफिजा थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हबीबगंज स्थित मानसरोवर स्थित झुग्गी बस्ती ,निवासी अमर प्रकाश उर्फ गुड्डू (28) को टीटी नगर इलाके में रहने वाली नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अमर भोपाल सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। कुछ दिन पहले उसने जेल अधिकारियों से आंखों में परेशानी होने की बात कही।

गुरुवार सुबह अमर को कुछ अन्य कैदियों के साथ हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया। गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे अमर हमीदिया अस्पताल के आउटडोर काउंटर के पास अन्य कैदियों के साथ खड़ा था, तभी वह हथकड़ी से अपना हाथ निकालकर रॉयल मार्केट निमार्णाधीन मल्टी की ओर भागा और गेट फांदकर बाहर

मेट्रो स्टेशनों के आसपास की सड़कें भी होंगी दुरुस्त

भोपाल। जुलाई माह में सुभाष नगर से एम्स के रूट को आम लोगों के लिए शुरू करने का काम तेज कर दिया गया है। जिसके तहत गुरुवार को मेट्रो कंपनी के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर स्टेशन सहित सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि मेट्रो के स्टेशनों का काम पूरा करने के साथ आसपास की सड़कों की मरम्मत भी कर दी जाए, जिससे बाद का काम शेष नहीं रहे। प्रबंध संचालक ने एम्स, अलकापुरी और डीआरएम आफिस मेट्रो स्टेशन सहित सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो का काम देखते पहुंचे।

केनफिन होम्स लिमिटेड
शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति हेतु)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत केनफिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **03/02/2025** को उधारकर्ताओं – **श्रीमती पिंकी वर्मा एवं श्री तरुण कुमार** को मांग सूचना पत्र जारी किया एवं नोटिस में दर्शाई राशि रु. **15,09,189/- (रु. पन्द्रह लाख नौ हजार एक सौ नवासी मात्र)** एवं उस पर संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **05-05-2025** को ले लिया है।

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार खाते में वर्णित राशि रु. **15,09,189/- (रु. पन्द्रह लाख नौ हजार एक सौ नवासी मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों के लिए केनफिन होम्स लिमिटेड के अधीन होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

फ्लैट नं. एमआईजी-01, प्लाट नं. 14-जे. (सेक्टर-जे), रोहित प्लाजा, चतुर्थ तल, राजहर्ष कालोनी, ग्राम- गेंहूखेड़ा, भोपाल तहसील हुजूर, जिला- भोपाल सुपर बिल्टप एरिया 1000 वर्गफिट चतुर्सीमाएं- उत्तर- कॉरिडोर एवं फ्लैट नं. 3, दक्षिण- रोड, पूर्व- फ्लैट नं. 02, पश्चिम- अन्य संपत्ति

दिनांक: 08-05-2025
स्थान: मण्डीदीप
(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही सरकार

मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट: अचारपुरा में 160 करोड़ के निवेश के साथ 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। इस यूनिट से न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर का यह निवेश, मध्यप्रदेश को मेडिकल टैक्सटाइल, हाईजीन और हेल्थ सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेश लाने की नीति पर नहीं, निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही है।

◆ निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा

मेडिटेक, टेक्निकल, हाईजीन टैक्सटाइल में मप्र को मिलेगी वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस यूनिट को टैक्सटाइल ओडीओपी, पीएम मित्र पार्क और क्लस्टर पॉलिसी से जोड़कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। टैक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को पहले से ही राष्ट्रीय पहचान प्राप्त है और अब मेडिटेक, टेक्निकल और हाईजीन टैक्सटाइल में यह यूनिट उस पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने वाली है।

जर्मनी और भारत की कंपनी कर रही यूनिट का निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि तकनीकी मानकों पर यह यूनिट भारत में अपने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक फैक्ट्री होगी। इस यूनिट का निर्माण जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध टीडब्ल्यूई ग्रुप और भारत के अनुभवी ओबीटी ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। टीडब्ल्यूई, ओबीटी प्रालि नामक यह कंपनी अचारपुरा में लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से उच्च तकनीक आधारित उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रही है। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के हाईजीन उत्पादों में प्रयुक्त टैक्सटाइल कंपोनेंट्स जैसे एडीएल, टॉप शीट और बैक शीट का निर्माण किया जाएगा। उत्पादन के पहले चरण में ही 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

बिना बॉयलर के संचालन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनिट के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां बिना बॉयलर के संचालन होगा और उत्पादन प्रक्रिया से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। हाईजीन और हेल्थ सेक्टर से जुड़ी यह यूनिट स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

खबर संक्षेप

भोपाल में आज कांग्रेस निकालेगी तिरंगा यात्रा

भोपाल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में निर्देश पर मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा रेडक्रॉस चौराहे से शुरू होगी, जो शौर्य स्मारक तक पहुंचेगी। इस आयोजन का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में राष्ट्र को एकजुटता का संदेश देने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर कांग्रेस केन्द्र सरकार के साथ खड़ी है। तिरंगा यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शामिल होंगे।

सीएम ने मानवता के सेवकों को किया नमन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर किसी भी मुसीबत के समय में मानवता की सेवा में तत्पर स्वयंसेवकों को नमन किया है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से कार्य करने वाले ये स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। संकट में फंसे नागरिकों को राहत पहुंचाना , जीवन रक्षक सहायता देना और सामाजिक समरसता बनाए रखना इनका परम कर्तव्य है। ऐसे सेवाभावी लोग मानवता के सच्चे प्रहरी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज सेवा के कार्यों में आगे आएं और जरूरतमंदों की सहायता करें।

एआई भारत एटएमपी' वर्कशॉप: नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला शुरू

एआई दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गवर्नेंस को बना रहा सक्षम प्रशासन, कृषि और जीआईएस योजना में इसके उपयोग पर 'मंथन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष आयोजनों की श्रृंखला में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'एआई भारत एटएमपी' कार्यशाला: नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ किया।

कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार सुबह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया। कार्यशाला में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभिन्न विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एआई अनुप्रयोगों पर आधारित एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित किया गया।

खास बातें

- एआई, आधार-अनुप्रयोग, डिजिटल गवर्नेंस और तकनीकी नवाचारों से प्रशासन को गतिशील बनाने पर विचार विमर्श
- वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया

एआई आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी

कार्यशाला में डिराइव मेक्सिमम इंपेक्ट आउट ऑफ आधार विषय पर विशेष सत्र कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुए सत्र में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से सामाजिक कल्याण, नवाचार और ज्ञान आधारित सुशासन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के संबंध में जानकारी दी। यूआईडीएआई के उप महानिदेशक आमोद कुमार ने आधार की प्रभावशीलता और राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूआईडीएआई की एआई आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली ने आधार सेवा की गतिशीलता बढ़ा दी है। साथ ही लाभार्थी की डाटा सुरक्षा में बढ़ोतरी भी हुई है। यूआईडीएआई प्रौद्योगिकी केंद्र, बेंगलुरु के सुमित आनंद ने इस नवीन प्रणाली के तकनीकी पक्षों को विस्तार से समझाया। भारत सरकार के डीबीटी मिशन के अपर सचिव सौरभ कुमार तिवारी ने बताया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की व्यावहारिक चुनौतियों को आधार प्रमाणीकरण प्रणाली में आए तकनीकी नवाचारों ने और सुगम बना दिया है। समापन सत्र में यूआईडीएआई मप्र के निदेशक सुमित मिश्रा ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं से इन कार्यशालाओं से आधार सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने और लाभार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप और सक्षम बनाने के लिए जानकारियां मिलती हैं। इससे आधार की भूमिका को शासन के हर स्तर पर अधिकतम उपयोगी बनाने में सहायता मिलती है। यूआईडीएआई द्वारा उपलब्ध कराई गई आधार सेवा मात्र पहचान बताने का माध्यम नहीं है। इससे सुशासन और सुगम बनाता है, साथ ही प्रशासन में नवाचारों के लिए नए मार्ग प्रशस्त होते हैं।

पूरे देश में नवाचार और स्टार्टअप को दिया जा रहा बढ़ावा

एमपीएसईडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष वशिष्ठ ने कहा कि हम ऐसे भविष्य में प्रवेश करने जा रहे है, जहां प्रशासन का आधार एआई-ड्रिवन सेवाओं के वितरण, स्मार्ट समावेशन है। इंडिया एआई के जनरल मैनेजर कार्तिक सूरी ने बताया कि इंडिया एआई पूरे देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहा है। डीआरडीओ के वैज्ञानिक सौरभ मंडल ने कहा कि एआई दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गवर्नेंस को सक्षम बना रहा है।

तेजी से कम हुई

प्रशासन में एआई का उपयोग शुरू

प्रारंभिक सत्र में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां एआई पर तेजी से काम किया जा रहा है। राज्य ने एआई तकनीक का उपयोग प्रशासन में करना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आईटी और रिन्युएबल एनर्जी सबसे अधिक गति से बढ़ने वाले सेक्टर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां संपदा 2.0 पोर्टल से घर बैठे ही ई-रजिस्ट्री की जा रही है।

उभरती तकनीक, डेटा संग्रहण एवं अनुप्रयोग बताए

आईआईएम इंदौर के डीन प्रो. प्रशांत साल्वन ने प्रशासनिक अधिकारियों को उभरती तकनीकों और डेटा संग्रहण एवं अनुप्रयोगों से संबंधित एथिक्स के विषय में जानकारी दी। 'डिजिटल गवर्नेंस में आधार की भूमिका' विषय पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक आमोद कुमार ने डेटा प्रमाणीकरण, ई-केवाईसी और डिजिटल समावेशन में आधार की आगामी भूमिका पर प्रकाश डाला। डीबीटी मिशन के अतिरिक्त सचिव सौरभ तिवारी, वरिष्ठ जिला रजिस्ट्रार स्वप्नेश शर्मा और कर्मचारी चयन बोर्ड के निदेशक साकेत मालवीय ने डिजिटल समावेशन, प्रमाणीकरण, ई-केवाईसी और आधार-आधारित दक्षताओं को साझा किया।

सभी विभागों में एआई को मुख्यधारा में लाया जाएगा

स्टार्ट-अप्स और उद्योग प्रतिनिधियों जैसे आरपीए एग्री इंफ्रा के रसेश त्रिवेदी, आईबीएम के प्रभात मनोचा, द्रोण मैप्स के उत्कर्ष सिंह और ऐपस्क्वाड्ज सॉफ्टवेयर की सुश्री हर्षिता दुग्गल ने सार्वजनिक प्रशासन, कृषि और जीआईएस योजना में एआई के उपयोग पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। कार्यशाला का समापन एमपीएसईडीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक अभिषेक अनंत ने कहा कि मध्यप्रदेश सभी विभागों में एआई को मुख्यधारा में लाकर एक डिजिटल, भविष्य-तैयार राज्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

साइबर धोखाधड़ी से बचाव की बारीकियां समझाई

दोपहर के सत्र में कृषि, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई के अनुप्रयोगों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। आईआईटी इंदौर की प्रो. अरुणा तिवारी ने कृषि उत्पादकता के लिए मॉडल की जानकारी दी। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के विशाल मेहता ने कंप्यूटर विजन आधारित धोखाधड़ी विश्लेषण पर जानकारी दी। गूगल क्लाउड के अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने जनरल एआई द्वारा सारांशीकरण और अनुवाद जैसे उपयोग दर्शाए। आईआईएसआर भोपाल के प्रो. तन्मय बसु ने एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी और लोक स्वास्थ्य पर एआई की भूमिका को रेखांकित किया। डीएसटी की पूनम यादव ने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय एआई कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

जनरल एआई असिस्टेंट, सीएम गवर्नेंस डैशबोर्ड पर चर्चा

कार्यशाला के पहले सत्र में 'शासन में एआई की कल्पना: अकादमिक क्षेत्र की भूमिका' विषय पर फोकस रहा। कार्यशाला में पहले दिन सुशासन के लिए एआई सत्र में सर्वम एआई के साहिल खेतान ने जनरल एआई असिस्टेंट, सीएम गवर्नेंस डैशबोर्ड जैसे नवाचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया असिस्टेंट जैसे कार्यक्रम नागरिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहे है।

प्रदेश का पहला अस्पताल बना जेपी: जहां डॉक्टरों के लिए शुरू हुई वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पताल जेपी मध्यप्रदेश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां डॉक्टरों के लिए वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा शुरू की गई है।

गुरुवार को जेपी अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि चतुर्वेदी ने पहली बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। डॉ. चतुर्वेदी ने साक्षी के रूप में वर्चुअल माध्यम से अदालत की कार्यवाही में भाग लिया। बता दें कि अब तक डॉक्टरों को किसी न्यायिक कार्यवाही में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत पहुंचना पड़ता था, जिससे उनके नियमित चिकित्सा कार्य, विशेषकर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं, प्रभावित होती थी।

डॉक्टरों को नहीं लेना पड़ेगा अवकाश

इस सुविधा की शुरुआत के साथ डॉक्टरों को अब न्यायालयों में पेशी के लिए अस्पताल से अवकाश लेकर अन्य शहरों या जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। वे अस्पताल परिसर से ही ऑनलाइन माध्यम से गवाही दे सकेंगे या अन्य न्यायिक कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। इससे न केवल डॉक्टरों का समय बचेगा, बल्कि मरीजों को भी उनके इलाज में कोई व्यवधान नहीं आएगा। डॉ. राकेश श्रीवास्तव, अधीक्षक, जेपी अस्पताल पे बताया कि वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा डॉक्टरों को अनावश्यक दौरा और मानसिक दबाव से राहत दिलाएगी। जिससे वे अपने मुख्य कर्तव्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इस नई पहल से यह भी सुनिश्चित होगा कि डॉक्टर न्यायिक मामलों में समय पर उपस्थित हो सकें, जिससे अदालत की कार्यवाही में देरी न हो। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पहल उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत शुरू की गई है। विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों से यह जानकारी मांगी है कि कहां-कहां डिजिटल पेशी के लिए आवश्यक अधोसंरचना तैयार हो चुकी है और कहां पर यह कार्य लंबित है।

ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवार नाशक का न के बराबर उपयोग होगा बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसान वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती बड़े स्तर पर कर रहे हैं। जो 10 साल पहले तक, बड़े पैमाने पर खरीफ में की जाती थी और यह पर्यावरण के लिए अनुकूल थी।

आज मूंग की खेती का क्षेत्रफल तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है, लेकिन यह फसल गर्मियों में उगाई जाने लगी है, इसलिए इससे भू-जल स्तर का अत्यधिक दोहन लगातार हो रहा है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के ग्वालियर वाइस चांसलर रहे प्रो. (डॉ.) विजय सिंह तोमर का कहना है कि किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग को जल्दी सुखाने के लिए खरपतवार नाशक पैराक्वेट एवं ग्लाइफोसेट का उपयोग किया जा रहा है, इससे फसल जल्दी पक जाती है।

इसका दुष्प्रभाव वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले आमजन पर भी होता है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बढ़ने की संभावना होती है। लगातार खरपतवार नाशकों का उपयोग मिट्टी में उपयोगी सूक्ष्म जीवों को नष्ट कर देता है।किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन मूंग जो प्राकृतिक रूप से पकता है, उसमें कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक का उपयोग न के बराबर किया जाये।

वेतनमान की सुविधा,यात्रा भत्ता बढ़ाने की मांग

भोपाल। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने डायरेक्टर एवं पीएस से सौजन्य भेंट की। इस दौरान संघ ने नियमानुसार समयमान वेतनमान की सुविधा, यात्रा भत्ते की दरों में वृद्धि समेत अपनी मागों से अधिकारियों को अवगत कराया। मांगों को लेकर डायरेक्टर एवं पीएस ने शीघ्र ही सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

कार्तिकेय का मानहानि मामला

राहुल गांधी के खिलाफ आज एमपी एमएलए कोर्ट में होगी सुनवाई

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान के मानहानि मामले में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी।

एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट तथागत यान्निक ने पिछली सुनवाई तारीख पर राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कर नोटिस जारी कर न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिए थे। अधिवक्ता दीपेश जोशी ने 30 अक्टूबर 2018 को एमपी एमएलए कोर्ट में कार्तिकेय सिंह चौहान की ओर से भादंवि की धारा-500 के अंतर्गत निज परिवाद पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि 29 अक्टूबर 2018 को राहुल गांधी ने झाबुआ में आयोजित सभा में मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और कार्तिकेय सिंह चौहान के पिता शिवराज सिंह चौहान का नाम लेकर बयान दिया था। कार्तिकेय सिंह चौहान ने परिवाद पत्र में राहुल गांधी के इस बयान को झूठा और मान हानिकारक बताते हुए कहा था कि राहुल गांधी के इस झूठे बयान से जनता की नजरों में उनकी एवं उनके पिता की छवि और पहचान को नुकसान पहुंचा है।

शारदा विहार में आयोजित हुआ दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

छात्राओं-महिलाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, दंड-तलवार भी चलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी द्वारा राजधानी स्थित शारदा विहार आवासीय परिसर में शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में छात्राओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान दंड नियुक्त, तलवार योग सहित अन्य विषय पर शारीरिक हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का समापन गुरूवार को हुआ। इस दौरान शाम 5 बजे से प्रशिक्षित छात्राओं-महिलाओं का अकोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शारीरिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया गया।

मातृशक्ति का योगदान विषय पर चर्चा

वर्ग के प्राकट्योत्सव कार्यक्रम में साध्वी रंजना दीदी तथा डॉ. वंदना गांधी द्वारा राष्ट्रीय जागरण में मातृशक्ति का योगदान विषय पर संबोधित किया गया। दुर्गा वाहिनी मध्यभारत प्रान्त की सह संयोजजिका भावना सिंह द्वारा वर्ग का प्रतिवेदन रखा गया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष प्रान्त संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, प्रान्त उपाध्यक्ष नवल सिंह भदौरिया आदि भी उपस्थित रहे। बता दें कि दुर्गावाहिनी, विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा, देश भर में विभिन्न स्थानों पर शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करती है।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20% की मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी।

कंपनी ने कहा है कि यह छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एलवी-1 घरेलू और एलवी-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान

उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एलवी-2: गैर-घरेलू और एलवी-4: एलटी औद्योगिक ऑफ पीक/सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 9 मई को रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में दोपहर 1:30 बजे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीलय कार्य विभाग और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल के सहयोग से होने वाले इस महोत्सव में जीआई टैग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 कलाकारों को मुख्यमंत्री द्वारा ऑथोराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किए जाएंगे। साथ ही "आदि रंग'' परियोजना के शुभारंभ प्रतीक स्वरूप एनआईसी द्वारा विकसित प्रशिक्षण किट हितग्राहियों को वितरित की जायेगी। शुभारंभ कार्यक्रम में बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी होगा। महोत्सव में आदि शिल्प, जनजातीय व्यंजन के साथ जनजातीय नृत्य संगीत की प्रस्तुति होगी।

श्रद्धालुओं ने व्रत रख किया दान-पुण्य, भगवान विष्णु से सुख-समृद्धि की कामना की

राजधानी के मंदिरों में मोहिनी एकादशी पर की भगवान विष्णु की विशेष पूजा अर्चना, बाबा खाटू श्याम का फूलों से हुआ विशेष श्रृंगार, अर्पित किए 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मंदिरों में मोहिनी एकादशी के अवसर गुरुवार को बिड़ला मंदिर, श्रीजी मंदिर व अन्य श्रीकृष्ण मंदिर व भगवान खाटू श्याम मंदिर में विशेष पूजन पाठ किया गया। भगवान खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए। मोहिनी एकादशी पर मोक्ष प्राप्ति की इच्छा पूर्ति के लिए एकादशी पर सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा गया। इस मौके पर कई लोगों ने सत्यनारायण की कथा कराई। तो वहीं श्रद्धालुओं ने व्रत का पालन किया।

सिंधी कॉलोनी टीटी नगर वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया गया। मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत गुरुवार को रखा गया। शास्त्रों में अन्य एकादशी की अपेक्षा इस एकादशी का ज्यादा पुण्य फल माना गया है। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। इस दिन विशेष चीजों का दान भी जरूर करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि मोहिनी एकादशी के दिन दान करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और धन लाभ के योग बनते हैं, सुख-समृद्धि आती है।

बाबा बटेश्वर से आज की जाएगी आतंकवाद के सफाए की प्रार्थना

भोपाल। श्रीबड़वाले महादेव मंदिर समिति द्वारा शुक्रवार बैसाख माह के दूसरे प्रदोष पर बेल की विजया बनाकर बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक किया जाएगा। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रदोष काल में बाबा बटेश्वर का दूध बेल से बनी विजया एवं भस्मी से अभिषेक कर चंदन, मोगरा, गेंदा, गुलाब इत्यादि फूलों से श्रृंगार कर रात्रि 10 बजे महा आरती होगी। इस दौरान भारत से आतंकवाद के सफाए के लिए हिंद की सेना को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करने हेतु भोलेनाथ से प्रार्थना भी की जाएगी।

दादाजी धाम मंदिर में एकादशी से बुद्ध पूर्णिमा तक पूजन होगा

भोपाल। रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में एकादशी पर गुरुवार भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई। शुक्रवार को प्रदोष व्रत पर शिव भक्त शिव जी की पूजा-अर्चना के लिए उमड़ेंगे। भक्त, शिवजी का पुष्पों से श्रृंगार, जलाभिषेक और आरती होगी। रविवार को भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार का प्राकट्योत्सव मनेगा। वहीं सोमवार 12 मई बुद्ध पूर्णिमा पर दादाजी धाम मंदिर के गर्भगृह परिक्रमा में विराजमान भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। भगवान बुद्ध की वंदना करेंगे। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

श्रद्धाभाव से मनाया हित हरिवंशचंद्र का प्राकट्योत्सव

भोपाल। श्री राधाबल्लभ मंदिर रूपा बाई ट्रस्ट इब्राहिमपुरा की ओर से राधा वल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक हित हरिवंशचंद्र महाप्रभु का 552वां प्राकट्योत्सव आचार्य भूपेश वल्लभ के सानिध्य में श्रद्धाभाव से मनाया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता प्रमोद नेमा एवं मनोज गर्ग ने बताया कि राधावल्लभ संप्रदाय की रसरीती को वैष्णव रसिकजनों के हृदय तक पहुंचाने वाले बंसीजी के अवतार हित हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्योत्सव के अवसर पर सुबह सात बजे मंगला आरती, मंदिर के मुख्य द्वार पर दोनों तरफ सातिया की स्थापना, दोपहर 12 बजे दधीकांदा उत्सव हुआ। इसमें रसिकजनों ने अपने सर पर मटकी लेकर भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया। उन्हें मखाने व मेवे आदि लुटाए गए। प्रसादी का वितरण किया गया।

भोपाल स्टेशन के स्टाल संचालक लगातार नियमों की कर रहे अनदेखी

ट्रेन के आते ही पास में लगा लेते हैं खाने-पीने के सामान के टेबल, हो सकता है बड़ा हादसा

- स्टेशन पर स्टॉलों के डस्टबिन से फैल रही गंदगी, स्टेशन प्रबंधक व रेलवे अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान
- तीन दिन पहले ही सीसीएम ने दिए थे व्यवस्था सुधारने के निर्देश, फिर भी अधिकारी गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल स्टेशन पर हर माह कोई न कोई बड़ा अधिकारी दौरा कर रह व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दे रहे हैं, लेकिन इन निर्देशों को न तो भोपाल रेल मंडल के अधिकारी गंभीरता से ले रहे हैं, न ही स्टेशन प्रबंधक। इसी के चलते भोपाल स्टेशन के स्टॉल संचालक लगातार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। तीन दिन पहले ही पश्चिम मध्य रेलवे के चीफ कमर्शियल मैनेजर (पैसेंजर) रश्मि बघेल ने निरीक्षण कर स्टेशन प्रबंधक से लेकर स्टॉल संचालकों को व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए थे, लेकिन स्टॉल संचालकों को कोई असर नहीं हुआ। उलटा स्टॉल संचालक ट्रेन आने के समय पर एक अतिरिक्त टेबल गाड़ी के पास लगाकर खाद्य सामग्री बेचने लगते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ताज इंटरप्राइजेस स्टॉल के कर्मचारी नियमों का नहीं कर रहे पालन

प्लेटफार्म नंबर दो पर स्थित ताज इंटरप्राइजेस स्टॉल के कर्मचारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। दुकान की सीमा से बाहर टेबल लगाकर सामान बेचना और चारों ओर गंदगी फैलाना आम बात हो गई है, जिससे यात्रियों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। स्टेशन परिसर में इन दिनों कई दुकानदार निर्धारित सीमा से बाहर अतिक्रमण कर रहे हैं, लेकिन ताज इंटरप्राइजेस के कर्मचारी एक कदम आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। उन्होंने न केवल दुकान के आगे टेबल लगाकर सामान बेचने का सिलसिला शुरू कर रखा है, बल्कि आसपास गंदगी भी फैलाई जा रही है। खाने-पीने के कचरे को यूं ही प्लेटफार्म पर फेंक दिया जाता है, जिससे स्टेशन की स्वच्छता व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

स्टेशन पर जगह-जगह लगे टेबल

भोपाल रेलवे स्टेशन के निदेशक और अन्य जिम्मेदार अधिकारी इस सब को देखने के बावजूद अनजान बने हुए हैं या कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनकी उदासीनता के कारण स्टॉल संचालकों का हौसला बढ़ता जा रहा है और वे नियमों का उल्लंघन करने से भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर जगह-जगह टेबल लग जाने से चलने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता। स्टॉल संचालक द्वारा अतिक्रमण और फैलाई जा रही गंदगी न केवल असुविधाजनक है, बल्कि स्टेशन की छवि को भी धूमिल कर रही है। साथ ही, उन्होंने स्टेशन पर नियमित निरीक्षण और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का भी आग्रह किया है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

स्टॉल पर खड़े कर्मचारी फैला रहे गंदगी

सबसे हैरान करने वाली बात तब सामने आई जब एक यात्री ने स्टॉल पर खड़े कर्मचारी से गंदगी फैलाने को लेकर सवाल किया। इसके जवाब में कर्मचारी ने बेहद लापरवाह और धमकी भरे लहजे में कहा, जाकर रेलवे से शिकायत कर दो, किसी से डर नहीं लगता है।

स्टॉल संचालक पर होगी कार्रवाई

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर स्टॉल संचालक दुकान के बाहर व खुले में सामान बेच रहे हैं, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

- नवल अग्रवाल, पीआरओ, भोपाल मंडल

जेवर खरीदने के बहाने पहुंची महिलाओं और युवकों ने चुराई बाली और सोने के दाने

समय पर पड़ी ज्वेलर्स की नजर, आरोपियों को दबोचकर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित दस नंबर मार्केट में महालक्ष्मी ज्वेलर्स में गोल्ड खरीदने क बहाने पहुंची दो महिलाओं और उनके साथ मौजूद युवकों ने सोने की बाली और सोने के दाने चुरा लिए। गनीमत रही कि समय पर ज्वेलर्स की नजर स्टाक पर पड़ी और उन्होंने आरोपियों को दबोच लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इस बीच आरोपी कहने लगे कि पैसे लेकर हमें छोड़ दो।

जानकारी के अनुसार माधव अग्रवाल, दस नंबर मार्केट में महालक्ष्मी ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी शॉप का संचालन करते हैं। गुरुवार दोपहर वह ज्वेलरी शॉप पर बहन और मां के साथ थे। इस दौरान एक महिला और युवक पहुंचे। उन्होंने सोने की बाली दिखाने का कहा। इसी बीच दूसरी महिला और युवक भी पहुंच गए। उन्होंने सोने के दाने दिखाने का कहा। माधव और उनकी बहन आरोपियों को जेवर दिखाने लगे। इस दौरान एक महिला और युवक कान की बाली लेकर बाहर निकल गए। माधव की नजर पड़ी तो बाली नहीं थी। दुकान में मौजूद अन्य महिला और युवक भी बाहर निकलने लगे। वे बाहर तक पहुंच गए थे। माधव ने उन्हें रोक लिया और बाहर निकली महिला और युवक को भी दुकान में बिठा लिया। उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास सोने की बाली और सोने की बूंदी वाली डिब्बी मिली।

संबंधित जिलों से लिया जा रहा केस का ब्यौरा

लव जिहाद, दुष्कर्म और धर्मांतरण से जुड़े मामलों की स्टेट एसआईटी कर रही समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर लव जेहाद, दुष्कर्म और धर्मान्तरण मामलों को लेकर स्टेट एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। फिलहाल एसआईटी ने इस तरह के मामलों का जिला पुलिस से ब्यौरा लिया है। वहीं एसआईटी के सदस्य लगातार मामलों की समीक्षा कर रहे हैं। समीक्षा में आरोपियों के खिलाफ दर्ज केस का स्टेटस देखा जा रहा है। वहीं आरोपियों के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने कितने पुख्ता साक्ष्य एकत्रित किए हैं, सजा दिलाने के लिए सबूत पर्याप्त है या नहीं यह भी देखा जा रहा है।

आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा कैसे दिलवाई जा सकती है इस पर भी एसआईटी का फोकस है। वहीं ऐसा कोई प्रकरण तो नहीं है जिसमें पीड़िताओं की शिकायत दर्ज न हुई हो। ऐसे मामले यदि एसआईटी के संज्ञान में आते है तो उस पर भी एक्शन लिया जाएगा। इसी लिए एसआईटी लगातार संबंधित जिलों की पुलिस के संपर्क में है। इसके अलावा एसआईटी पर लव जेहाद और धर्मांतरण मामलों में टेरर फंडिग और विदेशी नेटवर्क की जांच का भी जिम्मा है। दरअसल पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश भर में घटित हो रहे इस तरह के मामलों से सख्ती से निपटने के लिए स्टेट एसआईटी का गठन किया है। स्टेट एसआईटी की कमान भोपाल देहात के आईजी अभय सिंह को सौंपी गई है। एसआईटी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित पुलिस मुख्यालय के तीन अधिकारियों को सदस्य बना गया है।

संत हिरदाराम नगर पर लेगी हाल्ट

आज से चलेगी अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मी में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 09485-09486 अहमदाबाद पटना साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (2-2 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 09485 अहमदाबाद पटना विशेष ट्रेन 9 मई एवं 16 मई (प्रत्येक शुक्रवार) को अहमदाबाद स्टेशन से शाम 16:35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 03:30 बजे संत हिरदाराम नगर, सुबह 06:35 बजे बीना स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद रात 23:45 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09486 पटना अहमदाबाद विशेष ट्रेन 11 मई एवं 18 मई (प्रत्येक रविवार) को सुबह 4 बजे पटना स्टेशन से प्रस्थान कर, उसी दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 22:25 बजे बीना, अगले दिन रात 1:30 बजे संत हिरदाराम नगर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद दोपहर 13:30 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुंचेगी।

इन स्टेशनों पर हाल्ट लेगी ट्रेन

यह गाड़ी दोनों दिशाओं में अहमदाबाद, नडियाद, छायापुरी (वडोदरा), रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, दमोह, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना स्टेशनों पर रुकेगी।

जमानत पर छूटकर आए युवक पर फायर, जांघ के पास लगी गोली

चार दिन पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था युवक, योजना बनाकर वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग फरहत अफजा में गुरुवार शाम बदमाश ने एक युवक पर फायर कर दिया। गोली युवक की जांघ को छूती हुई निकल गई। युवक चार दिन पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर आया था। बताया जाता है कि दोनों के बीच पुरानी रंजिश है। पुलिस ने फायर करने वाले बदमाश और उसके अन्य साथियों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बाग फरहत अफजा ऐशबाग निवासी अरमान पिता राजा मियां (26) करीब चार माह पहले हुए हत्या के मामले में जेल में बंद था। चार दिन पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया है। गुरुवार शाम करीब सवार 4 बजे वह बाग फरहत अफजा में रहने वाले रिश्तेदार के घर गया था। वहां घर के बाहर परिचितों से बात कर रहा था, तभी फैसल नाम का बदमाश अपने चार-पांच साथियों के साथ मौके पहुंचा और देशी कट्टे से फायर कर दिया। फायर होने के बाद गोली अरमान को जांघ के पास लगी। अरमान अपनी जान बचाकर घर के अंदर भागा तो फैसल भी घर के अंदर घुसने लगा। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने अरमान की शिकायत पर फैसल, आमिर, सलमान, फाजिल व अयान के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फुटेज में फैसल नाम का आरोपी पिस्टल लिए आता है और अरमान पर गोली चला देता है। आरोपी बिल्कुल पास जाकर गोली चलाता नजर आ रहा है। उसके साथ धारदार हथियारों से लैस तीन-चार अन्य युवक भी आकर हमला करते नजर आ रहे हैं। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी बाइक में भी तोडफोड़ की है।

तीन माह पूर्व हुआ था विवाद

एसआई प्रदीप गुर्जर ने बताया कि अरमान और फैसल के दोस्त नफीस के बीच चार माह पूर्व विवाद हुआ था। उस मामले में नफीस की शिकायत पर अरमान के खिलाफ हत्या का प्रयास का मुकदमा कायम हुआ था। पुलिस ने अरमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुरुआती जांच से प्रतीत हो रहा है कि बदला लेने के लिए आरोपी अरमान का जेल से बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। जेल से बाहर आते ही आरोपियों ने हमला कर दिया।

भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर टला बड़ा हादसा

चलती ट्रेन में चढ़ती यात्री महिला को गिरने से आरपीएफ जवान ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरुवार को भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 पर एक बड़ा हादसा आरपीएफ एसआई और ट्रेन प्रबंधक की सतर्कता से टल गया। दरअसल गाड़ी संख्या 20481 जोधपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि हमसफर एक्सप्रेस जैसे ही भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 से प्रस्थान कर रही थी, तभी एक 35 वर्षीय महिला यात्री अपने हाथ में सूटकेस लिए ट्रेन के एसी कोच संख्या बी में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। ट्रेन की गति होने के कारण महिला का संतुलन बिगड़ा और वह फिसलकर प्लेटफोर्म पर गिरने लगी, इस दौरान घटना को देख तत्काल प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात रेल सुरक्षा बल के उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह एवं आरक्षक अनिल शर्मा ने तुरंत ही महिला का हाथ पकड़कर उसे प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया और एक गंभीर दुर्घटना होने से बचा लिया।

मैनेजर ने लगाया आपातकालीन ब्रेक

उसी समय, ट्रेन मेनेजर रोमेश चौबे ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे महिला की जान बचाना संभव हो सका। इसके बाद महिला को सुरक्षित रूप से कोच में चढ़ाया गया। वह तिरुच्चिराप्पल्लि जा रही थी।

सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत किया

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल मंडल द्वारा स्टेशन परिसरों और चलती गाड़ियों में सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इस घटना में शामिल आरपीएफ कर्मियों एवं ट्रेन मैनेजर की कार्यप्रणाली अत्यंत सराहनीय है ।

एमसीयू में हुई कार्यशाला में लव जिहाद जैसे संवेदनशील विषय पर की चर्चा

'लव जिहाद' से बचाव के लिए पाठशाला, छात्राओं को दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित विशेष कार्यशाला में सामाजिक जागरुकता को केंद्र में रखते हुए लव जिहाद जैसे संवेदनशील विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर बेटियों और उनके अभिभावकों को भावनात्मक शोषण, सामाजिक धोखाधड़ी और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति सचेत करना था।

इस पहल के तहत युवाओं को सामाजिक धोखाधड़ी और भावनात्मक शोषण जैसी स्थितियों से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी उपयोगी जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला आयोग की पूर्व सदस्य राजो मालवीय थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक समुदाय की ओर से प्रेम के नाम पर जिस तरह सनातन धर्म की बेटियों को नष्ट करने का अंतरराष्ट्रीय षड़यंत्र चल रहा है उसके प्रति जागरुक होना आवश्यक हो गया है।

लड़कियों को प्रलोभन देकर फंसाते हैं

मालवीय ने कहा कि अक्सर बेटियों को पढ़ने या रोजगार के लिए घर से दूर रहना पड़ता है, ऐसे में बहुत से लोग उन्हें एक शिकार समझकर उनके करीब आते है और उनकी जरूरतों को पूरा करने का प्रलोभन देते है। जिसके लिए उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से कीमत भी अदा किया जाता है। इस बात से अनभिज्ञ लड़कियां भावनात्मक रूप से कमजोर होने लगती है और मौका पाकर एक समुदाय विशेष के लड़के उनके जीवन के साथ ऐसा खेल खेलते हैं, जिसके बाद उन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिलता। राजो मालवीय ने ऐसे लड़कों द्वारा लड़कियों को गुमराह करने के कई तरीकों की भी जानकारी दी। इन सब षड़यंत्रों से बचने के लिए सरकार ने अनेक कानून बनाए हैं, लेकिन बचाव के लिए समाज और विशेष रूप से लड़कियों का जागरुक होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्विवद्यालय की छात्राओं को आगाह किया कि कभी भी उनके साथ ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न हो तो वे निःसंकोच होकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों से साझा करें। उन्होंने छात्राओं को एक हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध करवाया। कार्यक्रम में विवि कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी एवं रजिस्ट्रार प्रो. अविनाश वाजपेई उपस्थित थे। यह कार्यक्रम विवि के आंतरिक शिकायत समिति और महिला विकास प्रकोष्ठ व प्रज्ञा प्रवाह की ओर से आयोजित किया गया।

भेल कॉलेज में लव जिहाद: एक सामाजिक अभिशाप विषय पर संगोष्ठी

लव जिहाद से युवा महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए, कॉलेज स्तर पर मिलेगी सहायता

लव जिहाद सुनियोजित ढंग से हिन्दू वंश नष्ट करने का षडयंत्र है। युवा महिलाओं को इससे जागरूक रहना चाहिए। आवश्यक होने पर नारी शक्ति हेल्पलाइन नं 8982501419 का उपयोग करें। उक्त विचार गुरुवार को सेवा भारती की सुनीता सूर्यवंशी ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में जनभागीदारी समिति के तत्वावधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा लव जिहाद एक सामाजिक अभिशाप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। बताया कि आजकल स्कूल, कॉलेजों के पास दोपहिया वाहनों पर घूमने वाले, छात्राओं को महंगे मोबाइल गिफ्ट करने वालों, हिन्दू घरों में नौकरी करने वालों, वैवाहिक वेबसाइटों से संपर्क करने वाले, वेलेंटाइन डे पर उपहार भेजने वालों से छात्राओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

निःसंकोच सहयोग ले सकतीं हैं छात्राएं

प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि इस महाविद्यालय की कोई भी छात्रा या उसकी परिचित यदि इस परेशानी का सामना कर रही हों तो वे महाविद्यालय परिवार की किसी भी प्राध्यापकया में आई हेल्प यू डेस्क से निःसंकोच सहयोग ले सकतीं हैं। उनकी जानकारी गोपनीय रखते हुए यथोचित सहायता की जाएगी। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने सभी को जागरूक रहने की सलाह दी, जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता चौहान एवं आभार डॉ निर्मला शुक्ला ने व्यक्त किया।

विचारों को डिजाइनर कपड़ों पर ब्लॉक प्रिंटिंग के माध्यम से उकेरा, बुनाई कार्यशाला से शुरुआत

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में रचनात्मकता और सांस्कृतिक ऊर्जा से भरपूर रहा डिजाइन शिविर 3.0

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मप्र में चल रहा डिजाइन शिविर 3.0 के तीन दिन पूरे हो चुके हैं, जिनमें छात्रों ने विविध डिजाइन कार्यशालाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने रचनात्मक क्षितिज को और विस्तृत किया है। यह आयोजन विद्यार्थियों को पारंपरिक एवं समकालीन डिजाइन की विधाओं के माध्यम से सीखने, बनाने और जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। शिविर की शुरुआत बुनाई कार्यशाला से हुई। इस सत्र में छात्रों ने हाथ से बुनाई की तकनीकें, करघे का उपयोग, और पारंपरिक शिल्प की समकालीन व्याख्या के विषय में अनुभव प्राप्त किया। प्रिंट डिजाइन कार्यशाला में विद्यार्थियों ने ब्लॉक प्रिंटिंग के माध्यम से अपने विचारों को कपड़े की सतह पर उकेरा। उन्होंने डिजाइन की बारीकियों के साथ-साथ प्रिंट की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझा।

रचनात्मकता और रणनीतिक सोच से सजी गेम डिजाइन कार्यशाला

इसी क्रम में, गेम डिजाइन कार्यशाला ने रचनात्मकता और रणनीतिक सोच को नया आयाम दिया। मयंक शर्मा और वैभव पाठक ने इस कार्यशाला में गेम की अवधारणा, संरचना, और इंटरैक्टिविटी को समझाया। वहीं सांस्कृतिक संध्या ने इस रचनात्मक यात्रा को और जीवंत बना दिया। मंच पर प्रस्तुत हुई कविताएं, नृत्य और संगीत ने दर्शकों को भावविभोर किया। संध्या का समापन एक ऊर्जावान संगीत बैंड की प्रस्तुति से हुआ।

सोशल मीडिया से लेकर लाइफस्टाइल पेजेस पर छाया मेट गाला इवेंट का जादू

प्रदेश की जरी जरदोजी से सजी दिलजीत दोसांझ की ड्रेस जिस पर लिखा गुरुमुखी मंत्रः इक ओंकार-सतनाम...

फैशन डिजाइनर अनुभूति ब्योहार शर्मा ने बताई इंडियन सेलिब्रिटीज के डिजाइनर आउटफिट्स और एक्सपेंसिव एसेसरीज की खासियत

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

इन दिनों सोशल मीडिया से लेकर लाइफस्टाइल पेजेस पर मेट गाला छाया हुआ है, क्योंकि दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फैशन इवेंट मेट गाला में सेलिब्रिटीज द्वारा पहने गए डिजाइनर आउटफिट्स और एक्सपेंसिव एसेसरीज की चर्चा चारों ओर है। जिसमें जहां दिलजीत दोसांझ का महाराजा अवतार ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई हुई है तो वहीं शाहरुख खान और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का ब्लैक अवतार भी फैंस के बीच काफी चर्चा में है। ऐसे में हरिभूमि ने राजधानी की फैशन डिजाइनर अनुभूति ब्यौहार शर्मा से जाना आखिर क्या है मेट गाला इवेंट और इसमें भारतीय सेलिब्रिटीज की डिजाइनर ड्रेसेस व एक्सपेंसिव एसेसरीज की खासियत।

3डी- प्रिंटिंग से बना पीठ पर रीढ़ की हड्डी जैसी स्पाइन

मेट गाला में भाग लेने वाली भारतीय-अमेरिकी एंटरप्रेन्योर और हार्वर्ड ग्रेजुएट मोना पटेल के पहनावे में टेलरिंग व आधुनिक तकनीक का अद्वितीय मिश्रण दिखा जिसमें मोना के पहनावे की पीठ पर रीढ़ की हड्डी जैसी, स्पाइन का डिजाइन एलिमेंट बेहद खास लगा, जिसे 3डी- प्रिंटिंग द्वारा बनाया गया, ये हुबाबहु मानव स्पाइन जैसी ही लगा।

गोल्ड स्कल्पचर्ड कोर्सेट में कियारा का प्रेगनेंसी लुक भी रहा खास

ग्लोबल फैशन इवेंट मेट गाला में भाग लेने के लिए फैशन, सिनेमा, संगीत, कला, खेल, उद्योग, राजनीति जगत की मशहूर हस्तियां स्वयं फीस देकर अयोजन में शामिल होते हैं। इस वर्ष मेट गाला की थीत 'ब्लैक डैंडीज्मइस' थी। वैसे तो प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, सब्यसाची, नताशा पूनावाला, ईशा अंबानी जैसी हस्तियां पिछले कुछ सालों में इसमें शामिल होते ही रहे हैं तो वही इस बार दिलजीत दोसांझ मेट गाला में छा गए। वहीं गोल्ड स्कल्पचर्ड कोर्सेट में कियारा आडवानी ने भी मेट गाला में डेब्यू किया जिसमें डिजाइनर ड्रेस ने कियारा का बेबी बंप को हाईलाइट किया।

हीरे की घड़ी, चांद-सितारों का नेकलेस में शाहरुख की ग्रैंड एंट्री

मेट गाला में शाहरुख के लुक ने भी सबको चौंकाया, शाहरुख ने हीरे की घड़ी, चांद-सितारों का नेकलेस और टाइगर वाली छड़ी में ग्रैंड एंट्री ली तो देखने वाले देखते रह गए। शाहरुख खान के चार्म के आगे सब फीके नजर आए। एक्टर ने काले रंग का तस्मानियाई सुपरफाइन ऊन से बना फर्श तक लंबा कोट पहना था, जिस पर जापानी सींग के मोनोग्राम वाले बटन लगे थे। कोट हाथ से बनाया गया था, सिंगल-ब्रेस्टेड था, जिसमें चोटीदार कॉलर और चौड़े लैपल्स थे। शाहरुख खान ने इसे क्रेप डी चाइन सिल्क शर्ट और सुपरफाइन ऊनी ट्राउजर के साथ पहना था। प्लीटेड सैटिन कमरबंद ने उनके लुक को पूरा किया।

पगड़ी पर लगा पंख, भारत का राष्ट्रीय फूल और राष्ट्रीय पक्षी रहा आउट्फिट की शान

पंजाबी और बॉलीवुड सिंगर दिलजीत दोसांझ की मेट गाला 2025 के रेट कारपेट पर धमाकेदार एंट्री ने उनके फैंस का दिल जीत लिया। अपनी मूंछो पर तांव देते दिलजीत का रॉयल लुक लोगों की आंखों में बस गया। उनकी पगड़ी पर लगा पंख, जड़ाऊ कलगी, गले में ग्रीन कलर के रॉयल स्टोन से सजा कीमती हार था। इसके साथ ही दिलजीत के आउट्फिट पर गुरुमुखी मूल मंत्र 'इक ओंकार, सतनाम....' ने सिख गौरव की पहचान को बुलंद किया। फैशन डिजाइनर अनुभूति ने कहा कि दिलजीत की ड्रेस में जरी जरदोजी की महीन कढ़ाई वाली शेरवानी की बेल्ट पर बने मोटिफ डिजाइन में भारतीय सिम्बल कमल (भारत का राष्ट्रीय फूल) और मोर (भारत का राष्ट्रीय पक्षी) भारतीय सांस्कृतिक समृद्धि और राष्ट्रीय गौरव का प्रतिनिधित्व करती हैं। साथ ही हाथ में ली तलवार बहादुरी और न्याय की प्रतीक के रुप में लगी।

निफ्ट में संगोष्ठी का आयोजन...

केवल एक जन्म में जनजातीय कला एवं संस्कृति को समझ पाना संभव नहीं...

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में गुरुवार को 'जनजातीय कला के परिप्रेक्ष्य में डिजाइन' संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. वसंत निर्गुणे, सेवानिवृत्त सर्वेक्षण अधिकारी, मध्य प्रदेश ने कहा कि जनजातीय कला एवं संस्कृति इतनी विस्तृत है कि केवल एक जन्म में इसको समझ पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय किसी संस्थान या कॉलेज से ज्ञान न पाकर, जीवन से ही कला एवं ज्ञान को पाते हैं और जनजातीय मूल रूप से अलग रहने की अपनी अवधारणा के कारण अपनी उप-जाति को छोड़कर कभी एक दूसरे की नकल नहीं करते हैं।

सभी जनजातीय कला, भाषा, संस्कृति , गीत और संगीत एक-दूसरी जनजाति से भिन्न होती है और उनकी लिपि पुरातन युग की गुफा चित्र कला (जैसे कि विश्व धरोहर भीमबेटका) से प्राप्त होती है। इस कार्यक्रम में एक प्रदर्शनी, पैनल चर्चा और प्रश्न-उत्तर सत्र भी शामिल था।

जनजातीय कला को सस्टेनेबल रूप देकर कर सकते हैं संरक्षित

वहीं ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट ने कहा कि इस संगोष्ठी के सार के रूप में यह कहा जा सकता है कि जनजातीय कला को सस्टेनेबल रूप देकर संरक्षित किया जा सकता है, जिससे इसकी उपयुक्तता बनी रहे। जनजातीय कला प्रकृति से प्रेरित होती है और अधिकतम उपयोग टेक्सटाइल डिजाइन में देखा जाता है, इस कला को मध्यम आय वर्ग तक पहुंचाए जाने का प्रयास करना चाहिए जिससे कि इस कला के प्रति जागरुकता बढ़े और कलाकार को आजीविका के अवसर मिलते रहे।

वरिष्ठ चित्रकार अखिलेश करेंगे शुभारंभ

ध्रुपद संस्थान की राग आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

ध्रुपद संस्थान की राग आर्ट गैलरी द्वारा 9 से 13 मई तक 5 दिवसीय चित्रकला एवं शिल्प कला की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। ध्रुपद गायक पद्मश्री पं उमाकांत गुंदेचा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 9 मई की शाम 6 बजे वरिष्ठ चित्रकार अखिलेश करेंगे। प्रदर्शनी में उत्तराखंड की साक्षी चामोली, नई दिल्ली की यशस्वीनी भटनागर, लखनऊ की दीपा मौर्य, प्राजंलि गुप्ता, सुचिता सिंह एवं प्रेम शंकर प्रसाद, झारखंड के रोशन मिश्रा एवं भोपाल के कैथरीन डेविड, मीता जौहर दत्ता, हेमलता गुप्ता, अनिल पंडित, शिवेंद्र तुमराम, साधना शुक्ला, हुमा खान, तृप्ति पोरवाल, निशा जौहरी, मसीराह असलम, शौर्य श्रीवास्तव, नितेश पांचाल, प्रीति दास, सेम वरगिस एवं महेश पाल गोबरा के काम प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण होंगे। प्रदर्शनी दर्शकों के लिए हर दिन शाम 4 से 8 बजे तक खुली रहेगी।

धीरे-धीरे सुलगती है विचारों की आंच, सुगबुगाते हैं प्रश्न दिमाग की देगची में.... यादगार बनी प्रस्तुति

मन को शरीर के साथ जोड़ने की अद्भुत शैली है समकालीन नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

ब्लेस वेलफेयर सोसायटी द्वारा 21 दिवसीय प्रोडक्शन बेस्ड समकालीन नृत्य नाट्य कार्यशाला में कंटेम्पररी डांस एक्सपर्ट योगेन्द्र सिंह राजपूत ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इंडियन क्लासिकल नृत्यों के पास अपनी लिपिबद्ध व्याकरण है।

जो किसी कथा, कहानी, कविताओं को प्रतीकात्मक मुद्राओं के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं।

लेकिन समकालीन नृत्य में इसकी स्वतंत्रता है। इसलिए यह नृत्य किसी नर्तक कल्पनाओं का महासागर है। जिसे इम्प्रोवाइजेशन के माध्यम से साकार करता है और द्रव्य नृत्य के द्वारा मन और शरीर को जोड़ने का प्रयास करता है। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने शरीर के एक अंग को दूसरे अंग के साथ कनेक्शन का डांस तकनीकि के द्वारा अभ्यास किया साथ ही संतोष चौबे की पंक्तियां धीरे-धीरे सुलगती है विचारों की आंच, सुगबुगाते है प्रश्न दिमाग की देगची में और अचानक जैसे उछले देगची का ढक्कन निकलती है कविता एक निश्चय के रूप में.... पंक्तियों को इम्प्रोवाइजेशन द्वारा जीवंत करने का प्रयास किया।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांफ्रेंस कल से

10-11 को विशेषज्ञ करेंगे वेसकुलर इवेंट और ब्लीडिंग पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

10वीं वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांफ्रेंस 'वैसोकॉन 2025' का आयोजन 10 और 11 मई को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में किया जा रहा है। दो दिवसीय वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांफ्रेंस में देशभर से वरिष्ठ डॉक्टर, शोधकर्ता और विशेषज्ञ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और लिवर से जुड़ी जटिल वेसकुलर स्थितियों पर चर्चा करेंगे। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांफ्रेंस 'वैसोकॉन 2025' के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि चिकित्सा पद्धति में संक्रमण और कैंसर के साथ-साथ ब्लीडिंग और थ्रोम्बोसिस मानव जीवन के लिए अत्यंत गंभीर और घातक परिस्थितियां बन चुकी हैं। यह कांफ्रेंस विशेष रूप से जीआई ट्रैक और लिवर से जुड़ी संवहनी समस्याओं पर केंद्रित है। कांफ्रेंस में व्याख्यान, पैनल चर्चा, संगोष्ठी, वाद-विवाद, केस स्टडीज और वीडियो वर्कशॉप के माध्यम से प्रतिभागियों को उपयोगी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

भोपाल

टेक्निकल, प्रोफेशनल कोर्सेस में प्रवेश शुरू, कौशल सीखकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें: मंत्री परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयार विस्तृत मार्गदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं भी दी जाती हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने विभिन्न कोर्सेस में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयार मार्गदर्शिका का किया विमोचन

टेक्निकल और प्रोफेशनल कोर्सेस में एडमिशन प्रोसेस शुरू

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यार्थियों की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें कार्सेस की जानकारी, पात्रता एवं प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया उपलब्ध है। मंत्री परमार ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें कौशल आधारित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए आमंत्रित किया है।

बैरागढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों का विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया निरीक्षण

अब 10 लेन होगा आसाराम चौराहे से एयरपोर्ट रोड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी के गांधीनगर स्थित आशाराम चौराहे से एयरपोर्ट रोड 10 लेन होगा। गुरुवार को विधायक रामेश्वर शर्मा निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या बायपास से गांधीनगर आशाराम चौराहे तक आठ लेन बन रहा है, लेकिन एयरपोर्ट का मुख्य मार्ग होने की वजह से 10 लेन किए जाने की मांग केंद्रीय मंत्री से की थी। इसके बाद एनएचएआई इसे 10 लेन बनाएगा। विधायक शर्मा ने बैरागढ़ में 305 करोड़ से 3.5 किलोमीटर बन रहे एलिवेटेड ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से इसके पियर्स इसी अगस्त तक बनाने को कहा।

हलालपुरा बस स्टैंड तक बढ़ सकता है एलिवेटेड ब्रिज

कमलनाथ ने रुकवाया था काम : निरीक्षण करने लालघाटी पहुंचे विधायक ने कहा कि लालघाटी पर बने ग्रेड सेपरेटर के दूसरा हिस्सा जिसे तत्कालीन सीएम कमलनाथ द्वारा रुकवा दिया गया था।

सीवेज लाइन करें शिफ्ट : विधायक ने संतनगर बस स्टैंड से सिविल अस्पताल के आगे तक सीवेज लाइन जल्द से जल्द शिफ्ट करने के निर्देश संबंधितों को दिए।

रेलवे अधिकारियों पर भड़के विधायक

संत हिरदाराम नगर के फाटक रोड पर बने रहे आरओबी निर्माण का अवलोकन करने पहुंचे विधायक शर्मा रेलवे के अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग पिछले कई महीने से अपना काम पूरा करके बैठा है। आप अपने हिस्से का काम पूरा करने की एक नई तारीख दे देते हैं। ये गलत है।

अपने पहले ही सीजन में चमके ये आठ खिलाड़ी, इनमें से दो की उम्र 18 से भी कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में अब तक 54 मैच खेले जा चुके हैं। धीरे-धीरे यह लीग अपने अंजाम तक पहुंचने जा रही है। इस सीजन कई ऐसे खिलाड़ी मिले, जिन्होंने अपने पहली ही सीजन में मिले मौके को पूरी तरह भुनाया। इनमें से कुछ ने शतक लगाकर तहलका मचा दिया। वहीं, कुछ ने गेंदबाजी में अपनी धाक जमाई। इस लिस्ट में आठ खिलाड़ी हैं, जिनमें से चार बल्लेबाज और तीन गेंदबाज हैं, एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है। लिस्ट में दो की उम्र 18 साल से भी कम है, जबकि दो की उम्र 25 साल है और बाकी की उम्र 18 से 25 साल के बीच में है। हालांकि, कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर बेंच पर बैठा दिए गए। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं...

प्रियांश आर्या

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी धाक जमाने के बाद इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने काफी उम्मीदों के साथ खरीदा। प्रियांश पंजाब की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बल्लेबाजी ने अब तक इस लीग में 11 पारियों में 347 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश ने एक ओवर में लगातार छह गेंद पर छह छक्के जड़े थे।

आयुष म्हात्रे

इस 17 साल के युवा बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है। आयुष को नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। बीच सीजन में वह रिप्लेसमेंट के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से जुड़े और अपनी हिटिंग पावर से उन्होंने लोगों को दीवाना बना दिया है। आयुष ने अब तक लीग में चार पारियों में 163 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 94 रन की पारी में जो शॉट्स लगाए वह देखने लायक थे।

अनिकेत वर्मा

सिर्फ 23 साल के इस युवा बल्लेबाज अनिकेत शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद ने मध्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 24.12 की औसत और 144.11 के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ 74 रन की पारी उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन इस साल बेहद खराब रहा।

वैभव सूर्यवंशी

केवल 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने नीलामी में बिकते ही नाम कमा लिया था। उन्हें राजस्थान ने 1.1 करोड़ रुपये के भारी भरकम राशि में खरीदा था। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक जड़कर अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई थी। इस बल्लेबाज ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत ही छक्का लगाकर की थी। वैभव ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 155 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

दिग्वेश राठी

इस 25 साल के स्पिनर दिग्वेश राठी ने कमाल की गेंदबाजी की है। अपनी मिस्ट्री गेंदों की वजह से यह गेंदबाज पावरप्ले, मध्य के ओवरों या फिर डेथ ओवरों में भी घातक साबित हुआ है। दिग्वेश ने अब तक इस सीजन 11 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। 30 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है।

विपराज निगम

दिल्ली कैपिटल्स के लिए विपराज एक बेहद शानदार ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। 20 साल के विपराज ने अब तक इस सीजन 10 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.48 का रहा है। 18 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। उन्होंने छह पारियों में बल्लेबाजी की है और 104 रन बनाए हैं। विपराज यूपी से हैं और उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में भी उन्होंने कमाल किया था।

अश्विनी कुमार

मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने अपने डेब्यू मैच में ही तहलका मचा दिया था। डेब्यू मैच पर 23 साल के अश्विनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। हालांकि, उनके लिए अगले दो मैच उम्मीद के मुताबिक नहीं गए और एक-एक विकेट लिए। साथ ही बुमराह की वापसी की वजह से अश्विनी को बेंच पर बैठना पड़ा।

विग्नेश पुथुर

अश्विनी की तरह पुथुर भी बस एक-दो मैच में चले। हालांकि, अपने डेब्यू पर इस बाएं हाथ के स्पिनर ने पांच मैच खेले और छह विकेट लिए। 32 रन देकर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा। हालांकि, पांच मैच के बाद उन्हें मौका नहीं मिला और वह चोटिल होकर इस सीजन से बाहर हो चुके हैं।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	11	8	3	16
बेंगलुरु	11	8	3	16
पंजाब	11	7	3	15
मुंबई	12	7	5	14
दिल्ली	11	6	4	13
कोलकाता	12	5	6	11
लखनऊ	11	5	6	10
हैदराबाद	11	3	7	7
राजस्थान	12	3	9	6
चेन्नई	12	3	9	6

ऑरेंज कैप

सूर्य कुमार
510 रन
मुंबई

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
20 विकेट
गुजरात

खबर संक्षेप

खेलो इंडिया युवा खेलों में ई स्पोर्ट्स का पदार्पण

पटना। ई स्पोर्ट्स ने खेलो इंडिया युवा खेलों में नुमाइशी खेल के रूप में पदार्पण किया और मेजबान बिहार ने विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष तीन में जगह बनाई। इस नुमाइशी खेल में आठ राज्यों ने भाग लिया जिसमें बीजीएमआई, शतरंज, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई फुटबॉल की स्पर्धायें हुई। सभी वर्गों में बीजीएमआई भारत में सबसे लोकप्रिय ई खेल है। हर प्रदेश की 16 टीमों ने इसमें भाग लिया। बिहार की ए और बी टीम पहले और तीसरे स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु ए टीम दूसरे स्थान पर रही।

उजबेकिस्तान से दो दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम मई जून के विंडो में उजबेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उजबेकिस्तान के खिलाफ दो मैच 30 मई और तीन जून को बेंगलुरू के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र पर खेल जायेंगे। क्रिस्पिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही है जिसके लिये शिविर बेंगलुरू में एक मई से शुरू हुआ। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे मंगोलिनया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और थाईलैंड (पांच जुलाई) के साथ रखा गया है।

वरुण पर लगा जुर्माना कटा एक अंक

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बुधवार को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना और एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, चक्रवर्ती ने आईपीएल नियम के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है। यह अनुच्छेद ऐसी भाषा, व्यवहार या हाव-भाव से संबंधित है, जो किसी खिलाड़ी को भड़काने या अपमानित करने का कारण बन सकता है।

मैच आज 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा

लखनऊ और आरसीबी के बीच भिड़ंत आज, दोनों टीमों के सामने बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आज शुक्रवार 9 मई को होगा। लखनऊ ने अपने 11 में से 5 मैच जीते हुए हैं। उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ये मुकाबला हर हाल में जीतना होगा।

अपने 11 में से 8 मैच जीत चुकी आरसीबी के लिए भी यह मुकाबला काफी अहम है। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 5 मैच जीते हैं। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी को 8 मैच में जीत मिली है। प्लेऑफ की दौड़ को देखते हुए एक रोमांचक मैच होने की उम्मीद है। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।

बराबरी का रहा है मुकाबला

रायल चेलैंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ जायंट्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 5 मुकाबले खेले गए हैं। 3 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच लखनऊ ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2024 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को एलएसजी ने 28 रन से अपने नाम किया था। आईपीएल 2023 में दोनों टीमों ने 1-1 मैच अपने नाम किया था।

इकाना में दोनों टीमों के आंकड़े

इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने अब तक 19 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 9 मैच में उन्हें जीत और 9 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। इस मैदान पर लखनऊ का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 203 रन रहा है। आरसीबी ने इस मैदान पर सिर्फ 1 मुकाबला खेला है। उस मुकाबले में टीम को जीत मिली थी। ऐसे में एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर पहली बार आरसीबी को हराना चाहेगी।

कैसा है पिच का मिजाज?

इस स्टेडियम की पिच का निर्माण काली मिट्टी से किया गया है। इस पर स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। इस सीजन में अब तक यहां 4 मैच हुए हैं, जिसमें केवल 1 पारी में टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार किया है। यहां शुरुआत में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है, लेकिन समय निकलने के साथ-साथ स्पिनर्स हावी होने लगते हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 168 रन है।

कैसा रहेगा मौसम?

एक्यूवेदर के मुताबिक, 9 मई को लखनऊ में तेज गर्मी रहने वाली है। दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। शुक्रवार को बारिश की संभावना 10 प्रतिशत है।

राजस्थान रॉयल्स को झटका

राणा-संदीप हुए चोटिल, इनकी जगह खेलेंगे लुआन और बर्गर

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा नहीं जा रहा है। पहले बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए, अब तेज गेंदबाज संदीप शर्मा भी बचे हुए मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है। संदीप उंगली में लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। राणा की जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में जगह दी गई है।

बर्गर के आंकड़ों पर एक नजर

बर्गर ने 69 टी-20 मुकाबलों की 67 पारियों में 23.44 की औसत से 77 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी 7.73 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/11 का है। आईपीएल में इस खिलाड़ी ने 6 मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 20.71 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/29 का रहा है। आईपीएल 2024 में यह खिलाड़ी आरआर की टीम का ही हिस्सा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए बर्गर ने 2 टी-20 मुकाबले खेले हैं।

नितीश राणा की जगह खेलेंगे लुआन

राजस्थान रॉयल्स टीम के प्रमुख बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में मौका मिला है। उन्हें आरआर की टीम ने 30 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस संस्करण आरआर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उसे 12 में से 9 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

अहमदाबाद में होगा पंजाब-मुंबई का मुकाबला

नई दिल्ली। भारत की ओर से बुधवार तड़के पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब इंडियन प्रीमियर लीग पर भी पड़ गया है। इस ऑपरेशन के बाद सरकार ने चंडीगढ़ सहित कई हवाई अड्डों को बंद कर दिया है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 11 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल ने बताया कि 11 मई को मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स के बीच होने वाला आईपीएल मुकाबला धर्मशाला से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है।

क्रिकेट

रोहित का फैसला निजी, बोर्ड की कोई भूमिका नहीं :शुक्ला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक निजी फैसला है। बीसीसीआई ने उन पर ऐसा करने के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। रोहित ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बुधवार को संन्यास की घोषणा की। शुक्ला ने कहा जहां तक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का सवाल है तो रोहित ने अपना फैसला खुद किया है। उन्होंने कहा, ''हमारी नीति है कि जो खिलाड़ी संन्यास का फैसला लेते हैं, हम उन पर कोई दबाव नहीं डालते और हम उन्हें कुछ सुझाव भी नहीं देते हैं, हम कुछ नहीं कहते हैं।

क्रिकेट में रोहित का काफी योगदान

शुक्ला ने कहा कि पांच दिवसीय क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा है। हम उनकी जितनी प्रशंसा करें, उतनी कम है। वह एक महान बल्लेबाज हैं। अच्छी बात यह है कि उन्होंने अभी तक क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला नहीं किया है (क्योंकि वह अब सिर्फ वनडे खेलेंगे)। इसलिए हम निश्चित रूप से उनके अनुभव और प्रतिभा का फायदा उठाएंगे।

टेस्ट कप्तानी के दावेदारों में इनका नाम

रोहित के कप्तानी का पद छोड़ने के बाद, यह देखना बाकी है कि भारत की टेस्ट कप्तानी किसे सौंपी जाती है। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और शुभमन गिल दावेदारों में शामिल हैं। कप्तानी के लिए संभावित खिलाड़ियों के नाम के बारे में पूछने पर शुक्ला ने कहा कि यह पूरी तरह से चयन समिति का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''किसी तरह की अटकलें नहीं होनी चाहिए। चयनकर्ता तय करेंगे और आपको बताएंगे कि कप्तान कौन है।

रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से मैं हैरान हूं : रहाणे

कोलकाता। रोहित शर्मा के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने मुंबई और भारतीय टीम के उनके साथी अजिंक्य रहाणे को भी चौंका दिया। रोहित ने जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की तब रहाणे कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेल रहे थे। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नाइट राइडर्स के कप्तान ने ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स से दो विकेट की हार के बाद मीडिया से कहा, ''ओह, क्या ऐसा है? मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे (संन्यास के बारे में) नहीं पता था।'' उन्होंने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। मुझे नहीं पता था कि उन्होंने टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है। लेकिन मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने वास्तव में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में अपने खेल में काफी सुधार किया था।

चैंपियंस लीग के फाइनल में पीएसजी और इंटर मिलान में भिड़ंत

पेरिस। पेरिस सेंट-जर्मेन ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना इंटर मिलान से होगा। सेमीफाइनल के पहले चरण में 1–0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।

ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

आयुष ने श्रीकांत को हराया उन्नति भी अगले दौर में

एजेंसी ▶▶| ताइपे

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष और महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 वर्ष के आयुष ने दूसरे दौर में अनुभवी किदाम्बी श्रीकांत को 21-16 15-21 21-17 से मात दी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत फिलहाल विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर हैं।

आयुष का सामना अब ब्रायन यांग से

पिछले दौर में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता ली चिया हाओ को हराने वाले आयुष का सामना अब कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग से होगा। इससे पहले 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबुधाबी मास्टर्स चैम्पियन उन्नति ने चीनी ताइपे की लिन सिह युन को 21-12 21-7 से हराया। अब वह स्थानीय खिलाड़ी हुंग यि तिंग से खेलेंगी। राष्ट्रीय खेल 2023 स्वर्ण पदक विजेता थारून मन्नेपल्ली को इंडोनेशिया के मोह जाकी उबेदिल्लाह ने दूसरे दौर में 21-13, 21-9 से हराया।

युवा खिलाड़ियों ने की खूब मेहनत, परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं : हसी

कोलकाता। आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने युवा खिलाड़ियों आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य अब भविष्य के लिए टीम तैयार करना है। पांच बार के चैंपियन चेन्नई के लिए आईपीएल का मौजूदा सत्र अच्छा नहीं रहा है। उसने बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स पर दो विकेट की जीत के साथ 12 मैचों में केवल तीसरी जीत हासिल की। हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा टीम से जुड़े सभी लोग वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जाहिर तौर पर परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते थे।

ऑपरेशन सिंदूर: रावलपिंडी स्टेडियम के पास ड्रोन हमला

पाक में दहशत, रावलपिंडी में होने वाला पीएसएल मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के बीच गुरुवार को होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग मैच को बाद में कराने का फैसला किया। इस मैच की तारीख की घोषणा आगे की जाएगी। रावलपिंडी स्टेडियम में आयोजित की जा रही टी20 लीग अपने अंतिम चरण में है जिसमें छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं।

क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा पीसीबी ने सभी हितधारकों के परामर्श से आज रात पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच होने वाले पीएसएल मैच को किसी अन्य तारीख में करने का फैसला किया है। पीसीबी संशोधित तिथि की घोषणा उचित समय पर करेगा।

पीएसएल छोड़ने पर विचार कर रहे विदेशी खिलाड़ी

नई दिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे विदेशी खिलाड़ी वापस अपने देश लौटने पर विचार कर रहे हैं। इसकी वजह भारतीय सेना द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी की गई। इसके अलावा रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम के पास भी ड्रोन हमला किया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीएसएल के अब सभी मुकाबले कराची में खेले जाएंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट टीम का पाकिस्तान दौरा अधर में लटका

नई दिल्ली। भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ बीते बुधवार तड़के चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब क्रिकेट में भी देखने को मिल रहा है। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट टीम को इस महीने के अंत में पाकिस्तान का दौरा करना था, जो अब अधर में लटक गया है। वहीं, ऐसी खबर है कि भारतीय टीम के अगस्त में होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

बांग्लादेश के पकिस्तान के दौरे पर संकट

बांग्लादेश का पाकिस्तान जाना इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले कुछ दिनों में पाकिस्तान में हालात कैसे रहते हैं। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने बुधवार को कहा कि वे बांग्लादेश दौरे पर अंतिम फैसला लेने से पहले 10 मई तक इंतजार करेंगे।

मध्य प्रदेश 18 पदकों के साथ मेडल तालिका में चौथे स्थान पर

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 बिहार

मप्र की झोली में आए एक स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य पदक सहित 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने गुरुवार को भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल 4 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं। अब तक प्रदेश के खिलाड़ी कुल 18 पदक (9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य) अर्जित कर चुके हैं, जिससे मध्यप्रदेश ने मैडल तालिका में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। इनमें मलखंभ (पोल मलखंब - व्यक्तिगत बालिका वर्ग) में भोपाल की सिद्धि गुप्ता ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। वहीं गतका (सोट्टी - व्यक्तिगत बालिका वर्ग) अर्शप्रीत कौर ने जबरदस्त संघर्ष करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही शूटिंग (25 मीटर पिस्टल रैपिड फायर - व्यक्तिगत बालक वर्ग) में सूरज शर्मा ने रजत पदक, जबकि साहिल चौधरी ने कांस्य पदक जीता, जिससे शूटिंग में मध्यप्रदेश का दबदबा बना रहा।

आज के अन्य परिणाम

बालिका हॉकी में आज मध्य प्रदेश और हरियाणा का मैच खेला जा रहा है, अंतिम क्वाटर तक दोनों टीमें 1-1 से बराबर थी। उल्लेखनीय है मध्य प्रदेश की टीम ने कल अपने लीगुर मुकाबले में पंजाब की टीम को 4-0 से हराया। मलखंभ खिलाडियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

इसके साथ ही मलखंभ में कुल 9 स्वर्ण पदक दांव पर थे, मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने 9 में 7 स्वर्ण अपने नाम किये, प्रतियोगिता में 2 रजत और 1 कंस्य पदक भी मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने आर्जित किया। प्रतियोगिता में कुल 10 पदक मध्य प्रदेश ने जीते। मध्य प्रदेश बालक और बालिका दोनों वर्गों में चैंपियन बना, मध्य प्रदेश के देवेन्द्र पाटीदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण और 1 रजत सहित कुल 5 पदक आर्जित किये, बालिका वर्ग में सिद्धि गुप्ता ने 3 स्वर्ण पदक आर्जित किए, जो एक रिकॉर्ड है। आज मलखंभ की प्रतियोगिताएं समाप्त हो गई हैं।

खेल मंत्री और संचालक ने दी शुभकामनाएं

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने मैदान में अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का परिचय देते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। हम सभी को इन पर गर्व है। संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और

आज के मुकाबले

शूटिंग – पिस्तौल 25 मी. व्यक्तिगत बालिका वर्ग (आंचल सिंह)

शूटिंग – राइफल 10 मी. एयर राइफल मिश्रित टीम (श्रीवल्ली श्रीवास्तव, यश पाण्डेय)

शूटिंग – शॉटगन स्कीट व्यक्तिगत बालक वर्ग (नवनीत सिंह भदोरिया, मोहम्मद अरहम अली, उदयमान सिंह राठौर)

शूटिंग – शॉटगन स्कीट व्यक्तिगत बालिका वर्ग

मप्र मिनी एंड सब जूनियर स्टेट बैडमिंटन

डे बोर्डिंग भोपाल के खिलाड़ी विकास ने तीन और कृतिका ने जीते दो खिताब

भोपाल। मध्य प्रदेश मिनी एंड सब जूनियर स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट 2 से 7 मई तक मंदसौर में खेला गया । टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के कई जिलों से 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अंडर 11, अंडर 13 और अंडर 15 मे बालक बालिका वर्ग में मुकाबले खेले गए। मध्य प्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग, बैडमिंटन डे बोर्डिंग योजना भोपाल के 10 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बैडमिंटन डे बोर्डिंग भोपाल के खिलाडी स्वर्णिम विकास पाण्डेय ने राज्य स्तरीय मिनी और सब जूनियर प्रतियोगिता में 3 ख़िताब और कृतिका पाठक ने 2 ख़िताब अपने नाम किए, 12 साल के स्वर्णिम ने अंडर 15 का ख़िताब भी जीता।

- 12 साल के स्वर्णिम ने अंडर 15 का ख़िताब भी जीता

प्रथम स्व. जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज स्मृति टूर्नामेंट

आरसीसी ने सिली पॉइंट को 93 रन के विशाल अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी के भेल स्थित जवाहर लाल नेहरु स्कूल के मैदान पर शुरू हुई स्व. जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर 15 बॉयज टूर्नामेंट के पहले दिन प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीसीए अध्यक्ष और पूर्व विधायक मध्य विधानसभा क्षेत्र ध्रुव नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर उनके साथ अपर महाप्रबंधक भेल नगर प्रशासक टीयू सिंह और बीडीसीए सचिव शांति जैन समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में पहले दिन आरसीसी और सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया , जिसमें सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। आरसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.2 ओवर में 176 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी की टीम 24.4 ओवर में 83 रन पर ही सिमट गई और मैच हार गई।

सचिन तेंदुलकर हाउस ने विराट कोहली हाउस को हराया

मयंक चतुर्वेदी अकादमी का इंटर हाउस टूर्नामेंट शुरू

भोपाल। स्थानीय ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर मयंक चतुर्वेदी इंटर हाउस प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अकादमी के संरक्षक एवं पूर्व संयुक्त सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ मोहन चतुर्वेदी, युवा अधिवक्ता राहुल मीना उपं वरिष्ठ क्रिकेटर दीपक बाजपेयी ने किया। पहले दिन गुरुवार को पहला मैच विराट कोहली हाउस व सचिन तेंदुलकर हाउस के बीच खेला गया, जिसमें तेंदुलकर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 126/6 रन बनाए। जवाबी पारी में कोहली हाउस की टीम 122/8 ही बना सकी। इस प्रकार सचिन तेंदुलकर हाउस ने मैच 4 रनों से जीत लिया।

अंडर-12 में युवराज सिंह हाउस ने जीता मैच

वहीं, दिन का दूसरा मैच मिनी ग्रुप (अंडर-12) का युवराज सिंह हाउस एवं सचिन तेंदुलकर हाउस के बीच खेला गया। युवराज सिंह हाउस ने टास जीतकर फ़ील्डिंग का फ़ैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन तेंदुलकर हाउस की टीम ने 8 विकेट पर 81 रन बनाए। जवाब में युवराज सिंह हाउस की टीम ने 9 विकेट पर 85 रन बनाए और मैच को एक विकेट से जीत लिया।

वर्ल्ड मास्टर्स चैंपियनशिप खेलेंगे दीक्षित, आज जाएंगे फ्लोरिडा

भोपाल। राजधाानी के ओपी दीक्षित टेनिस प्लेयर का चयन अमेरिका के फ्लोरिडा के पाम बीच गार्डन में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप के लिए 65+ वर्ग में हुआ है। वे 11 मई से 24 मई तक आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज अरेरा क्लब भोपाल के सभी खिलाड़ियों से मुलाकात करने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे और 9 तारीख की सुबह वे दिल्ली से फ्लोरिडा, अमेरिका के लिए रवाना होंगे। 65+ वर्ग में भारत के 4 खिलाड़ी शामिल होंगे।

कार ड्राईवर की आवश्यकता है

भोपाल में मीडिया समूह में 2 (दो) कार ड्राईवरों की आवश्यकता है। अपने ड्राईविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें।

पता : हरिभूमि कार्यालय, बी-ब्लॉक, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)

मो. नं. 9303508298

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

Shine 100

शुभारंभ ऑफ़र

इंस्टेंट कैशबैक ₹5100#
डाउनपेमेंट ₹4999*
₹0* प्रोसेसिंग फी डॉक्यूमेंटेशन चार्जेज़ एडवांस EMI

एफिशिएंट Honda वर्टिकल इंजन

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

#*स्कीम 31st May 2025 तक मान्य

Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. #The Instant Cashback offer is only applicable in following states – Bihar, Jharkhand, Gujarat, Tamil Nadu, Haryana, Punjab, Chandigarh, Rajasthan, Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Uttarakhand, Chhattisgarh, Puducherrry, Dadra & Nagar Haveli, Daman & Diu and Andaman & Nicobar. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT: Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Chatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930